भोपाल
रविवार, 23 जून 2024
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-1/2
वर्ष : 11, अंक : 90
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 34
न्यून. 25

haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

राज्यपाल बोले-सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता

## अमरनाथ यात्रा की प्रथम पूजा से औपचारिक 'शुरुआत' हुई



जम्मू। अमरनाथ गुफा में शनिवार को प्रथम पूजा की गई। एक सप्ताह में शुरू होने जा रही अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शनिवार को कहा कि तीर्थयात्रा को सफल बनाने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के साथ ही सुविधाओं में भी सुधार किया गया है। दक्षिण कश्मीर में 3,880 मीटर ▶▶ शेष पेज 6 पर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि रेल मंत्री वैष्णव ने दी सहमति

# इंदौर व उज्जैन के बीच शुरू होगा मेट्रो ट्रेन संचालन पुरानी मेट्रो के स्थान पर वंदे मेट्रो सर्किल ट्रेन चलेगी

प्रदेश के बड़े नगरों के लिए जनप्रतिनिधियों की सहमति से लागू होंगे ट्रैफिक प्लान

*भोपाल में एम्स से करोंद चौराहे तक कुल 16.74 किमी की लंबाई में मेट्रो की लाइन तैयार करने का कार्य तीन चरणों में पूरा होगा। प्रथम चरण सात किमी का है, जिसमें 8 स्टेशन (एलिवेटेड) शामिल हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के बड़े नगरों के लिए नए ट्रैफिक प्लान की जरूरत को देखते हुए सरकार महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रही है। इसमें सबसे महत्वपूर्ण इंदौर व उज्जैन के बीच मेट्रो ट्रेन के संचालन का निर्णय शामिल है। यह सिंहस्थ 2028 में श्रद्धालुओं के आवाजाही की सुविधा की दृष्टि से भी उपयोगी होगा। आने वाले समय में इंदौर एयरपोर्ट से महाकाल मंदिर तक वंदे मेट्रो की सुविधा प्रदेशवासियों और देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं के लिए एक अहम सौगात होगी। इसके साथ ही विभिन्न शहरों के लिए वंदे मेट्रो चलाने पर भी सहमति हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह बात शनिवार को मुख्यमंत्री निवास ▶▶ शेष पेज 6 पर



### इंदौर-उज्जैन के बीच मेट्रो चलाने का फिजिबिलिटी सर्वे कराया गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदौर-उज्जैन के बीच मेट्रो चलाने से संबंधित फिजिबिलिटी सर्वे की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इंदौर मेट्रो की प्रगति पर भी बताया गया कि कुल 31.32 किमी में कार्य हो रहा है। इंदौर में कुल 28 स्टेशन बनेंगे। विभिन्न शहर परस्पर बेहतर ढंग से इससे जुड़ सकेंगे। भोपाल में एम्स से करोंद चौराहे तक कुल 16.74 किमी की लंबाई में मेट्रो की लाइन तैयार करने का कार्य तीन चरणों में पूरा होगा। प्रथम चरण सात किमी का है, जिसमें 8 स्टेशन (एलिवेटेड) शामिल हैं।

### मेट्रो ट्रेन की स्पीड से अधिक स्पीड से चलेंगी वंदे मेट्रो

*यादव ने कहा कि रेल मंत्री से मेट्रो ट्रेन की स्पीड से अधिक स्पीड से चलने वाली वंदे मेट्रो के संचालन, अत्याधुनिक तकनीक के प्रयोग और पीथमपुर-देवास जैसे औद्योगिक क्षेत्रों को लाभान्वित करने के संबंध में भी चर्चा हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में कुछ नगरों में उपलब्ध नैरो-गेज एवं अन्य रेल लाइन का उपयोग करने के संबंध में कहा कि इसका सर्वे एवं अध्ययन पूर्ण किया जाए ताकि वर्तमान में उपयोग में नहीं आ रहे रेल ट्रेक का उपयोग किया जा सके।*

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### टेनिस स्टार सुमित पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई



**नई दिल्ली।** भारत के टॉप मेंस टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने पेरिस ओलंपिक के लिए सफलतापूर्वक क्वालीफाई कर लिया है। हरियाणा के जैतपुर में जन्मे 26 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने एक्स हैंडल पर इस खबर की पुष्टि की। सुमित ने भारतीय खेल प्राधिकरण और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम को धन्यवाद दिया।

### 8वीं मंजिल से गिरी छात्रा की मौत



**ग्वालियर।** गोला का मंदिर द लिगेसी अपार्टमेंट की 8वीं मंजिल से केन्द्रीय विद्यालय की एक छात्रा की गिरने से मौत हो गई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि छात्रा घर से दशहरा मैदान सहेली से मिलने की कहकर निकली थी, लेकिन अपार्टमेंट में पहुंच गई।


### तालिबानी सजा देने वाला सरपंच गिरफ्तार



**धार।** जिले में शुक्रवार को मानवता को शर्मसार करता वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें कुछ युवक एक युवती को पकड़े हुए हैं वहीं एक अन्य आरोपी युवक बहरहमी से बर्बरता पूर्वक लट्ठ से महिला से मारपीट करता नजर आ रहा है। वायरल वीडियो को लेकर धार पुलिस ने घटना के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

शिक्षा मंत्रालय का ऐलान : 6 सदस्यीय कमेटी का नेतृत्व करेंगे पूर्व इसरो प्रमुख के राधाकृष्णन

# परीक्षा प्रक्रिया सुधार के लिए केंद्र ने बनाई कमेटी, 2 महीने में देगी रिपोर्ट



नीट पेपर लीक मामले में आरोपी सिकंदर यादवेंदु के नए दावे के बाद जांच एजेंसियां संजीव मुखिया की तलाश में जुटी

के. राधाकृष्णन

सात सदस्यीय कमेटी परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की संरचना और कार्यप्रणाली पर सिफारिशें करेगी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पूर्व इसरो प्रमुख के. राधाकृष्णन परीक्षा प्रक्रिया में सुधार पर सात सदस्यीय पैनल का नेतृत्व करेंगे। इस बात की घोषणा शिक्षा मंत्रालय ने की है। केंद्र सरकार ने कहा है कि पैनल अपनी जांच की रिपोर्ट दो महीने के भीतर पेश करेगा। यूजीसी नेट को रद्द करने और नीट यूजी 2024 के कथित पेपर लीक को लेकर आलोचनाओं का सामना कर रहे शिक्षा मंत्रालय ने शनिवार को परीक्षाओं का पारदर्शी, सुचारू और निष्पक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता ▶▶ शेष पेज 6 पर

केंद्र सरकार ने पेपर लीक को रोकने के लिए पिछले 24 घंटे में उठाया दूसरा ये बड़ा कदम

### नीट पीजी परीक्षा स्थगित

केंद्र सरकार ने हालिया परीक्षाओं में गड़बड़ियों के मद्देनजर नीट-पीजी परीक्षा को स्थगित करने का फैसला किया है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से जारी नोटिफिकेशन में कहा गया है कि आज यानी रविवार को होने वाली नीट पीजी परीक्षा को टाल दिया गया है और एग्जाम की नई तारीखों का ऐलान जल्द ही कर दिया जाएगा।



### कमेटी में एक अध्यक्ष व 6 सदस्य



डॉ. रणदीप गुलेरिया

कमेटी में एम्स दिल्ली के पूर्व डायरेक्टर डॉ. रणदीप गुलेरिया का नाम भी शामिल है। इसके अलावा हैदराबाद केंद्रीय यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर बीजे राव, आईआईटी मद्रास सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर एमेरिटस, प्रो. राममूर्ति के भी समिति के सदस्य ▶▶ शेष पेज 6 पर

### नीट मामले पर ईओयू ने सौंपी शिक्षा मंत्रालय को रिपोर्ट, पैसे के लेन-देन के दिए सबूत

*नीट मामले में बिहार की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) ने अपनी रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय को सौंप दी है। ईओयू ने इस मामले में पैसे से जुड़े लेन-देन के सबूत दिए हैं। ईओयू ने 21 जून तक की जांच रिपोर्ट मंत्रालय को सौंपी है। शिक्षा मंत्रायलय को जो रिपोर्ट सौंपी है, उसमें जलाए गए नीट यूजी प्रश्न पत्र-बुकलेट को नंबर के साथ रिपोर्ट में रखा गया है। वहीं अभ्यर्थियों की तरफ से दिए गए पोस्ट डेटेड चेक का जिक्र, पेपर लीक माफिया ने जिस मोबाइल का* ▶▶ शेष पेज 6 पर

### खरोला को सौंपा एनटीए का अतिरिक्त प्रभार



प्रदीप सिंह

एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह को उनके पद से हटा दिया गया है। बताया गया है कि भारतीय व्यापार प्रचार संगठन के चेयरमैन और एमडी प्रदीप सिंह खरोला को एनटीए के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। हालिया परीक्षाओं में अनियमितताओं के मद्देनजर केंद्र सरकार ने यह फैसला लिया गया है।

### संजीव मुखिया गिरोह के सदस्य चिंटू और पिंटू झारखंड से गिरफ्तार



गिरफ्तार सिकंदर

नीट पेपर लीक मामले में झारखंड के देवघर से दो गिरफ्तारी हुई हैं। आरोपी चिंटू और पिंटू को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। झारखंड से अब तक 6 गिरफ्तारी हो चुकी हैं। गिरफ्तार हुए आरोपी चिंटू और पिंटू संजीव मुखिया गिरोह के सदस्य हैं। इस मामले में अब तक कुल 19 गिरफ्तारियां हो गई हैं। नीट पेपर लीक मामले में आरोपी सिकंदर यादवेंदु के नए दावे के बाद जांच एजेंसियां संजीव ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सीबीआई को सौंपी जांच

केंद्र सरकार ने नीट यूजी परीक्षा में धांधली के आरोपों को बेहद गंभीरता से लिया है, जिसके बाद इस मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी गई है।

जीएसटी काउंसिल की बैठक में बड़े फैसले

## रेलवे प्लेटफॉर्म टिकट होगा सस्ता, सोलर कुकर महंगा

सरकार का इरादा पेट्रोल डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने का



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में शनिवार 22 जून को जीएसटी काउंसिल की 53 वीं बैठक हुई। सीतारमण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इस बैठक में व्यापार को आसान बनाने और करदाताओं को राहत देने के लिए कई फैसले लिए गए हैं। इन फैसलों से व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को लाभ होगा। भारतीय रेलवे की ओर से आम आदमी को दी जाने वाली सेवाओं को जीएसटी के दायरे से ▶▶ शेष पेज 6 पर

मामले की जांच एडीजी (सीआईडी) करेंगे

## सिवनी में गो-वंश हत्या केस में कलेक्टर और एसपी को हटाया

घटना में पांच आरोपी गिरफ्तार, दो आरोपियों पर लगा रासुका



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिवनी की घटना को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सख्त रुख अपना लिया। उन्होंने कलेक्टर व एसपी को तत्काल हटाने का निर्देश दिए हैं। इसके तत्काल बाद दोनों अधिकारियों को हटा दिया गया। साथ ही मुख्यमंत्री ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश भी दिए हैं। सिवनी में पिछले दिनों 55 से अधिक गायों के कंकाल मिले थे। इसके बाद पूरे शहर में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। शहर को बंद कर दिया गया। इस घटना को लेकर आम लोगों में ▶▶ शेष पेज 6 पर

कार पेड़ से टकराई, युवक की मौत

## प्रेमिका का शव कार में छिपाया दुर्घटना हुई तो एसिड पी लिया

शव ठिकाने लगाने के लिए कार में लेकर घूमता रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरिया



युवक ने शादीशुदा गर्लफ्रेंड की हत्या कर दी। शव ठिकाने लगाने के लिए कार में लेकर घूमता रहा। इसी दौरान कार पेड़ से टकरा गई। मदद के लिए लोग पहुंचे तो उन्हें महिला को अचेत अवस्था में देखकर संदेह हुआ। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक ने एसिड पी लिया। पुलिस ने उसे कस्टडी में लेकर शहडोल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 5 ▶▶ शेष पेज 6 पर

रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा करवाई थी

## आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित का निधन प्रधानमंत्री मोदी ने शोक व्यक्त किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कराने वाले मुख्य आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित का निधन हो गया। आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित काफी समय से बीमार चल रहे थे। शनिवार सुबह 6 बजकर 45 मिनट पर वाराणसी में उन्होंने आखिरी सांस ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- देश के मूर्धन्य विद्वान और यजुर्वेदाध्यापक लक्ष्मीकांत दीक्षित के निधन का दुःखद समाचार मिला। दीक्षित जी काशी की विद्व-परंपरा के यशपुरुष थे। काशी विश्वनाथ धाम और राम मंदिर के लोकार्पण पर्व पर मुझे उनका सान्निध्य मिला। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। पीएम के अलावा उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजस्थान के सीएम भजन ▶▶ शेष पेज 6 पर

## पड़ोसी देश के लोगों को मिलेगी 'मेडिकल ई-वीजा' की सुविधा



### भारत-बांग्लादेश के बीच 10 बड़े समझौते

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को समुद्री क्षेत्र और समुद्री अर्थव्यवस्था (ब्लू इकॉनोमी) में संबंधों को बढ़ावा देने सहित 10 समझौतों पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना के बीच व्यापक बातचीत के बाद समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। दोनों देशों के बीच रेलवे संपर्क बढ़ाने के ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

एमपी पीएससी का दावा

## आज ही दो सत्रों में होगी राज्य सेवा, वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा

सोशल मीडिया पर चल रही खबरों को बताया 'भ्रामक'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 दो सत्रों में 55 संभाग जिला मुख्यालयों में आयोजित की जा रही है। आयोग के मुताबिक सोशल मीडिया पर कुछ अन्य प्रचार माध्यमों के द्वारा निराधार भ्रामक खबरें चल रही है। परीक्षा की गोपनीयता के संबंध में भ्रामक समाचारों को न फैलाएं। यह परीक्षा निर्धारित तिथि और निर्धारित समय पर ही आयोजित होगी। विदित हो कि मध्यप्रदेश में रविवार 23 जून को आयोजित होने वाली मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा से पहले शनिवार को सोशल मीडिया और टेलीग्राम पर पर्चा लीक होने की चैटिंग जमकर वायरल हुई। इस पूरे मामले को लेकर एमपीपीएससी ने जांच के बाद पुष्टि करने की बात कही है। साथ ही एमपीपीएससी ने विज्ञप्ति जारी कहा है कि परीक्षा तय समय पर ही होगी।

अगले सात दिन में मानसून पूरे प्रदेश में सक्रिय हो जाएगा

# भोपाल में मानसून का काउंटडाउन शुरू... 36 घंटों में ही दे देगा दस्तक

उत्तरप्रदेश में बने चक्रवाती सिस्टम के कारण आने में हुई देर

रविवार की सुबह तक भोपाल, दमोह, जबलपुर, मंडला, सीहोर में भारी बारिश की संभावना है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में दक्षिणी हिस्सों के मंडला, सिवनी, उमरिया, उज्जैन, नरसिंहपुर में मानसून की आमद के बाद मध्य और पूर्वी जिलों में मानसूनी बारिश का इंतजार बढ़ गया है। उत्तरप्रदेश में चक्रवाती ▶▶ शेष पेज 6 पर

## भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत 8 जिलों में आएगा मानसून



भदभदा का दृश्य

### भोपाल में होगी मानसूनी बारिश

राजधानी में अगले 4 दिन तेज बारिश का अलर्ट है। शनिवार को मौसम के बदलने से दिन का तापमान 5.4 डिग्री तक लुढ़क गया। इस दिन पारा 32.7 डिग्री पर आ गया। वहीं, रात का तापमान 22.4 डिग्री दर्ज किया गया।

### आज 12 जगहों पर मध्यम आंधी के साथ होगी बारिश

शनिवार को दक्षिण के इंदौर, नर्मदापुरम, रायसेन, सतना, हरदा, सिवनी, सीहोर, इटारसी, महू और राजगढ़ जिले के सारंगपुर में बारिश हुई। रविवार को देवास, हरदा, रीवा, मऊगंज, सीधी, शहडोल, छतरपुर के खजुराहो, दक्षिण दमोह, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में हल्की गरज के साथ मध्यम आंधी चलने की संभावना है। शनिवार को प्रदेश में निवाड़ी में सबसे ज्यादा 42.3 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा, जबकि सबसे कम रात का तापमान अमरकंटक में 20.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह का कहना है कि प्रदेश में मानसून सक्रिय हो गया है।

हिंदी नाटक 'मेरे बड़े भाई' के लिए मराठी भाषी 13 कलाकारों ने 20 दिन में सीखी हिंदी

# बचपन से एक पैर नहीं, लेकिन किरदार ऐसा निभाया कि नाटक में फूंक दी जबरदस्त जान

जनजातीय संग्रहालय में नवागत नाट्य समारोह 2024 के तहत नाटक 'मेरे बड़े भाई' का मंचन


आर्टिस्ट महेश चौकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक पैर नहीं होने के बाद भी अभिनय करने का ऐसा जुनून 22 साल के महेश चौकट में देखने को मिला। उन्होंने पहली बार मंच पर स्टूडेंट और सब्जीवाले का रोल प्ले किया। हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने बताया कि मैं बचपन से दिव्यांग हूं और पहली बार किसी हिंदी नाटक में अभिनय कर रहा हूं। इतना ही नहीं मेरे साथ 12 अन्य मराठी भाषियों ने महाराष्ट्र के ग्रामीण क्षेत्र से आकर किसी हिन्दी नाटक में अभिनय किया है जिसके लिए हम सभी ने 20 दिन में हिन्दी सीखी और अब अभिनय कर रहे हैं। अभिनय की ऐसी ललक से ओत प्रोत कलाकारों की प्रस्तुति देखने को मिली।





## पढ़ाई और खेलना-कूदना भी जरूरी

एक घंटे के नाटक मेरे बड़े भाई जो कि बड़े और छोटे भाई की कहानी को बताता है कि किस तरह पढ़ने लिखने वाले एक बड़े भाई को खेलने कूदने वाले छोटे भाई के भविष्य की चिंता रहती है। जिस कारण वो अपने छोटे भाई को डांटता रहता है। उसे खेलने कूदने से रोकता है। पढ़ने लिखने वाला बड़ा भाई परीक्षा में फेल हो जाता है और खेलने कूदने वाला छोटा अव्वल नंबर से पास हो जाता है। जिसके बाद दोनों को समझ आता है कि जिन्दगी में पढ़ना और खेलना कूदना दोनों बहुत जरूरी है।

## 21 वीं सीक्वेंस में तैयार हुआ नाटक, एक मंच पर देखने को मिला मैदान, पाठशाला और हॉस्टल

इस नाटक की एक और खास बात ये भी है कि इसमें 21 सीक्वेंस है। इस नाटक के मंच में बार-बार कोई बदलाव देखने को नहीं मिला। मंच पर लोगों को हॉस्टल, खेल मैदान, पाठशाला सब एक साथ देखने को मिला। नाटक की कहानी और मंच लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा।

## खबर संक्षेप

### बॉलीवुड फिल्म 'फेक बॉयफ्रेंड' की स्क्रीनिंग में डिप्टी सीएम हुए शामिल



**भोपाल।** विंध्य के बेटे तनिष्क शुक्ला की पहली बॉलीवुड फिल्म "फेक बॉयफ्रेंड" की स्क्रीनिंग में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला शामिल हुए। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उज्जव भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर रीवा नगर निगम अध्यक्ष वेंकटेश पांडेय, पूर्व महापौर राजेंद्र ताम्रकार और अन्य महत्वपूर्ण लोग उपस्थित थे।

### सात दिवसीय 'कत्थक अनुराग' आज से

**भोपाल।** उपज अकेडमी ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स भोपाल चैप्टर के द्वारा 23 से 29 जून तक सात दिवसीय 'कत्थक अनुराग' कत्थक कार्यशाला का आयोजन हिंदी भवन में किया जाएगा। ये कार्यशाला मध्य प्रदेश की जानी-मानी अंतरर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना डॉ. अंजना झा के मार्गदर्शन में होगी, जिसमें जयपुर घराने की पारंपरिक बंदिशों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यशाला में जूनियर बैच, इंटरमीडिएट बैच और सीनियर बैच के लिए इच्छुक विद्यार्थी अपना आवेदन कर सकते हैं।

### कहानी संग्रह अंतरध्वनि का लोकार्पण आज

**भोपाल।** वरिष्ठ कथाकार शीला मिश्रा के कहानी संग्रह अंतर्ध्वनि का लोकार्पण रविवार को हिंदी भवन में 11 बजे से होने जा रहा है। मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला होंगे, जबकि अध्यक्षता टैगोर विवि के कुलाधिपति संतोष चौबे करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मेजर जनरल जीडी बक्शी रहेंगे। सारस्वत अतिथि लोककला मर्मज्ञ डॉ. कपिल तिवारी तथा निराला पीठ की निदेशक डॉ. साधना बलवटे हैं।

### प्रदर्शनी का आयोजन और पुस्तिका का विमोचन कल

**भोपाल।** जीपी बिड़ला संग्रहालय में वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर देश की वीरांगनाओं पर आधारित प्रदर्शनी एवं पुस्तिका का विमाचन 24 जून को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल पुलिस आयुक्त हरिनारायण चारी मिश्र मौजूद रहेंगे।

## रवीन्द्र भवन में हुई शास्त्रीय नृत्य 'केशव कल्प' की यादगार प्रस्तुति

# नृत्य की विभिन्न मुद्राओं के माध्यम से दर्शाई गई डॉ. हेडगेवार की जीवनगाथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रश्न है बस प्रश्न मन में उठ रहे थे बाल पन में..., क्यों लहराता ध्वज पराया उस किले के पार..., जन्म से तो नर बने हम, यत्न से बनते नरोत्तम..., तब चरण रज अमिट उज्ज्वल सुगम पथ संचार... कुछ इस तरह के देशभक्ति काव्य गीतों से सजी शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति का प्रदर्शन शनिवार शाम रवीन्द्र भवन के हंस ध्वनि सभागार में हुआ।

मौका था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष आगमन और संघ संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार जी की पुण्यतिथि अवसर पर आयोजित शास्त्रीय नृत्य समारोह केशव कल्प का। समारोह में डॉ. हेडगेवार के जीवन के प्रेरक प्रसंगों को नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। इस प्रस्तुति का लेखन वरिष्ठ प्रचारक व साहित्यकार लक्ष्मीनारायण भाला और नृत्य प्रस्तुति का निर्देशन अंर्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त नृत्य गुरु शुभदा वराडकर ने किया। शुभदा ने बताया कि कोरोना काल में ही हमने इस नृत्य नाटिका की संरचना कर ली थी।

कोरोना काल में बनाई रूप रेखा, जिसे पहली बार मिला मंच

डॉ. हेडगेवार के जीवन के प्रेरक प्रसंगों को पिरोती नृत्य नाटिका



### 70 मिनट की प्रस्तुति में दिखाए कई प्रसंग

प्रस्तुति की शुरुआत नृत्यांगनाओं ने मंगलाचरण के साथ की। इसके बाद नृत्यांगनाओं ने डॉ हेडगेवार जी के जीवन प्रसंगों को प्रस्तुत किया। लगभग दो महीने में तैयार हुई इस प्रस्तुति को लगभग 13 नृत्यांगनाओं ने बड़ी ही सूझबूझ के साथ मंच पर प्रदर्शित किया। 70 मिनट की इस प्रस्तुति में नृत्यांगनाओं ने भरतनाट्यम, ओडिसी, मणिपुरी, थांग्टा सहित कथक की विभिन्न मुद्राओं के माध्यम से डॉ. हेडगेवार के जीवन को मंच पर प्रदर्शित किया। प्रस्तुति में कुल 11 रचनाओं को समाहित किया गया जिसने इस प्रस्तुति को प्रभावी तो बनाया ही साथ ही डॉ. हेडगेवार के संदेश को आमजन तक बहुत ही सरलता से पहुंचाया।



### 1925 में किया था वटवृक्ष का बीजारोपण

नृत्य प्रस्तुति में नृत्यांगनाओं ने डॉ. हेडगेवार के बचपन से लेकर राष्ट्र सेवा के लिये समर्पित होने तक की यात्रा एक के बाद एक काव्य गीतों के माध्यम से नृत्य की भाव-भंगिमाओं में समाहित करते हुए प्रस्तुत किया। इसमें दिखाया गया कि किस तरह से राष्ट्रभक्ति को समर्पित डॉ. हेडगेवार ने 1925 के विजयादशमी के दिन संगठन के वटवृक्ष का बीजारोपण किया। राष्ट्र निर्माण की प्रथम कड़ी है मनुष्य निर्माण हम नर से नरोत्तम कैसे बनें इसी बात का चिंतन करते हुए डॉ. हेडगेवार ने मानव निर्माण की दिशा में सभी को प्रेरित किया। समारोह का आयोजन मध्यप्रदेश संस्कृति संचालनालय, भारत अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक केंद्र (गुरुग्राम), इंटरनेशनल दिव्य परिवार सोसायटी, चाणक्य वार्ता (दिल्ली) एवं संस्कृता फाउंडेशन (मुंबई) के संयुक्त तत्वावधान आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर केशव कल्प आयोजन समिति के मुख्य संयोजक हरिओम जटिया सहित बड़ी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित हुए।

## शिक्षक संदर्भ और एड एट एक्शन का साझा आयोजन



# 'जिस विश्वास से आप काम कर रहे हैं, वह बच्चों की शिक्षा की दुनिया को बदलने के लिए काफी है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षा के केंद्र में हमेशा बच्चा होना चाहिए। यदि शिक्षक इस दृष्टिकोण से बच्चों के साथ काम करेंगे तो शिक्षा स्वतः ही रोचक हो जायेगी जिस तरह शिक्षक के लिए हर दिन नया दिन होता है, उसी तरह बच्चों के लिये भी हर दिन नया होता है इसलिये शिक्षक को बच्चों के साथ काम करते समय नये-नये संदर्भों की आवश्यकता होती है और होना चाहिए। यह बात भोपाल के क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान परिसर में मुंबई से पधारीं ईसीसीई विशेषज्ञ डॉ. रीता सोनावत ने शिक्षक संदर्भ समूह और एड एट एक्शन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय शिक्षा महोत्सव के दौरान कही। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय शिक्षा महोत्सव का मुख्य विमर्श राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में शिक्षकों की भूमिका पर केन्द्रित किया गया है।



### शिक्षक पूरी तन्यमता से कर रहे काम

इसके पूर्व कोलम्बो के एड एट एक्शन के दक्षिण एशिया के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक (अंतर्राष्ट्रीय) रवि प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षकगण जिस विश्वास से काम कर रहे हैं, वह बच्चों की शिक्षा की दुनिया को बदलने के लिए काफी है। सिंह ने कहा कि वैसे तो शिक्षक के ऊपर कई सारी जिम्मेदारी हैं लेकिन उसके बावजूद भी शिक्षक पूरी तन्यमता से काम कर रहे हैं और बच्चों की दुनिया में रंग भर रहे हैं। शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए शिक्षक और शिक्षा को समग्रता में समझना जरुरी है।

## रवींद्र भवन के सभागार में होगा आयोजन

# लक्ष्मीबाई पर आधारित महाकाव्य 'क्रांतिव्रती' का विमोचन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



महारानी लक्ष्मीबाई के अपरिमित शौर्य एवं अतुलित बलिदान पर आधारित डॉ. सुधीर आजाद के महाकाव्य 'क्रांतिव्रती' के विमोचन समारोह 23 जून को शाम 6 बजे रवींद्र भवन के गौरांजनी सभागार में किया जा रहा है। आयोजन में ब्रिगेडियर सुजॉय घोष, डॉ. धर्मेन्द्र सरल, संस्कृति उपसंचालक वंदना पांडे एवं अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के निदेशक राजेश गुप्ता उपस्थित रहेंगे। शहीद भगतसिंह पर आधारित शहीद-ए-आजम, सरदार भगतसिंह के बाद क्रांतिव्रती, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई सुधीर आजाद का दूसरा महाकाव्य है जो महारानी लक्ष्मीबाई पर आया है। क्रांतिव्रती झांसी की रानी लक्ष्मीबाई महाकाव्य, क्रांतिगान, झांसी, काशी, आहुति, नेपथ्य, आवाहन, आंदोलन, क्रांतिचिह्न, झलकारीबाई, तात्या टोपे एवं प्रणति समेत 23 काव्य-खंडों में विभक्त तुकांत एवं अतुकांत दोनों ही छंदों में लिखा गया है। शहीदों पर लगातार अपनी लेखनी चलाने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस, जैसे स्वतंत्रता सेनानियों सहित राष्ट्रीयता से ओतप्रोत बाल-कविताओं का संग्रह 'मैं भारत हूं' लिख चुके हैं।

## विशेषज्ञों ने दी वृक्षों की अनूठी जानकारी

# चाइल्ड राइट्स ऑब्जर्वेटरी की वृक्षों से मुलाकात की पहल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बच्चों के अधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था चाइल्ड राइट्स ऑब्जर्वेटरी मध्यप्रदेश ने वृक्ष मित्र बनाने के उद्देश्य से छात्र-छात्राओं के साथ प्रदेश भर में वृक्ष मिलन आयोजनों की श्रृंखला प्रारंभ की है। इस क्रम में पहला आयोजन भोपाल में शिवाजी नगर स्थित चिनार पार्क में हुआ। इस आयोजन में शहर के अनेकों स्कूलों के 150 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

### पौधे लगाने के तरीके व देखभाल के बारे में जाना

प्रोफेसर डॉ हितेन्द्र राम, फजल राशिद, डॉ नसरीन सिद्दीकी, डॉ. माधुरी मुद्गल, डॉ. पीके नंदी और रश्मि सारस्वत ने छात्रों को हलदू, करंज, बरगद, अशोक, नीम, कचनार, शीशम, सप्तपर्णी, पुतरंजीवा आदि वृक्षों के नाम, आयु, पहचान और उपयोग आदि के विषय में विस्तार से बताया। छात्रों ने विशेषज्ञों के समक्ष पेड़ लगाने के तरीके, उनकी देखभाल और सुरक्षा आदि अनेक प्रकार की जिज्ञासाएं रखीं, जिनका समाधान विशेषज्ञों ने किया। छात्रों को विभिन्न प्रकार के पौधे भी वितरित किए गए जिन्हें वे अपने स्कूलों और घरों के आसपास सुरक्षित स्थानों में लगाएंगे।





## भोपाल इंटरनेशनल सेंटर का इंटरनेशनल फेस्टिवल एंड कोलोक्वियम शुरू

# शॉर्ट फिल्मों में दिखी मध्य प्रदेश की खूबसूरती की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल इंटरनेशनल सेंटर का दो दिनी समारोह इंटरनेशनल फेस्टिवल एंड कोलोक्वियम (बी.आई.एफ.सी) शनिवार से राज्य संग्रहालय में शुरु हुआ। दो दिवसीय इस आयोजन के पहले दिन सुबह से शाम तक विभिन्न सत्रों में विभिन्न आयोजन हुए। इनमें परिसंवाद, शॉर्ट फिल्म प्रदर्शन आदि के आयोजन हुए। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच मध्य प्रांत की सह प्रमुख सीमा भारद्वाज का भी सम्मान किया गया।प्रथम सत्र में भोपाल के छात्रों द्वारा तैयार लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया गया। इस सत्र की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक शशिधर कपूर एवं सह संस्थापक प्रीति त्रिपाठी ने की। जिसमें बापू की गाड़ी, लोन, कहानी, इस्लामनगर फोर्ट शामिल थी।




कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच मध्य प्रांत की सह प्रमुख सीमा भारद्वाज का भी सम्मान किया गया।

### मध्यप्रदेश में फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं

*अगले सत्र के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता राजीव वर्मा थे। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में फिल्मों की लोकेशंस का भंडार है, होटल सस्ते हैं कलाकार भी यहां कम पैसों में मिल जाते हैं। इसे देखते हुए सरकार से गुजारिश करें कि सब्सिडी जो फिल्मों को मिलती है उनमें कुछ शर्तें होना चाहिए। वैसे भी भोपाल शहर में आर्टिस्ट की कमी नहीं है।*

### किताब 'बुद्धा इन वर्क एंड लव' पर लोगों से किया संवाद

*ऑनलाइन सत्र में हुए व्याख्यान ऑनलाइन सत्र में गीतांजलि पंडित गुप्ता ने अपनी किताब 'बुद्धा इन वर्क एंड लव' पर लोगों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि अपने आप में सुधार सबसे बेहतर विकल्प है। अगला ऑनलाइन सेशन सुप्रसिद्ध फोटोग्राफर अमित अशर का था। उन्होंने कई फिल्में जैसे-सरफरोश, रंग दे बसंती, काबुल एक्सप्रेस आदि में काम किया है।*



बीसीएलएल ने जमा कराया पीएफ-ईएसआई

## हड़ताल खत्म, आज से फिर चलेंगी छह रूटों पर चलने वाली 149 बसें

पिछले 9 दिन से नहीं चल रही थीं बसें, लोगों की अब परेशानी होगी खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले नौ दिन से 400 चालक-परिचालकों की चल रही हड़ताल आखिरकार शनिवार को खत्म हो गई। अब रविवार सुबह छह बजे से छह रूटों पर चलने वाली 149 बसें चलने लगेंगी। दरअसल, चालक और परिचालकों ने बस आपरेटर मां एसोसिएट द्वारा पीएफ और ईएसआइसी की राशि जमा नहीं करने पर 14 जून से हड़ताल शुरू की थी। इसके चलते हजारों यात्रियों को रोजाना परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

बीसीएलएल ने 15 जून तक का पेमेंट करने के बाद बस आपरेटर से छह महीने की पीएफ और ईएसआइसी राशि जमा करवाई गई।

### ...तो पांच जुलाई से फिर करेंगे हड़ताल

इसके बाद यह हड़ताल खत्म हुई है। उधर, भोपाल सिटी यान चालक-परिचालक ट्रेड यूनियन इंटर के अध्यक्ष अजीज खान ने बताया कि यह 30 जून तक पूरी राशि जमा नहीं हुई तो पांच जुलाई से फिर हड़ताल होगी। शनिवार को निगमायुक्त हरेंद्र नारायन और बीसीएलएल से मिले आश्वासन के बाद रविवार से बसों के संचालन के लिए चालक तैयार हुए हैं। गौरतलब है कि हड़ताल के कारण शहर के कई यात्री परेशान थे।

### यह है प्रदेश के मॉडल अस्पताल जेपी के हाल

## 12 विभागों में 20 डॉक्टर, एक को देखने पड़ रहे 100 से ज्यादा पेशेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कहने को तो जेपी अस्पताल प्रदेश का पहला मॉडल अस्पताल है, लेकिन यहां के हालात यह हैं कि यहां पर करीब 12 विभागों में 20 विशेषज्ञों को हर दिन एक हजार से 1200 मरीज देखने पड़ रहे हैं। इसकी बड़ी वजह यह है कि अस्पताल में विशेषज्ञों के 48 में से 23 पद रिक्त हैं। पदस्थ 27 में से कुछ काल ड्यूटी की वजह से अवकाश पर रहते हैं तो कुछ अन्य तरह के अवकाश पर। ऐसे में हर दिन ड्यूटी पर करीब 20 विशेषज्ञ ही होते हैं।

कई विभागों में तो एक विशेषज्ञ ही ओपीडी में किसी-किसी दिन रहते हैं। ऐसे में उन्हें 100 से ज्यादा मरीज देखना होता है। ओपीडी के अलावा भर्ती मरीजों को देखने का दबाव चिकित्सकों पर रहता है। तनाव के कारण डाक्टर-नर्स और मरीज एवं उनके परिजन के बीच विवाद की स्थिति बनती है।

### विशेषज्ञों के 48 में 23 पद खाली



| पदनाम | स्वीकृत | रिक्त |
|---|---|---|
| मेडिसिन विशेषज्ञ | 5 | 3 |
| सर्जिकल विशेषज्ञ | 5 | 1 |
| स्त्री रोग विशेषज्ञ | 4 | 0 |
| शिशु रोग विशेषज्ञ | 7 | 3 |
| निश्चेतना विशेषज्ञ | 6 | 3 |
| नेत्र रोग विशेषज्ञ | 3 | 3 |
| रेडियोलाजिस्ट | 3 | 1 |
| पैथोलाजिस्ट | 3 | 0 |
| अस्थि रोग विशेषज्ञ | 6 | 4 |
| नाक, कान एवं गला रोग विशेषज्ञ | 3 | 3 |
| मनोरोग विशेषज्ञ | 1 | 0 |
| क्षय रोग विशेषज्ञ | 1 | 1 |
| दंत रोग विशेषज्ञ | 1 | 1 |
| कुल | 48 | 23 |

### नहीं बन पाया ड्यूटी रोस्टर

जेपी अस्पताल प्रबंधन ने डॉक्टर्स की ड्यूटी के रोस्टर में तीन साल से बदलाव नहीं किया था। जबकि ओपीडी के समय में बदल गया है, बावजूद डॉक्टरों की ड्यूटी रोस्टर नहीं बनाया जा रहा है। किस ओपीडी में कितने बजे, कौन सा डॉक्टर, मरीजों को देखेगा। इसकी लिस्टिंग भी असपताल के नोटिस बोर्ड पर नहीं लगाई गई है।

### वर्ष 2011 के बाद से स्वीकृत नहीं हुए पद

वर्ष 2011 में जेपी अस्पताल के लिए डाक्टरों के नए सिरे से पद स्वीकृत किए गए थे। उस दौरान अस्पताल की ओपीडी हर साल करीब सात लाख थी। उस समय अस्पताल में 42 विशेषज्ञ काम कर रहे थे। अब विशेषज्ञों की संख्या घटकर 27 रह गई है। जो डाक्टर सेवानिवृत हो रहे हैं उनकी जगह किसी नए चिकित्सक की पदस्थापना नहीं की जा रही है। इस वजह से विशेषज्ञों पर दबाव बढ़ रहा है।

### दो डॉक्टरों के भरोसे इमरजेंसी

जेपी अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी के लिए 11 पद स्वीकृत किए गए थे, जिसमें अब दो ही चिकित्सक हैं। राजधानी होने के नाते यहां के चिकित्सकों को वीआइपी ड्यूटी, मेला और अन्य आयोजनों में लगाई जाती है। दो से तीन चिकित्सक हर दिन पेशी में रहते हैं। रोज करीब पांच चिकित्सकों की इस तरह की ड्यूटी लगाई जाती है।

### शासन को प्रस्ताव भेजा है

विशेषज्ञों और चिकित्सा अधिकारियों की कमी के संबंध में शासन को प्रस्ताव भेजा है। अस्पताल की ओपीडी 1200 से 1500 के बीच रहती है। विशेषज्ञों के पास सभी मरीज नहीं पहुंचते, इसलिए दिक्कत नहीं होती।

**डॉ. राकेश श्रीवास्तव**, अधीक्षक, जेपी अस्पताल

### मास्टर प्लान लागू करने के पहले बदलेंगे जमीनों का लैंडयूज

- धारा-16 में छूट देने अफसरों ने की बैठक

**भोपाल।** राजधानी के नए मास्टर प्लॉन को लेकर शनिवार को लैंड यूज में बदलाव के लिए धारा-16 हटाने टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के अफसरों ने बैठक रखी। दरअसल, मास्टर प्लान बनाने की प्रक्रिया तीन चरणों में होती है। सबसे पहले विस्तारित एरिया घोषित किया जाता है। फिर वहां मौजूदा लैंड यूड फ्रीज कर दिया जाता है। इसके बाद मास्टर प्लान का काम शुरू होता है। धारा 16 में लैंड यूज को फ्रीज किया जाता है। इसमें राहत देने इंदौर के बिल्डर्स कुछ महीनों पहले उच्च स्तर पर मिले थे। इसके बाद इसमें छूट देना शुरू कर दिया गया था। बिल्डर्स, डेवलपर्स को भू उपयोग में बदलाव कर विकास अनुमतियां दी जाने लगी थी। यह जानकारी सामने आने के बाद शासन ने एक-दो महीने पहले इस पर रोक लगा दी थी। बताया जा रहा है सीएम के निर्देश पर ऐसा किया गया था। हालांकि, भोपाल में बीते तीन-चार साल से धारा 16 हटा कर अनुमति नहीं दी गई है।

## कोलार लाइन की शिफ्टिंग का काम हुआ पूरा, आज से आएगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जीजी फ्लाई ओवर निर्माण की राह में आ रही कोलार 900 एमएम डाया की पाईप लाइन बदलने का काम शनिवार देर रात पूरा कर लिया गया। एमपी नगर में गायत्री मंदिर के सामने लाईन शिफ्टिंग के चलते गुरुवार-शुक्रवार को 40 फीसदी शहर में कोलार का पानी सप्लाई न होने से लोग परेशान हैं। हालांकि निगम अधिकारियों का कहना है कि 23 जून से शहर में पानी सप्लाई व्यवस्थित कर दी जाएगी।

नगर निगम ने लाइन शिफ्टिंग के लिए शुक्रवार सुबह छह बजे शट-डाउन लिया था जो शनिवार शाम 6 बजे तक के लिए था। लेकिन लाइन शिफ्टिंग शनिवार देर रात तक चली। लाइन शिफ्टिंग की वजह से दो दिन शहर में पानी सप्लाई नहीं हुई, जिसकी वजह से करीब आधे शहर के लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ा। निगम के अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग ने बताया कि पाइप लाइन की शिफ्टिंग का काम देर रात चला, लेकिन काम पूरा होने के बाद कोलार फिटर प्लांट के पंप चालू किए गए। रविवार सुबह से पानी की सप्लाई सुचारू रूप से होगी ।



जहांगीराबाद क्षेत्र में टैंकर से पानी भरते रहवासी।

### इन इलाकों में नहीं हुई पानी की सप्लाई

छोटी मस्जिद के पास वाली गलियों, निशातपुरा क्षेत्र, न्यू आरिफ नगर, राम मंदिर क्षेत्र, हमीदिया रोड, छावनी, पटेल नगर, संगम टाकीज, गुरूबक्श की तलैया, इब्राहिम गंज, कबाड़खाना, छोला विश्रामघाट, , जेपी नगर, चौकसे नगर, रंभा नगर, अली अजीज की मस्जिद, काजी कैंप रोड, बावना कालोनी, गुरूनानक कालोनी,रिसालदार कालोनी, राजगढ़ कालोनी, दालमिल क्षेत्र, शक्ति नगर, इंद्रा सहायता नगर, , इसाई गंज, दुलीचंद का बाग, राधा-कृष्ण कालोनी, एकता कालोनी, फूटा मकबरा, सिंधी कालोनी, बाग मुंशी हुसैन खां, बाग मुफ्ति साहब, कांग्रेस नगर क्षेत्र, पुतली घर, शाहजहांनाबाद, माडल ग्राउंड, ग्रीन पार्क कालोनी, टीला जमालपुरा, नीलम कालोनी, चौकीपुरा, कल्लाशाह का अहाता, सरदारपुरा, बापू कालोनी, जिंसी चौराहा, रंभा टाकीज के पास के क्षेत्र, कुम्हारपुरा, बड़ वाली मस्जिद, चम्हारपुरा, आजाद नगर, राजेन्द्र नगर, अंबेडकर नगर, स्लाटर हाउस के पास का क्षेत्र, शिवाजी नगर क्षेत्र, एमपी नगर फेस-1, ई-2, ई-4 और ई-5 अरेरा कालोनी आदि क्षेत्रों में पानी सप्लाई नहीं हुआ।

### गर्भवती होने पर महिला जेल प्रहरी के साथ आई थी

## हमीदिया अस्पताल में चैकअप के लिए पहुंची महिला बंदी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हत्या के मामले में केंद्रीय जेल में बंद विचाराधीन महिला बंदी हमीदिया अस्पताल में जेल प्रहरी को चकमा देकर फरार हो गई। घटना शनिवार दोपहर की है। दरअसल, उसे एक महीने का गर्भ है और रूटीन चेकअप के लिए महिला जेल प्रहरी उसे हमीदिया के सुल्तानिया अस्पताल लेकर पहुंची थी। डॉक्टर ने उसे यूरिन सेंपल लेने भेजा था, तभी मौका पाकर वह फरार हो गई। महिला प्रहरी ने उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला तो जेल प्रबंधन को जानकारी दी। जेल प्रबंधन के निर्देश के बाद वह कोहेफिजा थाने पहुंची और फरार महिला बंदी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में महिला प्रहरी को निलंबित कर दिया गया है।



### महिला प्रहरी के बाथरूम जाने का उठाया फायदा

पुलिस के अनुसार मूलरूप से कुरवाई निवासी सालेहा पत्नी मुस्तफा खान (24) हत्या के मामले में विचाराधीन बंदी है। विगत 27 अप्रैल को उसे विदिशा जेल से भोपाल की केन्द्रीय जेल स्थानांतरित किया गया था। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे गर्भवती सालेहा को महिला प्रहरी अनीता त्रिपाठी के सुल्तानिया वार्ड में भेजा गया था। महिला चिकित्सक ने चेकअप के बाद उसे यूरिन का सेंपल लाने को कहा। महिला प्रहरी के साथ वह बाथरूम गई थी। वहां काफी भीड़ थी। महिला बंदी के बाथरूम में जाते ही महिला प्रहरी भी सामने वाले बाथरूम में फ्रेश होने चली गई, लेकिन तब तक महिला बंदी सालेहा वहां से फरार हो चुकी थी। महिला प्रहरी ने उसकी अस्पताल में तलाश की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका।

### एम्स में इलाज के दौरान युवक की मौत

## अवैध शराब बेचने के संदेह में युवक को किडनैप कर चलती गाड़ी में की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी मार्केट में गत 13 जून की शाम शराब ठेकेदार के गुर्गों ने एक युवक श्रवण कुमार पिता समर सिंह (45) चांदमारी झुग्गी, पिपलानी का अवैध अपहरण कर लिया। आरोपी उसे गाड़ी में बिठाकर मारपीट करते रहे और चलती गाड़ी से फेंककर चले गए। मामूली चोट नजर आने के कारण पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया था। बाद में मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने अपहरण और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। इधर घायल का इलाज परिजन एम्स में करा रहे थे। शनिवार दोपहर उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी अनुराग लाल ने बताया कि युवक की मौत के बाद पुलिस आरोपियों के खिलाफ हत्या की धारा बढ़ाएगी। दरअसल रत्नागिरी पर शराब का संचालन करने वाले शिवहरे ग्रुप के कर्मचारियों को संदेह था कि श्रवण शराब का अवैध कारोबार करता है।

### रात 12 बजे पहुंचे सीनियर डीसीएम, खाद्य सामग्री के 39 कार्टन जब्त

## भोपाल में लंबे समय से की जा रही थी पैक खाद्य सामग्री की बिक्री, रेलवे ने अनियमितताओं पर स्टाल को करवाया बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल सहित मंडल के अन्य स्टेशनों पर मिलने वाले खाने को लेकर लगातार शिकायत आ रही थी। इसको लेकर शुक्रवार रात करीब 12 बजे वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने अचानक रात 12 बजे भोपाल स्टेशन पहुंचकर स्टेशन का औचक निरीक्षण किया।

पहले वे यात्री प्रतीक्षालय पहुंचे और सफाई व्यवस्था पर असंतोष जताते हुए सख्त निर्देश दिए। कटारिया ने यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही खानपान सामग्री और प्लेटफार्म पर स्टालों की सामग्री की गुणवत्ता की जांच की।

### लंबे समय से आ रही थीं यात्रियों की शिकायतें



**लंबे समय से पैक पैकेट कराए नष्ट**

सुबह 4 बजे तक चले इस निरीक्षण के दौरान भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर संचालित खानपान स्टॉल पर उपलब्ध गैर-अनुमोदित फ्लेवर्ड मिल्क, लस्सी इत्यादि खाद्य सामग्री के कुल 39 कार्टन जब्त किए। स्टाल पर उपलब्ध खाने के पैकेटों की जांच करने पर पाया गया कि वे लंबे समय से पैक हैं और अब उपयोग के लायक नहीं हैं। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक की निगरानी में सभी पैकेट्स को नष्ट कराया गया।

### प्लेटफार्म पर स्टाल संचालन कराया बंद

प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर एक अन्य खानपान स्टॉल पर भी खाद्य सामग्री की जांच की गई। खराब गुणवत्ता की खाद्य सामग्री पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई कर उस स्टाल का संचालन बंद करवा दिया गया। कमियों को दूर करने लाइसेंसी के प्रतिनिधि कर्मचारियों को निर्देश दिए और समय-समय स्टॉल की जांच के लिए निर्देशित किया गया। इस कार्रवाई के दौरान उप स्टेशन प्रबंधक (वाणिज्य), मुख्य खानपान निरीक्षक, वरिष्ठ वाणिज्य निरीक्षक, मुख्य टिकट निरीक्षक और अन्य पर्यवेक्षक उपस्थित थे।



विधायक रामेश्वर ने दी गांधी नगर को एक और बड़ी सौगात, प्रशासनिक अमले के साथ किया दौरा

# गांधीनगर का भगत सिंह मार्ग होगा फोर लेन, 12 करोड़ से दोनों ओर बनेगी नाली, स्ट्रीट लाइट भी लगेगी, 5 लाख आबादी को मिलेगा इसका लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हुजूर विधानसभा के आशाराम चौराहे से भोपाल बायपास अचारपुरा मार्ग जिसका नाम शहीद भगत सिंह मार्ग है इस मार्ग को फोर लेन किया जाएगा। लगभग 12 करोड़ की राशि से 4 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट के साथ साथ दोनों ओर डक्ट बनाई जाएगी। यह जानकारी विधायक रामेश्वर शर्मा ने दी। शनिवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने प्रशासनिक अमले के साथ भगत सिंह मार्ग का दौरा किया।

विधायक शर्मा ने बताया कि इस मार्ग पर ट्रैफिक दवाब बढ़ गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। शर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश सड़क निर्माण प्राधिकरण इस सड़क का निर्माण करेगा। रामेश्वर ने सड़क को अधिकतम चौड़ा करने के निर्देश दिए है, साथ ही मार्ग पर आने वाले अतिक्रमण साफ करने के निर्देश दिए हैं। शर्मा ने कहा कि कनेक्टिविटी के साथ यह मार्ग क्षेत्र में रोजगार एवं उन्नति के नए द्वार खोलेगा। गांधीनगर को भोपाल का नया उपनगर बनाने की दिशा में यह फोर लेन रोड मिल का पत्थर साबित होगा। ज्ञात हो कि आचारपुर उद्योगिक केंद्र से इस मार्ग के जुड़ने से लाखों नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा।



### जल भराव को लेकर अधिकारियों को शर्मा ने लगाई फटकार

विधायक रामेश्वर शर्मा ने शनिवार को प्रातः 7 बजे से ज़ोन 1 एवं ज़ोन 20 क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान शर्मा ने लालघाटी के सिंगार चोली फ्लाईओवर के नीचे जल भराव को लेकर अधिकारियों को फटकार लगाई श्री शर्मा ने यहां लोक निर्माण विभाग को सड़क चौड़ीकरण निर्माण के निर्देश दिए साथ ही नगर निगम को यहां नाली निर्माण के लिए निर्देशित किया। यहां से विधायक शर्मा ने वार्ड 2, 1 एवं 3 में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का अवलोकन किया।

### अगले 4 महीने में फ्लाईओवर का काम पूर्ण होगा

शनिवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने अधिकारियों के साथ संत हिरदाराम नगर के फाटक रोड पर निर्माणाधीन फ्लाईओवर निर्माण कार्य का अवलोकन लोक निर्माण विभाग एवं अन्य अधिकारियों के साथ किया। विधायक शर्मा ने बताया कि लोक निर्माण की ओर से लगभग कार्य पूर्ण है, आगामी 4 माह के अंदर रेलवे सीमा का कार्य रेलवे द्वारा पूर्ण कर लिया जाएगा, जिसके बाद फ्लाईओवर को प्रारंभ कर दिया जाएगा। विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले थर्ड लेन का कार्य भी शुरू हो गया है, चूंकि इसमें रेलवे का पार्ट नहीं, जिससे इसे जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा।

### भौरी में पीएम आवास भी देखे गुणवत्ता देखकर एजेंसी और अधिकारियों को बधाई दी

दौरे के दौरान विधायक रामेश्वर शर्मा ने भौरी में बन रहे प्रधानमंत्री आवास सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय परिसर का अवलोकन किया। उन्होंने सैंपल हाउस देखे। शर्मा यहां सुव्यवस्थित गुणवत्ता पूर्ण निर्माण देखकर संतुष्ट दिखाई दिए। उन्होंने संबंधित एजेंसी एवं अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह भोपाल के सबसे अच्छे परिसर के रूप में विकसित हो रहा है। इस दौरान शर्मा ने भौरी में इंदौर रोड से भोपाल बायपास तक बन रहे सड़क निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। जल्द ही इस सड़क का लोकार्पण किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### पहले टक्कर मारी, फिर मोबाइल चुराकर भागे बाइक सवार

**भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने स्कूटर से जा रहे दो युवकों की स्कूटर को टक्कर मार दी। उसके बाद एक युवक की जेब में रखा मोबाइल चोरी कर तीनों भाग निकले। पुलिस ने एक्सीडेंट और चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सिराज अहमद (17) मांडवा बस्ती कमला नगर में रहता है। शुक्रवार रात वह अपने दोस्त नहीम के साथ स्कूटर से नेहरू नगर चौराहे से मांडवा बस्ती जा रहा था। दोनों पुलिस पेट्रोल पंप के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी स्कूटर को टक्कर मार दी, जिससे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। बाइक पर सवार तीनों युवकों ने उन्हें उठाकर सड़क किनारे बिठाया। इसी बीच सिराज ने देखा कि उसकी शर्ट की जेब में रखा मोबाइल नहीं है। उसने आवाज लगाकर तीनों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन तीनों युवक बाइक पर बैठकर भाग निकले। बाद में सिराज ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामला दर्ज कर अरोपी की तलाश कर रही है।

### कांग्रेस के नागर और चौहान को मिल सकती है भोजपुर की कमान

**औबेदुल्लागंज।** कांग्रेस में चर्चा है





कि जिला युवक कांग्रेस अध्यक्ष परेश नागर और जिला कांग्रेस अध्यक्ष के दावेदार संजय सिंह चौहान को भोजपुर की कमान सौंपने से 5 साल में कांग्रेस को प्रभावशाली बना सकते हैं। मंडलम अध्यक्ष हरजीत सिंह मंगू, अमर पेठारी, महेंद्र धाकड़, कमलेश लोधी, उत्तम यादव, मनोज खटीक का कहना है कि दोनों नेता दमदार और कांग्रेस के लिए समर्पित हैं।

### शादी का झांसा देकर महिला का किया दैहिक शोषण, मामला दर्ज

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र में महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मोहल्ले में रहने वाले युवक पर दुष्कर्म और दैहिक शोषण की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली 32 साल महिला गृहणी है। करीब 5 साल पहले उसका अपने पति से विवाद चल रहा था। इस दौरान मोहल्ले में रहने वाले महेंद्र नामक युवक से महिला की पहचान हुई। इस बीच एक दिन मौका पाकर महेंद्र ने महिला के साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता ने जब इसका विरोध किया तो महेंद्र ने उससे जल्द ही शादी करने का वादा कर लिया। इस पर महिला ने अपने पति से तलाक ले लिया। कुछ समय पहले महेंद्र महिला को इंदौर लेकर गया, जहां उसका दैहिक शोषण किया। महिला ने जब शादी के लिए दबाव बनाया तो उसने इंकार कर दिया इसके बाद महिला थाने पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| शुभांकः | 3816 | | |
| दिनः | 234 | 98 | 170 |
| रातः | 169 | 68 | 440 |

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र के घाटखेड़ी रोड पर चौकसे ढाबा के पास हुआ हादसा


# मवेशी को बचाने के चक्कर में पलटा ट्रैक्टर, दबने से किसान की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित घाटखेड़ी रोड पर चौकसे ढाबा के पास सड़क पर ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। हादसा शुक्रवार शाम करीब सात बजे सड़क पर आए मवेशी को बचाने के चलते हुआ। इस हादसे में ट्रैक्टर चला रहे किसान की दबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

एसआई दिलीप जैसवाल ने बताया कि मथुरा प्रसाद सेन (55) ग्राम चोपड़ाकला थाना सूखी सेवनिया में रहते थे और खेती किसानी करते थे। उनके खेत में बुवाई चल रही है। शुक्रवार शाम करीब सात बजे मथुरा प्रसाद ट्रैक्टर लेकर घर लौट रहे थे। उनके ट्रैक्टर में पीछे बुवाई करने वाली मशीन भी बंधी थी। बायपास मार्ग स्थित चौकसे ढाबे के पास घाटखेड़ी रोड पर पहुंचते ही सड़क पर मवेशी आ गया। मवेशी को बचाने के प्रयास में मथुरा प्रसाद ने ट्रैक्टर का स्टेयरिंग एकाएक मोड़ दिया और ट्रैक्टर सड़क से उतरकर खेत में जा पलटा।

» जेसीबी को आने में लग रहा था समय, पुलिस और ग्रामीणों ने ट्रैक्टर के नीचे से दबे हुए शव को निकाला



### स्टेयरिंग के नीचे दबा किसान

ट्रैक्टर पलटने के बाद मथुरा प्रसाद स्टेयरिंग के पास ही ट्रैक्टर के नीचे दब गए थे। हादसा होता देख एक व्यक्ति ने मथुरा प्रसाद के परिजन और पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एक जेसीबी मशीन वाले से संपर्क किया तो पता चला कि उसे पहुंचने में करीब एक घंटे का समय लगेगा। लिहाजा पुलिस स्टाफ और ग्रामीणों ने मिलकर किसी तरह ट्रैक्टर के नीचे से मथुरा प्रसाद को बाहर निकाला। हालांकि तब तक काफी देर हो चुकी थी।

### कपड़े सुखाते समय लगा करंट, महिला की मौत

**भोपाल।** रातीबड़ में रहने वाली एक महिला को शनिवार दोपहर बिजली का करंट लग गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार श्यामबाई मीना (35) ग्राम सरवर थाना रातीबड़ में रहती थी और गृहणी थी। शनिवार दोपहर को वह बाथरूम से कपड़े धोकर बाहर निकली और सुखाने के लिए बाहर बंधे लोहे के तार पर डालने लगी। इस तार से कोई बिजली का तार टच हो गया था, जिससे उसमें करंट आ गया था। महिला ने जैसे ही कपड़े तार पर डाले, वैसे ही उसे करंट का जोरदार झटका लगा। परिजन श्यामबाई को इलाज के लिए स्मार्ट सिटी रोड स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### राजीनामा नहीं करने पर नवविवाहिता को पिलाई फिनाइल

**भोपाल।** निशातपुरा थाना क्षेत्र में घरेलू अनबन के कारण नवविवाहिता को फिनाइल पिलाने वाले पति, सास-ससुर व ननद के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। घटना 8 महीने पुरानी है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी करोंद निवासी फेहमीना (20) की शादी साल 2022 में सईद कॉलोनी हाउसिंग बोर्ड में रहने वाले यूसुफ खान से हुई थी। आपसी घरेलू अनबन के चलते अक्टूबर 2023 में पति यूसुफ समेत सास शाहिदा सुल्तान, ससुर शरीफ व ननद लुबना ने मारपीट करके फेहमीना को जान से मारने की नीयत से जबरन फिनाइल पिला दिया था। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन जान बच गई थी। घटना के बाद से ही आरोपी फेहमीना पर रिपोर्ट दर्ज न कराने व समझौता करने का दबाव बना रहे थे। जब दोनों पक्षों में समझौते की सहमति नहीं बन सकी तो फेहमीना ने पति समेत चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 328,323,34 के तहत प्रकरण दर्ज करा दिया है।

## सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान चोरी

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित खानूगांव में हुई वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित खानूगांव में सूने मकान का ताला तोड़कर चोर लाखों रुपए का सामान चुराकर ले गए। घर में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, जिसका एक्सेस मोबाइल पर है। मोबाइल पर जानकारी मिलने के बाद जब तक रिश्तेदार घर पहुंचे तो वारदात हो चुकी थी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार रिशाद माजिद (25) खानूगांव में रहते हैं और मैनेजमेंट की पढ़ाई कर रहे हैं। उनके बहनोई यूसुफ खान इंद्रविहार कॉलोनी में रहते हैं, जो पिछले दिनों परिवार के साथ बैंगलुरू चले गए थे। शुक्रवार की शाम को बहन ने कॉल करके बताया कि घर के कैमरों को मोबाइल पर चैक किया तो अज्ञात व्यक्ति घर के अंदर नजर आए। उसके बाद रिशाद बहन के घर पहुंचे तो ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था। बदमाश घर से कितना सामान चुराकर ले गए। यह मकान मालिक के घर पहुंचने पर पता चल सकेगा।

## अश्लील टिप्पणी का विरोध करने पर परिजन से की मारपीट

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में बाजार से सामान लेकर घर लौट रही युवती को दो मनचलों ने कमेंट्स कर दिए। परिजन ने मनचलों का विरोध किया तो मनचलों ने उनके साथ मारपीट कर दी। घटना के बाद पूरा परिवार अपने गांव चला गया था। पुलिस ने परिजन को तलाश कर थाने बुलाया और आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार 18 साल की युवती बिलखिरिया इलाके में रहती है। उसका पूरा परिवार मजदूरी करता है। पिछले महीने 31 मई को पूरा परिवार काम खत्म करने के बाद कटारा हिल्स स्थित बगरौदा बाजार गया था। बाजार से सभी लोग पैदल घर लौट रहे थे। रास्ते में एक दुकान पर कुछ सामान लेने के लिए रुके तो वहां मौजूद दो युवकों ने युवती पर अश्लील टिप्पणी किए। युवती के पिता और चाचा ने जब इसका विरोध किया तो दोनों ने जमकर मारपीट कर दी और भाग निकले। घायलों को इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल पहुंचाया गया था, वहां से एक व्यक्ति को हमीदिया अस्पताल रैफर किया गया। अस्पताल में इलाज कराने के बाद परिवार अपने घर चला गया। इधर मारपीट की सूचना मिलने के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची, लेकिन पीड़ित परिवार नहीं मिला। पुलिस ने परिवार को खोजकर उन्हें थाने बुलाया और युवती की रिपोर्ट भूरा और छोटू नामक युवकों के खिलाफ छेड़छाड़ और मारपीट का मामला दर्ज कर लिया।

## नगर के आसपास किया जा रहा अवैध उत्खनन का कार्य



**औबेदुल्लागंज।** तामोट, गौहरगंज, बरखेड़ा में पिछले सप्ताह दिवटिया में एसडीएम ने रात्रि में कार्रवाई कर अवैध उत्खनन करते पकड़ा था। अब मगरपूंछ का मामला आया सामने आया है। यहां अवैध उत्खनन का कार्य जोरों पर चल रहा है। अवैध उत्खनन का कार्य ग्राम पंचायत मगरपूंछ के शासकीय तालाब में किया जा रहा है। तहसीलदार हेमंत शर्मा ने इसकी जानकारी पटवारी को भेज दी कर काम बंद करवाया। यह कार्य मगरपुंछ निवासी नीरज गौर पिता रामस्वरूप गौर द्वारा किया जा रहा था। अवैध खनन सहित अवैध कब्जे की जानकारी रायसेन कलेक्टर और खनिज विभाग को दे दी गई है।

## तामोट में सरकारी जमीनों पर हो रहा अतिक्रमण

**तामोट।** तामोट स्वतंत्रता से पूर्व ही क्षेत्र का बड़ा गांव है और यहां से बड़े-बड़े नेता बने हैं। तामोट में स्व. प्रभुराम दादा, भैयालाल चौहान, कुंजीलाल, रमेश चौहान, राजेंद्र सिंह, पूर्व सरपंच बलवंत चौहान आदि पावरफुल नेता रहे हैं।

इन प्रभावशाली लोगों का दबदबा इतना था कि तामोट पंचायत की जमीन सरकारी जमीन और चरनोई भूमि खाली रही और ग्राम के उपयोग में यह जमीन आती थी। अब तामोट में जहां देखो वहीं अतिक्रमण नजर आ रहा है। क्योंकि तामोट में प्रभावशाली नेता नहीं है। ग्राम वासियों ने बताया कि नल जल योजना के लिए पानी की टंकी बनाने के लिए सरकारी जमीन उपलब्ध नहीं होने के कारण ठेकेदार ने टंकी बनाना कैंसिल कर दिया था, जिससे नल जल योजना में पानी सप्लाई करने में परेशानी हो रही है। वहीं अतिक्रमण की सरकारी जमीन बेचने का सिलसिला जारी है, क्योंकि तामोट औद्योगिक क्षेत्र घोषित होने से यहां की जमीनों पर अतिक्रमण बढ़ गया है। यहां पॉवरफुल लोग लगातार कब्जा कर रहे हैं।

नाली जाम, सड़कें हुई लबालब, लोग परेशान

## नगर में हुई जोरदार बारिश से घरों और दुकानों में घुसा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर में हुई जोरदार बारिश से सड़कें जहां लबालब हो गईं वहीं बारिश का पानी लोगों के घरों और दुकानों में घुस गया। महावीर कॉलोनी के वार्ड 2 में अधिकांश बड़े-बड़े लोग रहते हैं, इसके बावजूद यहां न तो अच्छी नाली है न ही सीवेज के पानी निकासी की सुविधा। 40 मिनट की बरसात से यहां का नजारा तलाब जैसा हो गया हैं।

स्थानी लोगों का कहना है कि नगर परिषद में तो सालों से शिकायत कर रहे हैं, मगर कोई सुनने वाला नहीं है। कांग्रेस नेत्री पवित्र कौर ने कहा महावीर कॉलोनी वार्ड 2 को, 4, 5 के नीचे एवं पेट्रोल पंप से लेकर विजय जैन की दुकान तक पानी भरा हुआ हुआ है। नालियों से पानी नहीं निकल पा रहा है। नगर परिषद द्वारा नालियों की सफाई न करने से लोगों को यह परेशानी हो रही है।



### युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आदर्श नगर में चाय नाश्ते का ठेला लगाने वाले युवक ने फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार राजेश मेहरा पिता आत्माराम मेहरा (25) आदर्श नगर बागसेवनिया में रहता था। राजेश बासेवनिया में चाय नाश्ते का ठेला लगाता था। शुक्रवार दोपहर वह घर पर था। उसका भाई सो रहा था। इसी बीच राजेश ने फांसी लगा ली। दोपहर करीब दो बजे भाई की नींद खुली तो उसने शोर मचाया था। आसपास के लोगों ने उसे फंदे से नीचे उतार लिया था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने निरीक्षण किया पर सुसाइड नोट नहीं मिला।

पीटीआरआई तलाश रहा हादसों को कम करने के उपाय

## पिछले तीन साल में सड़क हादसों से इंदौर में सबसे ज्यादा मौतें, भोपाल का ग्राफ रहा कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में सड़क हादसों में हो रही मौतों का ग्राफ कम करने के लिए पीटीआरआई द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे है। बावजूद हादसे कम नहीं हो रहे। प्रदेश के इंदौर जिले में देखा जाय तो यातायात की स्थिति अपेक्षाकृत ठीक नहीं है। प्रदेश में चार बड़े जिलों के विगत तीन साल में हुए सड़क हादसों पर गौर किया जाए तो इंदौर जिले में सबसे ज्यादा लोगों की जाने गईं हैं। भोपाल जिले में जरूर मौतों का ग्राफ कम हुआ है, जो कि यातायात सुधार का संकेत है।

### तीन साल में मौतों का आंकड़ा



भोपाल में हुए 3 साल के सड़क हादसों में मौतों का ग्राफ देखा जाय तो 944 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। वहीं इंदौर जिले में 1762 लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा जबलपुर में सड़क हादसों में 1449 और ग्वालियर में 1056 लोगों की मौत हुई है। एक हिसाब से देखा जाय जो हादसों में हुई मौतों में जबलपुर दूसरे और ग्वालियर तीसरे नंबर पर है।

अधिकारियों का कहना है कि इसमें जागरुकता और चैकिंग का असर भी माना जा सकता है। सड़क हादसों का ग्राफ कम करने के लिए पीटीआरआई द्वारा समय-समय पर सेमिनार भी आयोजित किए जा रहे है। इतना ही नहीं लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। वर्ष 2021, 2022 और 2023 के मध्यप्रदेश के चार बड़े जिलों के सड़क हादसे के आंकड़े एकत्रित किए गए है।

### बढ़ रही जागरूकता

यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है। पीटीआरआई भी समय समय पर सड़क हादसों को कम करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है।

**आरएस परिहार**, आईजी, पीटीआरआई

### सीआईएसएफ का हेड कांस्टेबल लापता

**भोपाल।** गोविंदपुरा स्थित केंद्रिय एथलीटीक्स टीम भेल भोपाल में अभ्यासरत हेड कांस्टेबल आदर्श सिंह का करीब बीस दिन बाद भी सुराग नहीं लगा। वे तृतीय आरक्षित वाहिनि भिलाई (छत्तीसगढ़) से सीआईएसएफ केंद्रिय एथलीटीक्स टीम भेल भोपाल में अभ्यासरत थे। गत 27 मई की शाम वह रहस्यमय तरीके से लापता हो गए। बल सदस्य ने उनकी हरसंभव तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका तो गोविंदपुरा पुलिस थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सीआईएसएफ प्रशासन भेल द्वारा आदर्श सिंह की तलाश की जा रही है। सीआईएसएफ प्रशासन ने अपील की है कि यदि वह किसी को नजर आए तो कृपया कर सीआईएसएफ प्रशासन को सूचित करें।

## शरीर के साथ आत्मा का भी उपचार जरूरीः आर्जव सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

अपने शरीर को स्वस्थ रखने व रोग निदान करने की तो अक्सर आदमी चिंता करता है, परंतु वह अपनी आत्मा के बारे में लापरवाह हो गया है। तभी तो संसार में पाप प्रवृत्तियां पनप रही हैं। मनुष्य को आत्मा का उपचार करना बहुत जरूरी है, तभी सुख शांति से जीवन का निर्वहन कर पाएगा। उपरोक्त बात आचार्य आर्जव सागर महाराज ने पटेल नगर स्थित महावीर दिगंबर जैन मंदिर में कहीं।

उन्होंने कहा कि जिस प्रकार रोगी को उपचार करने के लिए डॉक्टर या वेध के पास जाना पड़ता है, उस प्रकार अपनी आत्मा पर चिपके हुए भाव के अशुभ कर्मों से छुटकारा पाने के लिए संतों के पास जाना होगा, जो स्वयं कर्मों की निर्जरा के लिए कड़ी साधना कर रहे हैं। वे ही आत्मा का सही उपचार बता पाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि ध्यान रखना शरीर यदि निरोगी ना बन सका तो कोई बात नहीं, लेकिन आत्मा का यदि इस मनुष्य जन्म में भी उपचार नहीं किया तो फिर पता नहीं आगे कहां मौका मिलेगा भी या नहीं।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल वीरांगना रानी दुर्गावती के समाधि स्थल पर करेंगे नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े बलिदानी व्यक्तित्व समाज के लिए सदैव सम्माननीय रहेंगे। इनके बलिदान से आज की पीढ़ी को अवगत करवाना आवश्यक है। वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस 24 जून पर जबलपुर में हो रहे कार्यक्रम के साथ ही रानी दुर्गावती की जयंती पर आगामी 5 अक्टूबर को विभिन्न आयोजन किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को समत्व भवन से 24 जून को जबलपुर में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. विजय शाह और कलेक्टर जबलपुर ने कार्यक्रम की तैयारियों से अवगत करवाया। बैठक में मुख्य सचिव वीरा राणा, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय संजय कुमार शुक्ला, प्रमुख सचिव जनजातीय कार्य विभाग डॉ. ई रमेश कुमार एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव होंगे कार्यक्रम में सम्मिलित

कार्यक्रम में अन्य जन प्रतिनिधि और नागरिक भी शामिल होंगे। वीरांगना रानी दुर्गावती को उनके समाधि स्थल पर आदरांजलि दी जाएगी। इस अवसर पर एक अन्य कार्यक्रम में वेटनरी कॉलेज जबलपुर में संस्कृति विभाग की ओर से रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की जाएगी।

### जन्मशताब्दी समारोह के तहत हर माह कार्यक्रम

बैठक में बताया गया कि रानी दुर्गावती का यह 500 वां जन्मशताब्दी वर्ष है। पंच-शताब्दी जन्म महोत्सव के अवसर पर आने वाले 5 अक्टूबर को प्रदेश के जनजातीय बहुल जिलों में स्थित विद्यालयों में निबंध और क्विज के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले लोकतंत्र सेनानी संघ के पदाधिकारी



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से शनिवार को मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में लोकतंत्र सेनानी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। प्रतिनिधि मंडल की ओर से मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आगामी 26 जून को संघ द्वारा आपातकाल की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में तपन भौमिक, सुरेंद्र द्विवेदी और अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

### उज्जैन के चिकित्सकों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज शनिवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में प्रायवेट हॉस्पिटल और नर्सिंग होम एसोसिएशन, उज्जैन के पदाधिकारी गण ने सौजन्य भेंट की। पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का अंगवस्त्र से अभिनंदन किया। भेंट करने वालों में डॉ. राजेन्द्र बंसल, डॉ. कात्यायन मिश्रा, डॉ. सुशील गुप्ता, डॉ. श्रीपद, डॉ. मयंक और डॉ. हेमंत आदि शामिल थे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भोपाल उत्सव मेला समिति के प्रतिनिधि मंडल ने की भेंट



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज शनिवार को मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में भोपाल उत्सव मेला समिति के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की। प्रतिनिधि मंडल में समिति के अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल, चंद्रशेखर सोनी, अशोक गुप्ता, सुनील जैन, अजय सोगानी, अशोक साहू एवं राधेश्याम दांगी शामिल थे। इस अवसर पर विधायक भगवान दास सबनानी भी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### परसाई बने एमपी एग्रो यूनियन के प्रांत अध्यक्ष

**भोपाल।** शनिवार को एमपी एग्रो यूनियन की 40वीं वार्षिक साधारण सभा में चंद्रशेखर परसाई को 17वीं बार प्रांतीय अध्यक्ष चुना गया। संघ की साधारण सभा में की बैठक में 45 जिलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संघ के महामंत्री जेपीएस परमार ने महामंत्री की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कोषाध्यक्ष लियाकत खान ने आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया।

### श्रीवास्तव ने केंद्रीय उप सचिव को भेंट की पुस्तक

**भोपाल।** भारत सरकार में उपसचिव, भारत निर्वाचन आयोग की प्रेक्षक एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय भोपाल में 2013-14 में पदस्थ रहीं उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रूही खान को जनसंपर्क विभाग के संयुक्त संचालक प्रलय श्रीवास्तव ने अपनी पुस्तक 'मध्य प्रदेश में चुनाव और नवाचार' की प्रति भेंट की।



## केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से इस संबंध में की चर्चा

# मप्र ने केंद्र से जीएसडीपी का एक प्रतिशत अतिरिक्त लोन की अनुमति देने को कहा

**उप मुख्यमंत्री देवड़ा जीएसटी काउंसिल की बैठक में हुए शामिल**

**उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने राज्य की ओर से महत्वपूर्ण सुझाव एवं प्रस्ताव रखे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र ने केंद्र सरकार से नवंबर 2023 की जीएसटी की रुकी हुई आईजीएसटी सेटलमेंट की राशि 417.60 करोड़ रुपए रिलीज करने का अनुरोध किया है। राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ प्री बजट मीटिंग में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने राज्य की ओर से महत्वपूर्ण सुझाव एवं प्रस्ताव रखे। उन्होंने मप्र के लिए जीएसडीपी का एक प्रतिशत अतिरिक्त लोन प्राप्त करने की अनुमति देने का भी अनुरोध किया है।

उप मुख्यमंत्री देवड़ा शनिवार को नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से इस संबंध में चर्चा कर रहे थे। वित्त मंत्री सीतारमण ने जीएसटी काउंसिल की 53 वीं बैठक में राज्यों के वित्त मंत्रियों से जीएसटी सम्बन्धी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। देवड़ा ने मप्र की तरफ से अपना पक्ष रखा और विकास कार्यों में सहयोग मांगा।

### पिछले वित्त वर्ष में मिला था सहयोग



उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री देवड़ा ने केंद्रीय वित्त मंत्री को अवगत कराया कि पूंजीगत कार्यों के लिए निर्धारित मापदंडो की पूर्ति करने में प्रदेश सफल रहा है। वर्ष 2023-24 में भारत सरकार से इस योजना में 12637 करोड़ रुपए प्राप्त हुए थे। योजना के भाग एक के तहत 3,829 करोड़ की अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराई गई। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि विशेष केंद्रीय सहायता में वर्ष 2024-25 के लिए 10910 करोड़ रुपए के प्रस्ताव में से 4,318 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

### 2021-22 से लगातार राजस्व आधिक्य की स्थिति

देवड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र में अधोसंरचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने और अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए पूंजीगत कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। वर्ष 2023-24 में पूंजीगत कार्यों की राशि 60689 करोड़ रुपए थी, जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में यह राशि 46798 करोड़ थी। यह वृद्धि 29% है। उन्होंने मप्र के प्रदर्शन को देखते हुए केंद्र से अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराने की अपेक्षा की। देवड़ा ने यह भी रेखांकित किया कि मप्र में 2021-22 से लगातार राजस्व आधिक्य की स्थिति है। इसका श्रेय राज्य के कुशल वित्तीय प्रबंधन, विभागीय दक्षता और करदाताओं को जाता है।

### मप्र के हिस्से की शेष राशि 417.60 करोड़ रिलीज की जाए

जीएसटी काउंसिल बैठक में वित्त मंत्री देवडा ने कहा कि राज्य सरकार को जीएसटी के तहत नवंबर 2023 की आईजीएसटी सेटलमेंट की राशि 1878.94 करोड़ रुपए प्राप्त होनी थी, जिसमें से 1461.34 करोड़ राशि ही मप्र को प्राप्त हुई। उन्होंने अनुरोध किया कि मप्र के हिस्से की शेष राशि 417.60 करोड़ रुपए रिलीज की जाए। केन बेतवा लिंक परियोजना एवं वर्ष 2028 में होने वाले उज्जैन सिंहस्थ के प्रबंधन के लिए अधिकतम राशि उपलब्ध कराई जाएं।

### जीएसटी संग्रहण में 2 लाख करोड़ की सीमा के पार का रिकॉर्ड बना

उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने श्रीमती सीतारमण का दोबारा केन्द्रीय वित्त मंत्री का पदभार ग्रहण करने पर मप्र की ओर से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जीएसटी काउंसिल के सभी सदस्यों के सहयोग से जिस कुशलता से अध्यक्षता की है और अभूतपुर्व निर्णय लिए हैं, उससे देश के जीएसटी राजस्व संग्रहण में 2 लाख करोड़ के पार जाने का रिकॉर्ड बना है।

## मुख्यमंत्री ने जिलों में होने वाले विकास कार्यों की ली जानकारी

# हर जिले के विकास का आगामी पांच वर्ष के लिए बनाएं रोड मैप, प्राथमिकता से पूरे हों तय कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में विकास के कार्य निरंतर चलते रहें। हर जिले में विकास कार्यों को पूरा करने के लिए रोड मैप तैयार कर लिया जाए। जिले के विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए विधानसभा और लोकसभा क्षेत्र वार भी विकास कार्यों का विभाजन कर लिया जाए। आगामी चार- पांच वर्षों के लिए यह रोड मैप तैयार किया जाए। विकास कार्यों को प्राथमिकता निर्धारित कर पूरा करने की योजना भी बनाई जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव समत्व भवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों के विकास कार्यों की जानकारी ले रहे थे। वीडियो कांफ्रेंसिंग में जिलों से मंत्रीमण्डल के सदस्य, सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी वर्चुअली जुड़े। समत्व भवन कक्ष में मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डा राजेश राजौरा, हितानंद सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता वाली योजनाओं का लाभ किसानों, महिलाओं, गरीबों और युवाओं को पात्रतानुसार मिले। कोई भी हितग्राही जनहितैषी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में सबसे अधिक लगभग चार करोड़ आयुष्मान कार्ड बने हैं।

### मुख्यमंत्री ने दिया एक जिला एक उत्पाद की मार्केटिंग पर जोर



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद की मार्केटिंग हो। रोजगारपरख कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की बेहतर भूमिका रहे। जल गंगा संवर्धन अभियान और वृक्षारोपण अभियान बड़े पैमाने पर चलता रहे। वृक्षारोपण अभियान के तहत अच्छे छायादार और फलदार पौधे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि जबलपुर, इंदौर, भोपाल सहित विभिन्न जिलों में पौधे लगाने का कार्य अच्छा हुआ है और बड़ी संख्या में पौधे लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल चलें अभियान, कॉलेज चलें अभियान के अंतर्गत कोई भी विद्यार्थी प्रवेश से वंचित न रहे। आंगनवाड़ियों का संचालन बेहतर हो। आंगनवाड़ियों में केजी वन और केजी टू की कक्षाएं शुरू की जाएंगी। इसके लिए प्रशिक्षण जल्द शुरू होगा। अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रावास और आश्रमों का भी भ्रमण कर जनप्रतिनिधि व्यवस्थाएं सुधारने में सहयोग करें। सभी स्थानीय निकायों के कार्यालय नियमित रूप से खुलें। जन प्रतिनिधियों का जिला प्रशासन से अच्छा समन्वय हो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर बनी रहे। गोवंश अधिनियम के अंतर्गत गोवंश के अवैध परिवहन पर सख्ती से कार्यवाही की जाए। राज्य सरकार ने गौ शालाओं के मानदेय की राशि दोगुनी कर दी है। प्रदेश में एक हजार गौ शालाओं का संचालन किया जाना है। कोई भी गौ माता बाहर सड़कों पर न घूमें, इसके लिए सब मिलकर प्रयास करें। आवश्यकतानुसार सहकारिता समितियां गठित की जाएंगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाढ़ से बचाव संबंधी सभी उपाय पहले से ही सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व संबंधी कार्यों का निराकरण शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में श्री अन्न (कोदो-कुटकी) को बढ़ावा देने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी, जनप्रतिनिधि सरकार के अंग हैं। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के आपसी समन्वय में किसी भी प्रकार की दूरी न रहे।

## मृतका के परिजनों के साथ मीडिया से चर्चा

# ममता यादव हत्याकांड में पूर्व सीएम दिग्विजय ने लिखा डीजीपी को पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल।

अशोकनगर के चंदेरी की ममता यादव की गुमशुदगी और फिर मौत का मामले में शनिवार को पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने ममता यादव की मां और भाई साथ मीडिया से चर्चा की। दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि किसी नेता ने सुपारी देकर ममता यादव की हत्या कराई है। उन्होंने डीजीपी को इस संबंध में एक पत्र भी लिखा है। जिसमें ममता यादव की मौत को हत्याकांड बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। साथ ही अशोकनगर पुलिस की संदिग्ध भूमिका की जांच और मृतका के परिजन को सुरक्षा देने की भी मांग की। उन्होने कहा- एक बहुत संगीन मामला मेरे पास आया है,जो कि एमपी और यूपी पुलिस से संबंधित है।



## अतिथि शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

# पंचायत की घोषणाओं के आदेश जारी कर महीने में निश्चित तिथि को वेतन दिया जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल।

आजाद स्कूल अतिथि शिक्षक संघ ने शनिवार को अपनी मांगों को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय के बाहर प्रदर्शन कर नारेबाजी की। बिना अनुमति के प्रदर्शन कर रहे अतिथि शिक्षकों को पुलिस ने हिरासत में लेकर दूसरे इलाकों में छोड़ दिया। अतिथि शिक्षकों का कहना था कि अतिथि शिक्षक पंचायत में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कई घोषणाएं की थी। जिसके आदेश जारी कराने और अन्य समस्याओं का निराकरण कराने को लेकर यहां पहुंचे हैं। अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर अतिथि शिक्षकों की विभागीय पात्रता परीक्षा आयोजित कर नियमित शिक्षक बनाया जाए। इसके अलावा अतिथि शिक्षक पंचायत में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणाओं के आदेश अतिशीघ्र जारी किए जाएं। वहीं अनुभव और वरिष्ठता के आधार पर अतिथि शिक्षकों का पूरे एक वर्ष का अनुबंध करने का आदेश जारी किए जाएं।

# भर्ती परीक्षाओं का जिम्मा दो एजेंसियों को सौंपने का फैसला अव्यवहारिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल।

मप्र महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल ने शनिवार को मप्र कर्मचारी चयन मंडल के एक ताजा फैसले पर सवाल खड़ा किया है। उन्होने कहा कि सरकारी रिक्त पदों की भर्ती परीक्षा में अब 2 एजेंसियों को नियुक्त करने का निर्णय अव्यवहारिक है। एक एजेंसी परीक्षा कराएगी तो दूसरी एजेंसी एग्जाम कराने वाली एजेंसी पर निगरानी रखेगी। ये काफी हास्यास्पद है। करीब 200 करोड़ रुपए की बर्बादी है। अभी मप्र कर्मचारी चयन मंडल में संचालक, परीक्षा नियंत्रक समेत विभिन्न संवर्ग के 120 से ज्यादा अधिकारी एवं दर्जनों कर्मचारी हैं। इनसे काम लेने और इनकी जवाबदेही तय करने के बदले नया फॉर्मूला सफल नहीं हो पाएगा क्योंकि एजेंसी की निगरानी करने और एक ओर एजेंसी तय करने का अर्थ गड़बड़ी करने वालों को पिछले दरवाजे से अवसर देना।



## कर्जे के बावजूद मंत्रियों के लिए लग्जरी गाड़ियां खरीद रही सरकार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार द्वारा लगातार लिए जा रहे कर्ज को लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने कहा है कि पौने चार लाख करोड़ के बड़े और भारी कर्ज में डूबी मध्य प्रदेश सरकार अपने मंत्रियों के लिए पांच करोड़ में लग्जरी गाड़ियां खरीदने जा रही है। बताया जा रहा है कि 25 नई चमचमाती गाड़ियां इसी माह के अंत तक आ जाएंगी। उन्होंने कहा कि नई गाड़ियों की डिलीवरी के लिए अगस्त की डेट मिली थी, लेकिन मंत्री इसी माह गाड़ियों की डिमांड कर रहे हैं। दबाव में सरकार ने जून के अंत तक लग्जरी गाड़ियां देने का अनुरोध किया है। जबकि पांच मंत्रियों को नई गाड़ियां पहले ही मिल चुकी हैं। पटवारी ने आगे कहा कि सुख-सुविधाओं पर करोड़ों खर्च कर चुकी प्रदेश सरकार में अब इतनी भी नैतिकता नहीं बची है कि लग्जरी खर्च को कम कर सके।



# डॉ. मुखर्जी: निष्काम, नि:स्वार्थ, निष्कपट राज-योगी



बलिदान दिवस

विष्णुदत्त शर्मा

1953 में जनसंघ के पहले अधिवेशन में उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू की कश्मीर नीति का विरोध करते हुए कहा था कि एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे। डॉ. मुखर्जी ने कहा था कि दुनिया को यह पता होना चाहिए कि भारत महज एक थ्योरी या परिकल्पना नहीं है, बल्कि एक यथार्थ है, एक ऐसा देश जहां हिंदू, मुसलमान, ईसाई और सभी बिरादरी के लोग बगैर किसी भय के समान अधिकारों के साथ रह सकेंगे। यही हमारा संविधान है, जिसे हमने बनाया है और पूरी शिद्दत, निष्ठा और ताकत से लागू करने जा रहे हैं। डॉ. मुखर्जी मानते थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे।

जम्मू-कश्मीर को भारतीय संविधान के दायरे में लाने और एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान (झंडा) के विरोध में सबसे पहले आवाज उठाने वाले भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का आज बलिदान दिवस है। कश्मीर से विरोधाभासी प्रावधानों की समाप्ति के लिए उन्होंने लंबा संघर्ष किया, लेकिन चाहकर भी उनका यह स्वप्न उनके जीते जी पूरा नहीं हो पाया और रहस्यमय परिस्थितियों में 23 जून 1953 को उनकी मृत्यु हो गई। उनका यह स्वप्न स्वतंत्रता प्राप्ति के 70 वर्ष बाद तब पूरा हुआ जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने अगस्त 2019 में संसद में संविधान के अनुच्छेद 370 एवं 35ए को समाप्त करने का बिल पारित कराया। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व का समग्र विश्लेषण उन्हें उन युग-पुरुषों में स्थापित करता है, जो वर्तमान की दहलीज पर बैठकर भविष्य की सामाजिक और राजनीतिक गणनाओं का आंकलन करने में समर्थ थे।

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी बंगाली भद्रलोक के ऐसे प्रभावशाली परिवार में जन्मे थे, जो उस समय बंगाल में अपनी बौद्धिकता के लिए विख्यात था। मात्र 33 साल की उम्र में डॉ. मुखर्जी कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बन गए थे। इतनी कम उम्र में कुलपति बनने वाले वो पहले भारतीय थे। मुस्लिम लीग सुनियोजित तरीके से ब्रिटिश-शासन की मदद से भारत के पूर्वी हिस्सों में हिंदुओं को हाशिए पर ढकेल रही थी। डॉ. मुखर्जी ने संकल्प लिया था कि मुस्लिम लीग की कट्टरता के खिलाफ वो हिंदू-समाज को जागृत करेंगे। इसी के मद्देनजर उन्होंने बंगाल में सक्रिय कृषक प्रजा पार्टी के प्रमुख फजल-उल-हक और बंगला के जाने-माने महाकवि काजी नजरूल इस्लाम के साथ इस काम को आगे बढ़ाया।

1939 में वो हिंदू महासभा के अध्यक्ष बन गए। उन्होंने घोषणा की कि संयुक्त भारत के लिए तत्काल समग्र स्वतंत्रता हासिल करना हिंदू महासभा का मूल उद्देश्य है। हिंदू महासभा में शामिल होने के बाद जब डॉ. मुखर्जी गांधी जी से मिलने पहुंचे, तो गांधीजी ने उनसे कहा था कि सरदार पटेल हिंदू मनोमस्तिष्क से ओतप्रोत कांग्रेसमैन हैं, आप हिंदू महासभाई हो, जिसका ह्दय कांग्रेस का है। यही देश के हित में है।

महात्मा गांधी के कहने पर ही पं. नेहरू ने डॉ. मुखर्जी को अपनी कैबिनेट में शामिल किया था। पं. नेहरू की कैबिनेट में रहते हुए डॉ. मुखर्जी ने कई बड़े काम किए। पं. नेहरू भी उनके कामों के कायल थे, लेकिन पाकिस्तान, कश्मीर या शरणार्थियों जैसे मसलों में दोनों के बीच व्यापक और गहरी राजनीतिक असहमति थी। धारा 370, हिंदू कोड बिल और समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों पर भी पं. नेहरू से उनकी पटरी कभी भी नहीं बैठ पाई। ये ही वो कारण हैं, जो अंततः नेहरू कैबिनेट से उनके इस्तीफा का कारण बने।

आजादी के पहले बंगाल में मुस्लिम लीग के प्रभुत्व के विरुद्ध डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जबरदस्त संघर्ष किया और देश को होने वाले नुकसान से बचा लिया। विभाजन के समय भी डॉ. मुखर्जी ने देश की जनता और नेतृत्व को आगाह किया था कि पाकिस्तान सांप्रदायिक समस्या का कोई हल नहीं है। इससे वह और उग्र होगी, जिसका परिणाम गृहयुद्ध होगा। हमें इससे आंखें नहीं मूंदना चाहिए कि पाकिस्तान की लालसा का स्त्रोत वस्तुतः शासन सत्ता के रूप में इस्लाम की पुनःप्रतिष्ठा करने की इच्छा है।



1953 में जनसंघ के पहले अधिवेशन में उन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू की कश्मीर नीति का विरोध करते हुए कहा था कि एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे, नहीं चलेंगे। नेहरू-सरकार की नीतियों से असहमत होने के बाद लोकसभा में दिया गया उनका भाषण ऐतिहासिक है। अगस्त 1952 में लोकसभा में कश्मीर के मुद्दे पर भाषण देते हुए डॉ. मुखर्जी ने कहा था कि दुनिया को यह पता होना चाहिए कि भारत महज एक थ्योरी या परिकल्पना नहीं है, बल्कि एक यथार्थ है, एक ऐसा देश जहां हिंदू, मुसलमान, ईसाई और सभी बिरादरी के लोग बगैर किसी भय के समान अधिकारों के साथ रह सकेंगे। यही हमारा संविधान है, जिसे हमने बनाया है और पूरी शिद्दत, निष्ठा और ताकत से लागू करने जा रहे हैं। डॉ. मुखर्जी मानते थे कि सांस्कृतिक दृष्टि से हम सब एक हैं इसलिए धर्म के आधार पर वे विभाजन के कट्टर विरोधी थे। वो मानते थे कि विभाजन संबंधी परिस्थितियां ऐतिहासिक और सामाजिक कारणों से उत्पन्न हुई थीं। वे कहते थे- आधारभूत सत्य यह है कि हम सब एक हैं, हममें कोई अंतर नहीं है, हम एक ही रक्त के हैं, एक ही भाषा, एक ही संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है।

डॉ. मुखर्जी महान शिक्षाविद्, निरभिमानी देशभक्त, राजनीतिक चिंतक और सामाजिक दृष्टा थे। प्रखर राष्ट्रवादी के रूप में वो हमेशा देश में पहली पायदान पर खड़े मिलेंगे। वे सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थे। सार्वजनिक जीवन में उनकी राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का निस्वार्थ और त्याग-जनित लोकार्पण उन्हें असाधारण बनाता है। वो पं. नेहरू की नीतियों के मुखर आलोचक और विरोधी थे। वो महज एक अलग राजनीतिक विचारधारा के पोषक होने के नाते नेहरू का विरोध नहीं करते थे। वे एक सुविचारित और भारतीय संस्कृति के अनुकूल राजनीतिक दर्शन के प्रणेता थे और उसी के निर्धारित मानदंडों के आधार पर विषयों को तौल कर विरोधियों से वाद-विवाद करते थे। विरोध के लिए विरोध और बोलने के लिए बोलना, उनके राजनीतिक आचरण से कोसों दूर था। संसदीय शिष्टाचार के वो कट्टर अनुपालक थे। उनकी आलोचनाएं रचनात्मक होती थी और सुझाव विचारपूर्ण होते थे। इसीलिए वो अपने समकालीन सांसदों में सबसे ज्यादा सम्मानित और विश्वसनीय नेता थे। कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता उनके गंभीर परामर्शों को अनसुना नहीं करते थे।

राजनीतिक मलिनताओं के बीच उनके व्यक्तित्व की प्रखरता अलग ही दमकती थी। वो किस मिट्टी के बने थे, इसकी झलक 07 जनवरी 1939 को लिखे डायरी के उस पन्ने में मिलती है, जिसकी इबारत उपासना के मार्मिक उद्गारों में उद्घाटित होती है कि हे प्रभु, मुझे निष्ठा, साहस, शक्ति और मन की शांति दीजिए। मुझे दूसरों का भला करने की हिम्मत और दृढ़ संकल्प दीजिए। मुझे अपना आशीर्वाद दीजिए कि सुख में भी और दुख में भी आपको याद करता रहूं और आपके स्नेह में पलता रहूं। हे प्रभु, मुझसे हुई गलतियों के लिए क्षमा कीजिए और मुझे सत्प्रेरणा देते रहिए। राजनीति में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे निष्काम, निस्वार्थ, निष्कपट राज-योगी का अवतरण बिरले ही होता है।

(लेखक मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष व खजुराहो सांसद हैं)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# डिजिटल ठग कर सकते हैं कंगाल, रहें सावधान

अलर्ट

विनोद कौशिक



अगर आप भी शेयर बाजार में निवेश कर रहे हैं या करने जा रहे हैं तो कुछ बातें पल्ले बांध लें, वरना भारी नुकसान हो सकता है। सबसे जरूरी तो निवेश करने से पहले अपने लक्ष्य तय कर लें और सधी शुरूआत करें। निवेश करने के लिए पहले बाजार के बारे में जान लें, किताबें पढ़ें, अखबार पढ़ें या बाजार के जानकारों से सलाह भी ले सकते हैं, लेकिन निवेश अपनी समझदानी से ही करें। निवेश के लिए डिजिटल मचों के झांसे में न आएं, ये आपको कंगाल कर सकते हैं। खासकर इंस्टाग्राम, फेसबुक और टेलीग्राम चैनल्स के टिप्स लेकर निवेश करने से बचें। ये मंच आपको बड़ा चूना लगवा सकते हैं। इसलिए ध्यान रखें और खुद रिसर्च करने के बाद ही बाजार में उतरें। दरअसल, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज यानी एनएसई ने भी निवेशकों को उस इंस्टाग्राम और टेलीग्राम चैनल के प्रति आगाह किया है जो निवेश से संबंधित टिप्स देने का दावा करते है। एक्सचेंज ने निवेशकों को डब्बा/इल्लीगल ट्रेडिंग के माध्यम से ट्रेडिंग सर्विसेज प्रदान करने वाली एंटिटी के खिलाफ भी चेतावनी दी।

## रिटर्न देने में ईएलएसएस फंड भी पीछे नहीं, बचाते हैं टैक्स

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

महंगाई के इस दौर में हर कोई कमाई के चक्कर में रहता है। कोई बाजार में निवेश करके कमाता है तो कोई मेहनत मजदूरी करके कमाई करता है। हर कोई कोई अपने सुनहरे भविष्य के लिए निवेश भी करता है। बाजार में निवेश करने के ढेरों तरीके हैं। सबके अपने-अपने लाभ और नुकसान हैं। कुछ लोग तो टैक्स बचाने के लिए भी निवेश करते हैं। म्यूचुअल फंडों की बात करें तो ईएलएसएस फंड टैक्स बचाने और बढ़िया रिटर्न पाने का बेहतरीन तरीका हो सकते हैं। निवेशकों की कमाई करवाने में ईएलएसएस फंड भी पीछे नहीं है। ये फंड बढ़िया रिटर्न देने के साथ-साथ टैक्स बचाने के लिए भी जाने जाते हैं। निवेशकों में ये फंड भी काफी लोकप्रिय माने जाते हैं। पिछले 10 सालों में ईएलएसएस या टैक्स-सेविंग म्यूचुअल फंडों का रिटर्न काफी अच्छा रहा है। करीब चार टैक्स-सेविंग म्यूचुअल फंड स्कीमों ने हर महीने 30,000 रुपए के एसआईपी निवेश को इस अवधि में 1 करोड़ रुपए में बदल दिया है। आंकड़ों के अनुसार इस दौरान लगभग 26 ईएलएसएस या टैक्स-सेविंग म्यूचुअल फंड मार्केट में हैं। टैक्स सेविंग या ईएलएसएस स्कीमों की सलाह उन निवेशकों को दी जाती है कि जो आयकर अधिनियम की धारा 80सी के तहत टैक्स बचाना चाहते हैं। निवेशक इन स्कीमों में अधिकतम 1.5 लाख रुपए की टैक्स कटौती क्लेम कर सकते हैं। ईएलएसएस फंड तीन साल की लॉक-इन अवधि के साथ आते हैं। इसलिए से अच्छा रिटर्न दे जाते हैं। तेजी से करोड़पति बनाने वालों में क्वांट ईएलएसएस टैक्स सेवर फंड कैटेगरी में सबसे ऊपर रहा है।

## कार्यालय नगर परिषद शमशाबाद

### द्वितीय निविदा विज्ञप्ति

क्रमांक / /ई-टेन्डरिंग/2024/326 शमशाबाद, दिनांक -21.06.2024

निम्न निर्माण कार्य हेतु निकाय द्वारा वेबसाईट http://www.mpetenders.gov.in पर निविदा आमंत्रित की गई है निविदा प्रपत्र वेबसाईट पर दिनांक 21.06.2024 से 06.07.2024 तक डाउनलोड की जा सकती है। विस्तृत निविदा सूचना आमंत्रण एवं अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है निविदा संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट पर ही प्रकाशित की जावेगी समाचार पत्र में नहीं।

| एन.आई.टी. क्र. | टेंडर आई.डी. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | ठेकेदार की श्रेणी | निविदा प्रपत्र | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 326/ 21.06.2024 | 2024_UAD _352616_1 | Interception and Diversion of Nallahs with STP works project of shamshabad town under SBM 2.0 | 35273000.00 | 176365.00 | म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार | 16534.00 | 12 माह वर्षा ऋतु सहित |

शर्तें -

01. निविदा की वैधता निविदा खोले जाने के दिनांक से 180 दिन तक की होगी।
02. निविदा प्रपत्र क्रय करने से पूर्व ठेकेदार को उचित श्रेणी में पंजीकृत प्रमाण-पत्र की प्रति फर्म होने की दशा में साझेदारी की डीड एवं पावर ऑफ एटार्नी की प्रति प्रस्तुत करना होगा एवं अमानत राशि ऑनलाईन ही स्वीकार होगी।
03. निर्माण कार्य में नर्मदा सेन्ड का उपयोग करना अनिवार्य है।
04. निर्माण कार्य में उपयोग होने वाली समस्त सामग्रीयों का परीक्षण शासकीय मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में कराना होगा।
05. निर्माण कार्य में बेचिंग प्लांट वाईब्रेटरी रोलर एवं इलेक्ट्रॉनिक सेंसर पेवर का उपयोग करना अनिवार्य होगा।
06. निर्माण कार्य के प्राक्कलन ड्राईंग-डिजाइन एवं संबंधित अन्य जानकारी कार्यलयीन समय में नगर पालिका लोक निर्माण शाखा से ली जा सकती है।
07. म.प्र. नगर पालिका (प्रेसीडेन्ट इन कोंसिल के कामकाज का संचालन तथा प्राधिकारीयों की शक्तियां एवं कर्तव्य) नियम 1998 का नियम 7 (3) के अनुसार संविदाकारों से अनुबंध सम्पादन के समय तीन प्रतिशत प्रतिभूति राशि व सात प्रतिशत चल देयक में से कार्य की अनुमानित लागत या सामग्री या माल के अनुमानित मूल्य की जमा कराई जाना होगी।
08. निकाय द्वारा 18 प्रतिशत जी.एस.टी. की राशि पृथक से देय होगी।

अध्यक्ष, नगर परिषद शमशाबाद | उपयंत्री, नगर परिषद शमशाबाद | मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद शमशाबाद

## OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL NARMADAPURAM (M.P.)

cmohoshangabad@mpurban.gov.in

NIT no./1343/ E-Tendering/NPN/2024 Narmadapuram Date :- 20/06/2024

// Notice Inviting Tenders //

(First call)

Online percetage rate bids for the following works are invited from registered contractors and firms of repute fulfilling registration criteria-

| SL No. | Tender No. | Name of work | Probable Amount of Contract | Earnest Money Deposit | Cost of Bid Document | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_UAD_352079_1 | BEAUTIFICATION AND CONSTRUCTION WORK AT BHOPAL SQUARE NARMADAPURAM M.P. | 10712222/- | 53562/- | 12500/- | 06 Months (with rainy season) |

The Bid Document can be Download only online from 20/06/2024 (10:00) to 20/07/2024 (17.30) for more information:- https://mptenders.gov.in

Chief Municipal Officer
Municipal Council Narmadapuram
District-Narmadapuram M.P.

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री नया वि./यां. संभाग राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल

### ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल फोन -0755 2463613

क्रमांक 01 से 09/व.ले.लि./24-25 **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक 13/06/2024

निम्न लिखित कार्यो हेतु निविदाएं, मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में उचित श्रेणी में पंजीकृत विद्युत ठेकेदारों (ठेकेदारों की श्रेणी कॉलम में उद्धृत अनुसार) से आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | एन.आई.टी. क्र. | सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 01/24-25 व.ले.लि.दि. 13.06.2024 | 2024 सी.पी.ए. 351304 | विन्ध्याचल भवन मे स्थित एन.के.एन.डाटा सेन्टर स्थित स्पीलिट एवं कैसेट टाइप ए.सी. का वार्षिक संधारण कार्य। | रू. 74142.00 | रू. 1500.00 | रू. 1000.00 | केनद्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत निविदाकार ब श्रेणी विद्युत लाईसेंस धारक। |
| 2. | 02/24-25 व.ले.लि.दि. 13.06.2024 | 2024 सी.पी.ए. 351307 | मुख्य निर्वाचन भवन में 01 नग एलीवेटर ओटिस मेक का वार्षिक संधारण कार्य। | रू. 307230.00 | रू. 6145.00 | रू. 2000.00 | - तदैव - |
| 3. | 03/24-25 व.ले.लि.दि. 13.06.2024 | 2024 सी.पी.ए. 351308 | विन्ध्याचल भवन में स्थित विधि विभाग में Gas Changing VRV/VRF में सिस्टम का प्रदाय रिपेरिंग एवं Servicing कार्य। | रू. 206973.00 | रू. 4139.00 | रू. 2000.00 | - तदैव - |
| 4. | 04/24-25 व.ले.लि.दि. 13.06.2024 | 2024 सी.पी.ए. 351309 | मुख्य निर्वाचन भवन में विभिन्न प्रकार के ए.सी. का वार्षिक संधारण | रू. 314326.00 | रू. 6286.00 | रू. 2000.00 | - तदैव - |
| 5. | 05/24-25 व.ले.लि.दि. 13.06.2024 | 2024 सी.पी.ए. 351310 | बल्लभ भवन-1, 24 शूट रेस्ट हाउस, सी.पी.ए. भवन इत्यादि में स्थापित कुलरो का रिपेयरिंग एवं स्पेयर पार्ट बदलने का कार्य। | रू. 633320.00 | रू. 12666.00 | रू. 2000.00 | - तदैव - |
| 6. | 06/24-25 व.ले.लि.दि. 13.06.2024 | 2024 सी.पी.ए. 351312 | बल्लभ भवन -3 में आंतरिक विधुतीकरण कार्य। | रू. 1690504.00 | रू. 33810.00 | रू. 2000.00 | - तदैव - |
| 7. | 07/24-25 व.ले.लि.दि. 13.06.2024 | 2024 सी.पी.ए. 351313 | आवासीय क्वॉटर में रिप्लेसमेंट एवं आंतरिक विधुतीरण कार्य। | रू. 1999155.00 | रू. 39983.00 | रू. 2000.00 | - तदैव - |
| 8. | 08/24-25 व.ले.लि.दि. 13.06.2024 | 2024 सी.पी.ए. 351315 | बल्लभ भवन-2में केबल एवं अन्य एसेसरीज प्रदाय एवं स्थापना का कार्य। | रू. 600000.00 | रू. 12000.00 | रू. 2000.00 | - तदैव - |
| 9. | 09/24-25 व.ले.लि.दि. 13.06.2024 | 2024 सी.पी.ए. 351316 | विन्ध्याचल भवन, सी.ई.ओ. भवन, राज्य निर्वाचन आयोग एवं आवासीय क्वॉटर इत्यादि में स्थापित सिलिंग फेन, एग्जॉस्ट फेन का रिपेयरिंग एवं रिवाइडिंग कार्य। | रू. 702425.00 | रू. 14049.00 | रू. 2000.00 | - तदैव - |

(1) उपरोक्त वेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (tender documents) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। (2) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 25.06.2024 से 10.07.2024 सांय 5.30 बजे निर्धारित है। (3) विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकता है।

जी - 12118/24

देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले ।

(कालीचरण) कार्यपालन यंत्री,
नया वि/ यॉ संभाग,राजधानी परियोजना प्रशासन भोपाल मो.क्र. 07869135540

## कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक /2506/2024/ जेम बिड आमंत्रण सूचना विदिशा, दिनॉक 21/06/2024

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्य हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से जेम बिड का आमंत्रण किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्रं. | जेम बिड नं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | अमानत राशि | बिड की अंतिम दिनॉक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2024/B/ 5068671 | Supply and Installation of Road Safety Equipment in vidisha city | 4724484.00 | 35400.00 | 26/07/2024 |

1- बिड से सम्बन्धित, समस्त शर्ते एवं जानकारी https://www.gem.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा से कार्यालयीन दिवसों में कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती हैं। इसके बाद किसी प्रकार का संशोधन होने पर वेवसाईट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद विदिशा (म.प्र.)

## न्यायालय नायब तहसीलदार बैरागढ़ चीचली वृत्त तहसील कोलार भोपाल म.प्र.

प्रकरण क्रं. 248/अ-6/24-25

-: **इश्तहार** :-

आवेदक पायल वार्ष्णेय पत्नि राहुल कौशिक निवासी ग्राम नयापुरा कोलार रोड द्वारा ग्राम नयापुरा स्थित खसरा नंबर 7, 9, 11/1/1, 10/1 क्षेत्रफल 600 व.फु. पर विक्रयपत्र / फौती / वसीयतनाम के आधार पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतएव आवेदक के उपरोक्त आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक 03/07/2024 के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई भी विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील कोलार, भोपाल

## कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1484

ई मेल - mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

फोन -0755-2553402 फैक्स -0755-2552406

निविदा सूचना क्रमांक-574/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई.टेंडरिंग भोपाल, दिनांक : 19/06/2024

### // निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्न कार्यो हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 09-07-2024 को 17:30 बजे तक क्रय /डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू. लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_WRD_247960 | तरपेड़ मुख्य नहर का रखरखाव, जंगल एवं निगरानी का कार्य। | छतरपुर | 6.68 |
| 2 | 2024_WRD_341619 | उपसंभाग राणापुर के 13 नग तालाबों के 20 नग जलद्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 1.38 |
| 3 | 2024_WRD_341620 | उपसंभाग जोबट के 08 नग तालाबों के 13 नग जल द्वारों का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 1.27 |
| 4 | 2024_WRD_342142 | सरस्वती नगर, जवाहर चौक, भोपाल स्थित मकान नं. आईएफ-3 में मरम्मत एवं सुधार का कार्य। | भोपाल | 5.00 |
| 5 | 2024_WRD_342144 | प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल के अन्तर्गत मासिक किराये पर वाहनों का प्रदाय। | भोपाल | 17.38 |
| 6 | 2024_WRD_343708 | सागर जिले के विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के विभिन्न आकार के 19 नग जल द्वारों के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 2.04 |
| 7 | 2024_WRD_343709 | सागर जिले के विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के विभिन्न आकार के 19 नग जल द्वारों के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 2.00 |
| 8 | 2024_WRD_343710 | टीकमगढ़ जिले के विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के 16 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 1.98 |
| 9 | 2024_WRD_343711 | पन्ना जिलें के विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के 10 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 1.50 |
| 10 | 2024_WRD_343712 | पन्ना जिलें के विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के 11 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 1.50 |
| 11 | 2024_WRD_343713 | कटनी जिले में विभिन्न लघु सिंचाई जलाशयों के 24 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 2.30 |
| 12 | 2024_WRD_343715 | छतरपुर जिले में विभिन्न लघु सिंचाई जलाश्यों के 26 नग जलद्वारों के मरम्मत एवं अन्य कार्य। | सागर | 2.29 |
| 13 | 2024_WRD_343717 | पंचमनगर बैराज में स्थापित 14 नग रेडियल गेटों सहित शीर्ष जलद्वारों व इलेक्ट्रिक पेनल का मरम्मत, रखरखाव एवं अन्य कार्य। | सागर | 1.88 |
| 14 | 2024_WRD_343718 | पगरा मध्यम सिंचाई परियोजना में स्थापित 11 नग रेडियल गेटों सहित शीर्ष जलद्वारों व इलेक्ट्रिक पेनल का मरम्मत, रखरखाव एवं अन्य कार्य। | सागर | 1.94 |
| 15 | 2024_WRD_343719 | पवई मध्यम सिंचाई परियोजना पर निर्मित गैलरी में डिवाटरिंग सिस्टम के अवयवों सहित स्थापित डी.जी. सेट व शीर्ष जलद्वारों का मरम्मत, रखरखाव एवं अन्य कार्य। | सागर | 1.99 |
| 16 | 2024_WRD_343725 | उपसंभाग मल्हारगढ के विभिन्न तालाबों के स्लूस गेटों का मरम्मत कार्य। | उज्जैन | 0.96 |
| 17 | 2024_WRD_346232 | उपसंभाग भोपाल के बैराजो के गेटों को खोलने एवं लगाने का कार्य। | भोपाल | 2.41 |
| 18 | 2024_WRD_346238 | उपसंभाग बैरसिया के बैराजो के गेटों को खोलने एवं लगाने का कार्य। | भोपाल | 8.42 |
| 19 | 2024_WRD_346241 | कालियासोत शीर्ष कार्य उपसंभाग, क्रमांक-1, भोपाल के बैराजो के गेटों को खोलने एंव लगाने का कार्य। | भोपाल | 1.70 |
| 20 | 2024_WRD_346243 | जल संसाधन संभाग, भोपाल हेतु वाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 13.23 |
| 21 | 2024_WRD_347396 | कुण्डालिया बांध वृहद परियोजना की गैलरी डीवाटिरिंग एवं विद्युत कार्य हेतु कुशल, अर्धकुशल व अकुशल श्रमिक का प्रदाय। | भोपाल | 5.11 |
| 22 | 2024_WRD_347783 | रेहटी मध्यम परियोजना हेतु कुशल व अकुशल श्रमिक का प्रदाय। | भोपाल | 3.49 |
| 23 | 2024_WRD_347784 | बघरू मध्यम परियोजना हेतु कुशल व अकुशल श्रमिका का प्रदाय। | भोपाल | 3.49 |
| 24 | 2024_WRD_348012 | संवासाड़ा तलाबा की नहर मरम्मत कार्य। | राजगढ़ | 0.57 |
| 25 | 2024_WRD_348043 | उपसंभाग सैलाना के खेडी तालाब के स्लूस गेट का सुधार कार्य। | उज्जैन | 0.28 |
| 26 | 2024_WRD_348044 | रेतम बैराज मल्हारगढ़ के डी.जी. सेट व रेडियल गेटों का वर्षा पूर्व सुधार एवं रखरखाव कार्य। | उज्जैन | 4.05 |
| 27 | 2024_WRD_348045 | काका साहेब गाडगिल सागर बांध मल्हारगढ़ के डी.जी. सेट व रेडियल गेटों का वर्षा पूर्व सुधार एवं रखरखाव कार्य। | उज्जैन | 3.07 |
| 28 | 2024_WRD_348223 | सेमरी जलाशय के स्लूस वेल का विशेष मरम्मत कार्य। | मंडला | 3.41 |
| 29 | 2024_WRD_348509 | सापन एल.आई.एस. विदिशा हेतु कुशल एवं अकुशल श्रमिक का प्रदाय। (द्वितीय आमंत्रण) | भोपाल | 3.25 |
| 30 | 2024_WRD_348510 | कोलार वृहद परियोजना हेतु कुशल व अकुशल श्रमिका का प्रदाय। | भोपाल | 2.99 |
| 31 | 2024_WRD_348511 | सीप-कोलार लिंग परियोजना हेतु कुशल व अकुशल श्रमिक का प्रदाय | भोपाल | 2.03 |
| 32 | 2024_WRD_348512 | झोलियापुर बैराज एवं कोलार कैनाल्स हेतु कुशल व अकुशल श्रमिक का प्रदाय | भोपाल | 2.99 |
| 33 | 2024_WRD_348513 | ला.म. एवं वि/यां. संभाग हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 3.15 |
| 34 | 2024_WRD_348514 | ला.म. एवं वि/यां. उपसंभाग क्र. 02, भोपाल के अंतर्गत सुठालिया परियोजना हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 3.15 |
| 35 | 2024_WRD_348515 | ला.म. एवं वि/यां. उपसंभाग, राजगढ़ हेतु निरीक्षण वाहन किराये पर लेना। | भोपाल | 3.15 |
| 36 | 2024_WRD_349160 | वि/यां. ला.म. संभाग मुरैना के जलाशय के जल द्वारों का आयलिंग, ग्रीसिंग एवं वार्षिक मरम्मत कार्य। | ग्वालियर | 0.86 |
| 37 | 2024_WRD_349161 | कोतवास बांध का वर्षापूर्व का मरम्मत कार्य। | ग्वालियर | 2.49 |
| 38 | 2024_WRD_349162 | पिलौआ बांध का वर्षापूर्व का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | ग्वालियर | 2.84 |
| 39 | 2024_WRD_349163 | कोतवास बांध एवं पिलौआ बांध का वर्षापूर्व आयलिंग, ग्रीसिंग एवं मरम्मत कार्य। | ग्वालियर | 2.32 |
| 40 | 2024_WRD_349164 | मंहूर बॉध में वर्षा पूर्व आयलिंग, ग्रीसिंग का मरम्मत कार्य। | ग्वालियर | 1.58 |
| 41 | 2024_WRD_349166 | ग्वालियर के जलाशय के जल द्वारों का वार्षिक मरम्मत कार्य। | ग्वालियर | 2.93 |
| 42 | 2024_WRD_349168 | करैरा, पीछोर के टेंकों के गेटों का मरम्मत कार्य। | ग्वालियर | 3.95 |
| 43 | 2024_WRD_349170 | लाईट मशीनरी एवं वि./या. उपसंभाग सबलगढ़ के टेंको के स्लूस गेटों का मरम्मत कार्य। | ग्वालियर | 1.60 |
| 44 | 2024_WRD_349175 | धोलावड बांध मल्हारगढ के डी.जी. सेट एवं रेडियल गेटों का वर्षा पूर्व रखरखाव एवं सुधार कार्य। | उज्जैन | 2.67 |
| 45 | 2024_WRD_349180 | बंजर कालोनी परिसर बैहर में जल प्रदाय हेतु पाईप लाईन का कार्य। | बालाघाट | 4.93 |
| 46 | 2024_WRD_349182 | इंदौख बैराज महिदपुर के स्पील वे स्लूस गेट एवं उनकी असेम्बली का वर्षा पूर्व मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | उज्जैन | 3.71 |
| 47 | 2024_WRD_349251 | उपसंभाग संबलगढ़ में एल.सी.सी. एवं सीआर.एम.सी. गेटों का पेंटिंग कार्य। | ग्वालियर | 4.99 |
| 48 | 2024_WRD_349261 | चेंटीखेड़ा वृहद सिंचाई परियोजना की पर्यावरण मंजूरी का कार्य। (चतुर्थ आमंत्रण) | मुरैना | 17.22 |
| 49 | 2024_WRD_349418 | कार्यालय मुख्य अभियंता, वि/यां., बांध सुरक्षा भवन, तुलसी नगर, भोपाल में लिफ्ट का संचालन, मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | भोपाल | 5.50 |
| 50 | 2024_WRD_350895 | काका साहब गाड़गिल सागर परियोजना की बांध सुरक्षा एवं पेट्रोलिंग हेतु वर्कर्स की प्रदाय। | मंदसौर | 10.45 |
| 51 | 2024_WRD_350898 | रेतम बैराज परियोजना की बांध सुरक्षा एवं पेट्रोलिंग हेतु वर्कर्स की प्रदाय। | मंदसौर | 8.29 |
| 52 | 2024_WRD_351090 | उपंसभाग पेटलावाद के 07 नग तालाबों के 09 नग जलद्वारा का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.81 |
| 53 | 2024_WRD_351093 | उपसंभाग गंधवानी एवं मनावर के 05 नग तालाबों के 13 नग जलद्वार का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.76 |
| 54 | 2024_WRD_351097 | उपसंभाग बाग के 02 नग तालाबों के 04 नग जलद्वार का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.53 |
| 55 | 2024_WRD_351098 | उपसंभाग थांदला के 07 नग तालाबों के 12 नग जलद्वार का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.77 |
| 56 | 2024_WRD_351116 | उपसंभाग बदनावर के 08 नग तालाबों के 16 नग जलद्वार का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.79 |
| 57 | 2024_WRD_351122 | उपसंभाग धामनोद के 07 नग तालाबों के 12 नग जलद्वार का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.85 |
| 58 | 2024_WRD_351127 | उपसंभाग कटठीवाड़ा के 07 नग तालाबों के 10 नग जलद्वार का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.73 |
| 59 | 2024_WRD_351216 | उपसंभाग कुक्षी के 05 नग तालाबों के 08 नग जलद्वार का सुधार एवं रखरखाव कार्य। | धार | 0.85 |
| | | | कुल योग | 204.46 |

जी-12164/24

देर से घर आए लेकिन दुरूस्त आए, धीरे चले सुरक्षित चले ।

मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

## वाहन निविदा

## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बैतूल

वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत आर.बी.एस.के. मासिक आधार वाहन, जिला स्तर मोबिलिटी एवं दैनिक आधार पर वाहन उपलब्ध कराने के लिए ई-निविदा आमंत्रण सूचना

### निविदा प्रक्रिया विवरण

| | | |
|---|---|---|
| 01. | निविदा का प्रकार | वर्ष 2024-25 के तहत आर.बी.एस.के. मासिक आधार वाहन, जिला स्तर मोबिलिटी एवं दैनिक आधार पर वाहन उपलब्ध कराने के लिए एम.पी.टेन्डर पोर्टल के माध्यम से ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। |
| 02. | निविदा दस्तावेज ऑनलाईन क्रय हेतु उपलब्धता | शासकीय निविदा प्रपत्र मूल्य राशि 1000/- (एक हजार रू.) है, जो एम.पी. टेन्डर पोर्टल के माध्यम से देय होगी। |
| 03. | ऑनलाईन निविदा जारी करने की दिनांक एवं समय | 19/06/2024 समय प्रातः 11:00 बजे से |
| 04. | ऑनलाईन निविदा क्रय करने की दिनांक एवं समय | 19/06/2024 समय प्रातः 11:00 बजे से |
| 05. | ऑनलाईन निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 09/07/2024 समय प्रातः 11:00 बजे से |
| 06. | ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 09/07/2024 समय प्रातः 11:00 बजे से |
| 07. | तकनीकी निविदा ऑनलाईन खोले जाने की दिनांक एवं समय | 10/07/2024 समय प्रातः 11:00 बजे से |
| 08. | वित्तीय निविदा ऑनलाईन खोले जाने की दिनांक एवं समय | निविदा समिति निर्णय अनुसार |

(डॉं रविकांत उइके)
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बैतूल

जी - 12135/24

दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाएं सतर्क रहें, सुरक्षित रहें ।

## OFFICE OF THE COMMISSIONER, MUNICIPAL CORPORATION, GWALIOR

Narayan Krishan Shejwalkar Bhawan, Near Taran Puskar, City Centre, Gwalior (M.P.)
Tel : 0751-2438300, 4080352, Fax : 0751-2438249

No. /MPGMC/257/24x9/1/Sewerage Network/2024 Gwalior, Dated :

जनसम्पर्क RO क्रमांक 271 **Notice Inviting Tender (Third Call)** दिनांक 21-06-2024

On behalf of Gwalior Municipal Corporation (GMC), Madhya Pradesh, online **Percentage Rate** bids are invited on website http://mptenders.gov.in for the following work from registered Contractors and Firms of repute, fulfilling eligibility criteria.

| Tender ID | Name of Works | Probable amount of Contract (in Rs.) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs.) | Cost of Bid Document (In Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024_UAD_327943_3 | Survey, design, preparation of drawings, providing, laying and commissioning of sewerage network in Satyanarayan Ki Tekri, ward no. 02 and nearby areas of Gwalior Municipal Corporation | 22807524.00 | 114037.62 | 15000.00 | 06 months including rainy season. |

NIT with all details of works to be executed and provisions of contract can be viewed on website http://mptenders.gov.in and www.mpurban.gov.in. and bid document can be purchased from 10:30 AM dated 22.06.2024 to 5:30 PM dated 05.07.2024.

Executive Engineer,
Gwalior Municipal Corporation

**कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी बार-बार कहते हैं कि आम चुनाव का जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा-एनडीए को नहीं मिला। यह अवैध, असंवैधानिक और अल्पमत की सरकार है, जो छोटी-सी गड़बड़ी से ही गिर सकती है। प्रधानमंत्री मोदी मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं, उन्हें प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। सवाल है कि ऐसी बात वो नेता कह रहे हैं जिसके विपक्षी गठबंधन इंडिया को अकेले भाजपा (240) के बराबर सीट भी नहीं मिली। शायद लगातार सत्ता से दूर रहने के चलते कांग्रेस और राहुल गांधी की सियासी कुण्ठा है कि वे ऐसी भाषा बोल रहे हैं। 'रायसीना हिल्स' की सत्ता स्थापित हो चुकी है। मोदी ने लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ ली है। विपक्ष अब भी मुग़ालते में है कि मोदी सरकार 'अल्पसंख्यक' सरकार है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बार-बार कहा है कि बहुत जल्दी सरकार का पतन हो जाएगा। चुनाव में नकारे जाने के बाद कांग्रेस व उसके सहयोगी दल अब किसी अनहोनी का इंतजार है कि एनडीए टूटे व उसे मौका मिले। क्या पीएम मोदी के प्रति कांग्रेस गलत व भ्रमित नैरेटिव गढ़ रही है? आजकल के इस अंक में इस मुद्दे व नीट विवाद पर एक विश्लेषण...**



# मोदी सरकार को ही जनादेश



**विश्लेषण**
सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

**संविधान और लोकतंत्र की भाषा में जनादेश किसे कहते हैं? आम चुनाव का जनादेश क्या है और किसके पक्ष में बहुमत की व्याख्या करता है? मोदी सरकार को अल्पमत, असंवैधानिक सरकार संविधान के किस हिस्से के आधार पर कहा जा रहा है? दरअसल, यह कांग्रेस और राहुल गांधी की कुण्ठा है कि वे ऐसी भाषा बोल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार तीसरी बार पद की शपथ ली है। विपक्ष अब भी मुग़ालते में है कि मोदी सरकार 'अल्पसंख्यक' सरकार है। विपक्ष की राजनीति अपनी है, लेकिन विपक्ष का हरेक मुद्दे पर प्रधानमंत्री मोदी को कोसना, सरकार के पतन की बातें करना और मूलतः जनादेश पर सवाल उठाना कौन-सा और कहां का राजनीतिक औचित्य है?**

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी बार-बार कहते हैं कि आम चुनाव का जनादेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा-एनडीए को नहीं मिला। यह अवैध, असंवैधानिक और अल्पमत की सरकार है, जो छोटी-सी गड़बड़ी से ही गिर सकती है। प्रधानमंत्री मोदी की छाती 56 इंच के बजाय 30-32 इंच की हो गई है। वह मानसिक और मनोवैज्ञानिक रूप से टूट चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के बारे में भय और खौफ की जो धारणा थी, वह भी खत्म हो चुकी है। अब कोई भी प्रधानमंत्री मोदी से नहीं डरता, लिहाजा उन्हें प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। राहुल के अलावा, कांग्रेस के प्रवक्ता और सड़किया कार्यकर्ता तक देश के प्रधानमंत्री को 'झूठा', 'मक्कार', 'फासीवादी' आदि गालियां देते हुए इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। आखिर सवाल है कि संविधान और लोकतंत्र की भाषा में जनादेश किसे कहते हैं? आम चुनाव का जनादेश क्या है और किसके पक्ष में बहुमत की व्याख्या करता है? मोदी सरकार को अल्पमत, असंवैधानिक सरकार संविधान के किस हिस्से के आधार पर कहा जा रहा है? यदि कुछ असंवैधानिक हुआ है, तो कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' अभी तक सर्वोच्च अदालत में क्यों नहीं गए? क्या देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने ऐसी सरकार को शपथ दिला कर संविधान-विरोधी काम किया है?



## कांग्रेस की कुंठा

दरअसल, यह लगातार सत्ता से दूर रहने के चलते कांग्रेस और राहुल गांधी की कुण्ठा है कि वे ऐसी भाषा बोल रहे हैं। 'रायसीना हिल्स' की सत्ता स्थापित हो चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने लगातार तीसरी बार पद की शपथ ली है। उनकी कैबिनेट भी सक्रिय हो चुकी है। विपक्ष अब भी मुग़ालते में है कि मोदी सरकार 'अल्पसंख्यक' सरकार है। दरअसल 'अल्पमत' सटीक शब्द है। कांग्रेस समेत विपक्षी दलों को सरकार के संदर्भ में भी 'अल्पसंख्यक' याद आते हैं। यह शब्द कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बार-बार कहा है कि बहुत जल्दी सरकार का पतन हो जाएगा। यदि विपक्ष की इस भविष्यवाणी को मान भी लिया जाए, तो सहज सवाल है कि उसके बाद क्या होगा? वैकल्पिक सरकार किसकी होगी? अथवा कुछ ही महीनों के बाद देश पर मध्यावधि चुनाव का बोझ लाद दिया जाएगा? प्रधानमंत्री कौन होगा? क्या उसके समर्थक सांसदों की संख्या इतनी होगी कि जनादेश कहा जा सके? सरकारें और सदन बहुमत के आंकड़ों के आधार पर तय होते हैं। एनडीए के बजाय अकेली भाजपा के ही आंकड़ों को गिना जाए, तो 240 सांसदों के साथ वह लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी है। भाजपा के बाद कांग्रेस के 98 सांसद हैं, लिहाजा वह दूसरे स्थान की पार्टी है। दोनों के बीच में कोई अन्य दल नहीं है। सदन में बहुमत का जादुई आंकड़ा 272 सांसदों का है। इस लक्ष्य के ज्यादा करीब भाजपा है अथवा कांग्रेस है? परंपरा रही है कि राष्ट्रपति सबसे पहले सदन की सबसे बड़ी पार्टी को सरकार बनाने को आमंत्रण देते हैं। गठबंधन की गुंजाइश उसके बाद ही आती है।

## गठबंधन का अतीत पुराना

यदि इतिहास को खंगाला जाए, तो 1984-89 के बाद चुनाव में किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। सभी सरकारें गठबंधन की बनी हैं। वीपी सिंह और चन्द्रशेखर तथा बाद में देवगौड़ा-गुजराल की सरकारों को छोड़ कर शेष सभी गठबंधन सरकारों ने अपने कार्यकाल पूरे किए हैं। प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के बाद 1991 में जो चुनाव हुआ, उसमें कांग्रेस 232 सांसदों वाली सबसे बड़ी पार्टी थी। पीवी नरसिम्हा राव के प्रधानमंत्रित्व में सरकार बनी, लेकिन वह 'अल्पमत' सरकार थी। सांसदों की खरीद-फरोख्त हुई, नेताओं ने पाले बदले और सरकार के बहुमत का जुगाड़ किया जाता रहा। देश में पहली बार प्रधानमंत्री को किसी अदालत ने 'अभियुक्त' करार दिया और एक विशेष अदालत बनाकर केस चलाने का बंदोबस्त किया गया। बहरहाल मामला रफा-दफा हो गया। उसके बाद 1996 के चुनाव में भाजपा 161 सांसदों के साथ लोकसभा में पहली बार, सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। घोर अल्पमत था, लेकिन राष्ट्रपति ने सरकार बनाने का न्योता दिया। अटलबिहारी वाजपेयी ने पहली बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। चूंकि वह अपने साथ अन्य दलों का गठबंधन बनाने में नाकाम रहे, नतीजतन पद से इस्तीफा देना पड़ा। 1998-99 में भाजपा 182 सांसदों के साथ फिर सबसे बड़ी पार्टी थी, लेकिन अल्पमत में थी। एनडीए का गठन उसी दौर में हुआ और इस बार 2004 तक वाजपेयी सरकार बखूबी चली। 'कारगिल युद्ध' भी इसी दौर में हुआ था।

## 2004 से गठबंधन का नया दौर

2004 के आम चुनाव में बड़ा उलटफेर हुआ। लोकसभा में कांग्रेस के 145 सांसद जीत कर आए और तत्कालीन सत्तारूढ़ भाजपा 138 सांसदों के साथ 'पराजित पार्टी' थी। बहुमत के आंकड़े से दोनों ही पक्ष बहुत दूर थे। वामपंथी दलों के सहयोग से गठबंधन का एक तम्बू तैयार किया गया और उसके नीचे समधर्मा दल लामबंद हुए। तब प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में यूपीए सरकार बनी और वामपंथी सोमनाथ चटर्जी को स्पीकर बनाया गया। बेहद विरोधाभास थे। लगातार हिचकोले खाती रहती थी सरकार, लेकिन गठबंधन जारी रहा। अंततः अमेरिका के साथ असैन्य परमाणु करार के मुद्दे पर वाममोर्चे के करीब 60 सांसदों ने सरकार से समर्थन वापस ले लिया। मनमोहन सरकार अल्पमत में आ गई और लड़खड़ाने लगी। तब मुलायम सिंह यादव की सपा के 39 सांसदों और अन्य का जुगाड़ करना पड़ा। मनमोहन सरकार गिरते-गिरते विश्वास मत जीत गई। 2009 के आम चुनाव में भी कांग्रेस 206 सांसदों के साथ सबसे बड़ी पार्टी थी। भाजपा 116 सांसदों के साथ बहुत पीछे थी। यूपीए-2 की सरकार बनी और डॉ. मनमोहन सिंह ही प्रधानमंत्री चुने गए। ये सभी गठबंधन सरकारों के उदाहरण हैं, जो पांच साल तक चलीं और कार्यकाल पूरे किए। अब सवाल है कि आज मोदी नीत राजग सरकार के पक्ष में चुनाव-पूर्व के गठबंधन का स्पष्ट बहुमत है। सरकार को 293 सांसदों का समर्थन हासिल है। फिर उसे अल्पमत, अस्थिर, असंवैधानिक सरकार क्यों कहा जा रहा है? यह कैसा झूठ है?

## कांग्रेस ने गढ़ा झूठा नैरेटिव

चुनाव के दौरान कांग्रेस और विपक्षी दलों ने एक झूठे नेरेटिव को गढ़ा कि यदि मोदी सरकार ही तीसरी बार आई, तो संविधान बदल दिया जाएगा। लोकतंत्र खत्म हो सकता है। यदि संविधान बदल दिया जाएगा, तो आरक्षण भी कहां रहेगा? देश जानता है कि ये परिवर्तन नहीं किए जा सकते, लेकिन फिर भी दलित, ओबीसी, कुछ आदिवासी, गरीब, अनपढ़ लोगों पर इसका असर हुआ। नतीजतन उप्र, राजस्थान, महाराष्ट्र आदि राज्यों में भाजपा की अपेक्षाकृत पराजय हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने मुस्लिम आरक्षण के खिलाफ खूब प्रचार किया, नतीजतन अब मुसलमानों ने तय कर लिया है कि वे किसी भी चुनाव में भाजपा को वोट नहीं देंगे। प्रधानमंत्री मोदी उनके लिए कुछ भी काम करें, परियोजनाएं बनाएं, लेकिन मुसलमान उस पार्टी और उम्मीदवार को वोट देगा, जो मोदी और भाजपा को हरा सके। यह खुलासा मुस्लिम विशेषज्ञों ने ही किया है। उनका कहना है कि गुजरात के मुख्यमंत्री के तौर पर भी मोदी ने इन स्थितियों को झेला है, लेकिन वह कहते रहे हैं कि आप मुझे वोट तो न दो, लेकिन मैं आपका भी मुख्यमंत्री हूं। मुझसे काम तो कराओ। आखिर मुख्यमंत्री से इतनी आबादी नफरत कैसे कर सकती है? इस सांप्रदायिकता ने आम चुनाव में भी भाजपा के जनादेश को प्रभावित किया है, नतीजतन वह 240 सीट पर थम गई है। मुसलमानों का यह भाव 2014 से पहले भी था, लेकिन कुछ फीसदी मुसलमान भाजपा की ओर भी ध्रुवीकृत होने लगे थे। 2024 के चुनाव ने उस पर भी विराम लगा दिया है।

## जनादेश पर सवाल उठाना अनुचित

आज जो जनादेश पर सवाल उठा रहे हैं, उन्होंने आरक्षण, नीट पेपर लीक आदि को भी राजनीतिक रंग दे दिया है। देश के करीब 20 राज्यों में करीब 70 भर्ती, प्रवेश परीक्षाओं के पेपर लीक किए गए हैं। इस तरह करीब 2 करोड़ युवाओं के भविष्य अधर में लटक गए हैं। ऐसा भ्रष्टाचार करने वाले कांग्रेस और भाजपा शासित दोनों ही राज्य हैं, लेकिन अपशब्द प्रधानमंत्री मोदी को दिए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री के पुतले जलाए जा रहे हैं। कांग्रेस का छात्र संगठन कई राज्यों में उत्तेजक विरोध-प्रदर्शन कर रहा है। नीट परीक्षा की धांधलियां और विसंगतियां सामने आई हैं। मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है, जिसकी सुनवाई 8 जुलाई को होनी है। राहुल गांधी का बयान है कि पेपर लीक को प्रधानमंत्री न तो रोकना चाहते हैं और न ही रोकने में सक्षम हैं। शिक्षण संस्थानों पर भाजपा-संघ का कब्जा हो गया है। नीट के कुछ छात्र और उनके अभिभावक राहुल गांधी से भी मिले हैं। कांग्रेस नेता ने उन्हें विश्वास दिलाया है कि वह उनकी लड़ाई सड़क से संसद तक लड़ेंगे। बहरहाल विपक्ष की राजनीति अपनी है, लेकिन हरेक मुद्दे पर प्रधानमंत्री को कोसना, सरकार के पतन की बातें करना और मूलतः जनादेश पर सवाल उठाना कौन-सा और कहां का राजनीतिक औचित्य है? देश आश्वस्त रहे कि जनादेश का बहुमती संकेत भाजपा-एनडीए की ओर है तथा गठबंधन ठोस है। गठबंधन हर रोज़ नहीं टूटा करते। नीट का सवाल है, तो छात्र सर्वोच्च अदालत और केंद्र सरकार पर भी भरोसा करना सीखें। किसी की राजनीति का शिकार न बनें।

# निर्दोष अभ्यर्थियों की वेदना के जिम्मेदार कौन



**नीट विवाद**
डा. भारत
वरिष्ठ कानून प्रवक्ता, पंजाब विवि

प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश पाने से लेकर प्रतिष्ठित नौकरी के अवसर पाने तक, प्रतियोगी परीक्षाएँ भारत में किसी अभ्यर्थी के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं का आज़ादी के बाद से ही बहुत महत्व रहा है, और इसके पीछे कारण था देश की शिक्षा प्रणाली जो इन परीक्षाओं पर बहुत ज़ोर देती थी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने इस पृष्ठभूमि के कारण ही उद्यमिता के लिए युवा प्रतिभाओं का समुपयोजन करने के लिए ईमानदारी से अथक प्रयास किया है। हालिया नीट कांड ने सोचने पर विवश किया है।

प्रतियोगी परीक्षाएँ उच्च शिक्षा के प्रवेश द्वार के रूप में कार्य करती हैं। भारतीय शिक्षा के प्रतिस्पर्धी परिदृश्य में, जहाँ डॉक्टर या इंजीनियर बनने के सपने कम उम्र से ही पोषित किए जाते हैं, राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी), संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) और प्रबंधन अध्ययन के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा (कएट) जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। इन प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से लाखों छात्र सीमित सीटों के लिए होड़ करते हैं। इन परीक्षाओं का छात्रों के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश पाने की संभावनाओं पर सीधा असर पड़ता है। एनईईटी और जेईई परीक्षाओं का दबाव भारतीय शैक्षिक परिदृश्य पर भारी पड़ता है, इन परीक्षाओं में सफलता को अक्सर किसी के शैक्षणिक और पेशेवर भविष्य का निर्णायक कारक माना जाता है।

शीर्ष-स्तरीय महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में उपलब्ध सीटों की सीमित संख्या के साथ, ये परीक्षाएँ योग्यता के आधार पर उम्मीदवारों के चयन के लिए एक निष्पक्ष और पारदर्शी तंत्र प्रदान करती हैं। भारत में प्रतियोगी परीक्षाओं के महत्व का एक और कारण अवसरों को समान करने वाली उनकी भूमिका है। किसी की पृष्ठभूमि या सामाजिक-आर्थिक स्थिति से दूर, ये परीक्षाएँ सभी अभ्यर्थियों के लिए समान अवसर प्रदान करती हैं। बाहरी कारकों के बजाय अकादमिक योग्यता पर ध्यान केंद्रित करके, प्रतियोगी परीक्षाएँ विविध पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उसके बाद आजीविका की संभावनाओं तक पहुँचने का अवसर प्रदान करती हैं। वे बाधाओं को तोड़ने में मदद करती हैं और यह सुनिश्चित करती हैं कि योग्य अभ्यर्थियों अपनी क्षमताओं के आधार पर शीर्ष तक पहुँच सकें।

## सदाचार बनाम कदाचार

भारत का युवा न केवल देश की आबादी का सत्तर-प्रतिशत हिस्सा हैं, अपितु 2047 के विकसित भारत का हितधारक भी हैं। "सुविधा, सुरक्षा और सम्मान" का सिद्धांत सदाचार का अनुमोदन करता है और कदाचार को अस्वीकृत करता है। देश के विभिन्न हिस्सों से एक के बाद एक कदाचार, प्रश्न पत्र का खुलासा (पेपर लीक), प्रतिरूपण (दूसरे व्यक्ति से परीक्षा दिलवाने) आदि की घटनाओं के कारण युवाओं का भविष्य दांव पर है। अतीत पर एक नज़र डालें तो राजस्थान में 2018 के बाद से कदाचार की 12 घटनाएं हुई हैं, जबकि जम्मू-कश्मीर में मार्च 2022 में सब-इंस्पेक्टर भर्ती घोटाला और 2017 में एसएससी संयुक्त स्नातक परीक्षा में गड़बड़ सामने आई हैं। ऐसे कई उदाहरण हैं, लेकिन प्रमुख रूप से, पश्चिम बंगाल में नवंबर 2022 में प्रारंभिक शिक्षा डिप्लोमा का पेपर लीक हुआ था। फरवरी 2023 में फिर से पश्चिम बंगाल में ही अंग्रेजी का पेपर लीक हुआ। पश्चिम बंगाल में स्कूल सेवा आयोग का पेपर भी लीक हुआ। दिसंबर 2022 में राजस्थान में शिक्षक भर्ती घोटाला उजागर हुआ, जबकि फरवरी 2022 में शिक्षकों के लिए राजस्थान पात्रता परीक्षा भी कदाचार से ग्रस्त हो गई और परीक्षा फिर से आयोजित करनी पड़ी। मई 2022 में राजस्थान पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा घोटाले की भेंट चढ़ गई थी। गौरतलब है कि अब 2024-एनईईटी परीक्षा में धांधली होने के बारे में व्यापक शिकायतों और हाल ही में आयोजित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) का भी पेपर लीक शर्मनाक है। निहित स्वार्थ से प्रेरित इन कदाचार की घटनाओं ने एक बड़ा सवालिया निशान लगा युवाओं का भविष्य दांव पर लगा दिया है।

## न्यायालय में जनहित याचिका

एनईईटी-2024 प्रवेश परीक्षा 5 मई 2024 को 4,750 केंद्रों पर 571 शहरों में (विदेश के 14 शहरों सहित) आयोजित की गई थी और इसमें लगभग 24 लाख अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। इस परीक्षा के परिणाम 14 जून को घोषित होने की उम्मीद थी, लेकिन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले ही पूरा हो जाने के कारण परिणाम 4 जून को घोषित किए गए थे। सर्वोच्च न्यायालय ने विभिन्न उच्च न्यायालयों में एनईईटी-2024 विवाद से संबंधित कथित



लीक और कदाचार के सभी मामलों पर रोक लगा दी है और उन्हें सर्वोच्च न्यायालय में स्थानांतरित कर एक साथ सुनवाई कराने की बात कही है। याचिकाकर्ताओं का तर्क है कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा 5 मई 2024 को आयोजित परीक्षा में कदाचार हुआ था, इसके के विभिन्न उदाहरण याचिकाकर्ता के संज्ञान में आए थे। परीक्षा में धांधली भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन है, क्योंकि इसने कुछ उम्मीदवारों को दूसरों पर अनुचित लाभ दिया जिन्होंने निष्पक्ष तरीके से परीक्षा देने का विकल्प चुना। इस मामले में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायाधीश जेबी पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने जनहित याचिका पर सुनवाई कराने पर सहमति व्यक्त की है। सर्वोच्च न्यायालय ने करते हुए नोटिस जारी करते हुए 8 जुलाई 2024 तक जवाब मांगा है, जब मामले की अगली सुनवाई होगी। हालांकि, मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर बल देते हुए कहा कि अखिल भारतीय परीक्षा के परिणामों पर फिलहाल रोक नहीं लगाई जा सकती है और प्रवेश पर कोई भी निर्णय याचिका के समाधान पर निर्भर होगा। न्यायालय का सक्रिय रुख राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं के संचालन में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024

इस अधिनियम का प्रस्ताव करने वाला विधेयक 5 फरवरी 2024 को लोकसभा में पेश किया गया था और अगले दिन 6 फरवरी 2024 को पारित हो गया था। 9 फरवरी को राज्यसभा ने भी विधेयक को पारित कर दिया। इसे 12 फरवरी को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली और 21 जून 2024 को केंद्र सरकार ने आधिकारिक राजपत्र में इसे अधिसूचित किया। इस अधिनियम का उद्देश्य संघ और राज्य लोक सेवा आयोगों, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे - बैंकिंग भर्ती परीक्षाएं, मेडिकल, इंजीनियरिंग और विश्वविद्यालय कार्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाओं सहित राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा आयोजित विभिन्न कंप्यूटर आधारित सार्वजनिक परीक्षाओं में धोखाधड़ी और अनियमितताओं पर अंकुश लगाना है। हालांकि, यह अधिनियम 21 जून 2024 से पहले की घटनाओं पर पूर्वव्यापी रूप से लागू नहीं होगा। इस अधिनियम में परीक्षा पत्र लीक करने के लिए जिम्मेदार लोगों के लिए न्यूनतम तीन साल की जेल का प्रावधान है, जिसे पाँच साल तक बढ़ाया जा सकता है। वहीं, संगठित सिंडिकेट के मामलों में दस साल की जेल का प्रावधान है। अधिनियम में सेवा प्रदाता कंपनियों की परीक्षाओं में कोई अनियमितता पाए जाने पर एक करोड़ तक के जुर्माने का प्रावधान है और परीक्षा की आनुपातिक लागत भी उससे वसूल की जाएगी। इसके अलावा दोषी पाए जाने पर ऐसी कंपनियों को चार साल के लिए सार्वजनिक परीक्षा आयोजित करने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

## चिंता की बात

निःसंदेह इस कानून का उद्देश्य युवाओं की योग्यता की रक्षा कर उनका कल्याण करना है। भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस साल बजट सत्र की शुरुआत में संसद की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन में परीक्षाओं में अनियमितताओं के संबंध में चिंता व्यक्त की थी। लेकिन आज महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि भ्रष्ट आचरण के चलते कुछ बेईमान तत्व जो युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हैं, उनके आकांक्षाओं और आजीविका को नष्ट करते हैं और कभी-कभी घातक आत्महत्याओं का कारण बनते हैं, को उदाहरणात्मक, कठोरतम सार्वजनिक दण्ड निर्दोष-अभ्यर्थियों के लिए मरहम का काम कर सकता है? क्या इससे उन्हें अपने पोषित सपनों को पूरा करने में मदद मिल सकती है? क्या इससे उन्हें अपने खोए हुए अवसरों को पुनः प्राप्त करने में मदद मिल सकती है? क्या यह वह वैकल्पिक समाधान सिद्ध हो सकता हैं? यदि उपरोक्त सभी प्रश्नों का उत्तर "नहीं" है तो इस विषय पर गंभीर अंतर्निरीक्षण – आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता है। जैसा 'भारत-भारती' में मर्मान्तक वेदना का अनुभव करते हुए राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने लिखा था– हम कौन थे, क्या हो गए हैं, और क्या होंगे अभी। आओ विचारें आज मिलकर, यह समस्याएं सभी।

# स्वत्व, स्वाभिमान और राष्ट्र के लिए जीवन का बलिदान




**बलिदान दिवस**
डॉ. मोहन यादव
(मुख्यमंत्री मप्र)

डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को भारतीय राजनीति और समाज में उनके दूरदर्शी दृष्टिकोण और समय से आगे की सोच के लिए जाना जाता है। उनके जीवन और कार्यों ने दिखाया कि वे न केवल अपने समय के मुद्दों को समझते थे, बल्कि भविष्य की चुनौतियों और अवसरों का भी गहरा ज्ञान रखते थे।

देश और समाज के लिए तुष्टिकरण की राजनीति कितना नुकसान पहुंचा सकती है, इसको हमारे कई दार्शनिक समाजसेवियों ने दशकों पहले समझ लिया था। एक देश और एक विधान का मंत्र देने वाले डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने इसके लिए मिसाल पेश की। स्वतंत्र भारत की पहली सरकार ने तुष्टिकरण की नीति पर चलना शुरू किया तो डॉ. मुखर्जी ने कैबिनेट से इस्तीफा देकर भारतीय जनसंघ की स्थापना की। आज केंद्र में भाजपा की लगातार तीसरी बार सरकार बनी है और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के हाथों में देश की बागडोर है। इसके पीछे डॉ मुखर्जी की ही नीति और सोच है। आज उनका बलिदान दिवस है। हम और आप उन्हें अपने अपने तरीके से श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

हमें पता है कि आजादी मिलने के बाद बनी पहली केंद्र सरकार से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के मतभेद देखने को मिले थे, जब तत्कालीन नेहरू सरकार ने भारत के संविधान में जबरन अनुच्छेद 370 जोड़कर देश की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का प्रयास किया था। अखंड भारत के समर्थक डॉ. मुखर्जी ने कांग्रेस की तुष्टीकरण नीति का विरोध किया।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत माता के महान सपूत थे। पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें अंतरिम सरकार में उद्योग एवं आपूर्ति मंत्री के रूप में शामिल किया। नेहरू और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाकत अली के बीच हुए समझौते के पश्चात 6 अप्रैल 1950 को उन्होंने मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर-संघचालक गुरु गोलवलकर जी से परामर्श लेकर श्री मुखर्जी ने 21 अक्टूबर 1951 को राष्ट्रीय जनसंघ की स्थापना की। 1951-52 के आम चुनावों में राष्ट्रीय जनसंघ के तीन सांसद चुने गए जिनमें एक डॉ. मुखर्जी भी थे। तत्पश्चात उन्होंने संसद के अन्दर 32 लोकसभा और 10 राज्यसभा सांसदों के सहयोग से



नेशनल डेमोक्रेटिक पार्टी का गठन किया। डॉ. मुखर्जी भारत की अखंडता और कश्मीर के विलय के दृढ़ समर्थक थे। उन्होंने अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को भारत के बाल्कनीकरण की संज्ञा दी थी। अनुच्छेद 370 के राष्ट्रघातक प्रावधानों को हटाने के लिए भारतीय जनसंघ ने हिन्दू महासभा और रामराज्य परिषद के साथ सत्याग्रह आरंभ किया। डॉ. मुखर्जी 11 मई 1953 को कुख्यात परमिट सिस्टम का उलंघन करके कश्मीर में प्रवेश करते हुए गिरफ्तार कर लिए गए। गिरफ्तारी के दौरान ही विषम परिस्थितियों में 23 जून, 1953 को उनका स्वर्गवास हो गया।

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन और कार्य एक अद्वितीय उदाहरण है, जिसमें उन्होंने शिक्षा, राजनीति, और सामाजिक सुधार के विभिन्न मोर्चों पर उल्लेखनीय योगदान दिया। उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को एक प्रतिष्ठित बंगाली भद्रलोक परिवार में हुआ था, जो उस समय अपनी बौद्धिकता और सांस्कृतिक योगदान के लिए विख्यात था।

मात्र 33 साल की उम्र में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को कोलकता विश्वविद्यालय का कुलपति नियुक्त किया गया। यह उनके ज्ञान, योग्यता और विद्वता का प्रमाण था। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने विश्वविद्यालय में शैक्षिक सुधार किए, नई पाठ्यक्रम नीतियों को लागू किया और छात्रों के समग्र विकास पर जोर दिया।डॉ. मुखर्जी ने हिंदू महासभा के माध्यम से हिंदू समाज के अधिकारों और उनकी सुरक्षा के लिए जोरदार वकालत की। उन्होंने बंगाल के विभाजन के समय हिंदू बहुल क्षेत्रों को भारत में शामिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

हमारे देश के लिए डॉ. मुखर्जी की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। हमें माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह जी का संसद में दिया गया वह वक्तव्य पूरी तरह याद है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर श्यामा प्रसाद मुखर्जी नहीं होते, तो बंगाल भारत का हिस्सा नहीं होता।

राष्ट्र सेवा में स्वयं को समर्पित अमर सपूत एवं जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र हित में किए गए कार्य एवं आदर्श व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरणादायी रहेगा। राष्ट्र की अखंडता के लिए कंटकाकीर्ण मार्ग पर चलकर एक-एक कार्यकर्ता को राष्ट्र प्रथम का मंत्र दिया। आज भाजपा के कार्यकर्ता वैभवशाली राष्ट्र निर्माण के लिए अहर्निश कार्य कर रहे हैं। डॉ. मुखर्जी की विचारधारा में देश की एकता-अखंडता, सांस्कृतिक उत्थान, देश के नागरिकों का आर्थिक, शैक्षिक, सामाजिक व राजनैतिक उत्थान समाहित हैं।

# दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी

# 80 साल का रिकॉर्ड टूटा, धरती से पहाड़ों तक दिखा असर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में इस बार भीषण गर्मी और हीटवेव ने सभी का हाल बेहाल कर दिया। इस साल गर्मी का हाल ऐसा है कि दिन ही नहीं रात में भी तापमान रिकॉर्ड तोड़ रहा है। इससे पहाड़ी क्षेत्र भी नहीं बचे। जम्मू-कश्मीर में छह दिन, हिमाचल प्रदेश (12) और उत्तराखंड में दो दिन हीटवेव देखी गई। केरल में 5 तो तमिलनाडु जैसे तटीय क्षेत्रों 14 दिन हीटवेव के दर्ज किए गए।दिल्ली में तापमान ने पिछले 80 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उत्तर भारत के राज्यों में ही हीटस्ट्रोक के कारण अनेक लोगों की जान चली गई। देशभर में लू से मरने का सिलसिला जारी है।

## मई अब तक का सबसे गर्म महीना

यूरोपीय जलवायु एजेंसी कॉपरनिकस के अनुसार मई 2024 अब तक का सबसे गर्म मई का महीना था। उत्तर पश्चिम भारत और मध्य क्षेत्र के कुछ हिस्से प्रचंड गर्मी की चपेट में हैं। इस साल देश सबसे लंबी और भीषण गर्मी झेल रहा है। साल 2024 पिछले 15 वर्षों में सबसे तीव्र और सबसे अधिक हीटवेव वाले दिनों वाला वर्ष बनने जा रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के आंकड़ों से पता चला है कि 1 मार्च से 9 जून के बीच 15 से अधिक हीटवेव वाले दिन दर्ज किए गए हैं। आमतौर पर औसतन 6-8 लू वाले दिन होते हैं। वर्ल्ड वेदर एट्रिब्यूशन ग्रुप के अध्ययन से पता चला है कि जलवायु परिवर्तन ने पूरे एशिया में अनुभव की गई हीट वेव की तीव्रता को काफी बढ़ा दिया है। उत्तर भारत में सामान्य रूप से तापमान 40-48 डिग्री सेल्सियस को पार करता रहा है। जून भी उसी तर्ज पर उबला है।

## इसकी भयावहता ने अनेक लोगों और जीव-जंतुओं की जान ले ली

### यह साल सबसे लंबी और भीषण गर्मी वाला रहा

ग्लोबल वॉर्मिंग का सबसे स्पष्ट प्रभाव हीटवेव नई आपदा बनकर उभरा है। यह साल सबसे लंबी और भीषण गर्मी वाला रहा है और देश में 25,000 से अधिक हीटवेव से बीमार हुए लोगों के मामले दर्ज किए गए हैं।



### सबसे ज्यादा रहे हीटवेव वाले दिन

मौसम विभाग का कहना है कि पिछले 15 सालों में सबसे अधिक हीटवेव वाले दिन 2024 में देखने को मिले हैं। सबसे अधिक हीटवेव वाले (27) दिन ओडिशा में दर्ज किए गए हैं, इसके बाद राजस्थान (23), गंगीय पश्चिम बंगाल (21), हरियाणा (20), चंडीगढ़ (20), दिल्ली (20) और पश्चिम उत्तर प्रदेश (20) का स्थान रहा।

### दुनिया के 40 फीसदी हिस्से में बढ़ा औसत तापमान

जलवायु परिवर्तन पर केंद्रित यूके स्थित प्रकाशन कार्बन ब्रीफ ने पिछले साल एक विश्लेषण प्रकाशित किया था, जिसके मुताबिक धरती के लगभग 40 फीसद हिस्से ने 2013 से 2023 के बीच अपना उच्चतम दैनिक तापमान दर्ज किया था। इसमें अंटार्कटिका भी शामिल हैं। इस अवधि के दौरान भारत में सबसे अधिक तापमान राजस्थान में दर्ज किया गया।

### मौतों पर आईएमडी ने दी चेतावनी

आईएमडी ने चेतावनी दी कि सभी आयुवर्ग के लोगों में ताप जनित बीमारियां और हीट स्ट्रोक की बहुत अधिक संभावना है और कमजोर लोगों के लिए अत्यधिक देखभाल की आवश्यकता है। वर्षों के वैज्ञानिक शोध से पता चला है कि जलवायु संकट के कारण हीटवेव अधिक लंबे समय तक, अधिक बार और अधिक तीव्र हो रही हैं।


## खबर संक्षेप

### ओबीसी नेता हाके ने खत्म किया अनशन



**मुंबई।** ओबीसी नेता लक्ष्मण हाने ने अपना अनशन खत्म कर दिया है। हाके10 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे थे। शनिवार को पानी पीकर इस अनशन को खत्म कर दिया।महाराष्ट्र सरकार की तरफ से लक्ष्मण हाके को लिखित में आश्वासन दिया गया है कि राज्य सरकार उनके सभी मांगो को लेकर सकारात्मक चर्चा कर रही है। सरकार ने कुछ मांगों पर फैसला ले लिया है।

### राजकोट अग्निकांड में तीन अधिकारी गिरफ्तार



**राजकोट।** टीआरपी गेम जोन अग्निकांड मामले में आरएमसी के चीफ फायर ऑफिसर इलेश खैर, डिप्टी चीफ फायर ऑफिसर भीखाभाई ठेबा और फेब्रिकेशन का काम करने वाले सुपरवाइजर महेश राठौड़ की गिरफ्तारी शनिवार को की गई है। राजकोट टीआरपी गेम जोन में 25 मई को आग लगी थी। उससे पहले भी एक बार यहां आग लगने की घटना हुई थी।

### कोलकाता के गार्स्टिन प्लेस में भीषण आग



**कोलकाता।** देश के विभिन्न हिस्सों में आग लगने की कई घटनाएं सामने आई हैं। शनिवार सुबह कोलकाता के 5वें गार्स्टिन प्लेस में भीषण आग लग गई। बिल्डिंग करीब 100 साल पुरानी बताई जा रही है, जिससे उसमें रहने वालों के मन में इसके गिरने की आशंका भी है। यहां कई पुरानी इमारते हैं। उनमें कई परिवार रह रहे हैं। सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है।

### कारोबारी के ठिकानों पर सीबीआई छापा



**जयपुर।** राजस्थान में बजरी माफिया पर सीबीआई ने नकेल कसना शुरू कर दिया है। जानकारी सामने आई है कि बजरी कारोबारी मेघराज सिंह के कई ठिकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि बजरी किंग मेघराज सिंह के एमआरएस एसोसिएट ग्रूप की चेक पर अवैध बजरी खनन के खिलाफ सीबीआई ने कार्रवाई की है।

### दौलताबाद में कंपनी में धमाके, 3 लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** दौलताबाद इंडस्ट्रियल इलाके में रात में उस वक्त हड़कंप मच गया जब यहां एक निजी कंपनी में आग लग गई। आग लगने से बाद कंपनी में जोरदार धमाके हुए। आग लगने सुचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई। इसके बाद मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने का काम शुरू किया। हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई है और 3 गंभीर रूप से घायल हैं।


## आंध्र प्रदेश में सत्ता बदली और सियासी लड़ाई का दौर शुरू

*मुख्यमंत्री पर लगा बदले की कार्रवाई का आरोप*

# जगन की पार्टी के दफ्तर पर चला नायडू का बुलडोजर, मामला पहुंच गया हाईकोर्ट

*पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी का कार्यालय ध्वस्त किया*

मामला अदालत में था विचाराधीन







एजेंसी ▶▶ अमरावती

आंध्र प्रदेश में सत्ता बदल गई है, जिसके बाद नई सरकार के तहत प्रशासन धड़ाधड़ फैसले ले रहा है और शनिवार को राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की पार्टी वाईएसआरसीपी का कार्यालय ध्वस्त कर दिया गया। राज्य के विजयवाड़ा के तोडेपल्ले जिले में पार्टी का यह कार्यालय बुलडोजर की मदद से ध्वस्त कर दिया गया।

इस केस में वाईएसआरसीपी ने सीएम चंद्रबाबू नायडू पर 'बदले की राजनीति' का आरोप लगाया है। पूर्व सीएम रेड्डी की पार्टी ने कहा कि उसने आंध्र प्रदेश राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की कार्रवाई को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और एक रिट याचिका दायर की थी, जिसमें सुनवाई पूरी होने तक ताडेपल्ली में उनके केंद्रीय कार्यालय भवन के खिलाफ किसी भी कार्रवाई के खिलाफ आदेश देने का अनुरोध किया गया था।

### झुकेगी नहीं वाईएसआरसीपी

*वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन मोहन ने कहा है कि चुनाव के बाद हो रही हिंसक घटनाओं और खून-खराबे ने इसके संकेत दे दिए हैं कि चंद्रबाबू नायडू सरकार के पांच साल का शासन कैसा रहने वाला है? इन धमकियों, हिंसा के इन कृत्यों से वाईएसआरसीपी न तो झुकेगी और न ही पीछे मुड़कर देखेगी। हम जनता की ओर से, जनता के लिए और जनता के साथ कड़ा संघर्ष करेंगे। मैं देश के सभी लोकतंत्रवादियों से अनुरोध करता हूं कि वे चंद्रबाबू नायडू सरकार के इस कृत्य की निंदा करें।*

### अधिकारियों ने कहा- परिसर की दीवार से सटी संरचनाओं को हटाया

आंध्र प्रदेश राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार नगर निगम के अधिकारियों ने जगन के आवास के बाहर फुटपाथ पर टाइल लगाने का काम करने के लिए परिसर की दीवार से सटी संरचनाओं को हटाया।

### उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया

वहीं इस मामले पर वाईएसआरसीपी नेता रवि चंद्र रेड्डी ने कहा कि बिना किसी प्रक्रिया का पालन किए बुलडोजरों ने वाईएसआरसीपी कार्यालय को ध्वस्त कर दिया। यह टीडीपी की शुद्ध प्रतिशोध की राजनीति है। बता दें कि इससे पहले 15 जून को प्राधिकरण ने हैदराबाद के तेलंगाना वाले हिस्से में जगन के लोटस पॉन्ड निवास के निकट फुटपाथ पर कुछ संरचनाओं को ध्वस्त किया था।

### जगनमोहन ने बोला हमला दमनकंद किया जा रहा

बताया जा रहा है कि वाईएसआरसीपी का निर्माणाधीन केंद्रीय कार्यालय भवन कथित तौर पर 'अवैध रूप से कब्जे वाली' भूमि पर बनाया जा रहा था। इस आरोप को लेकर जगन की पार्टी ने कहा कि मामला अभी अदालत में विचाराधीन था, फिर भी टीडीपी सरकार ने वाईएसआरसीपी के कार्यालय पर बुलडोजर चलवा दिया जो कि बदले की नीति है। पूर्व सीएम जगन मोहन ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि आंध्र प्रदेश में चंद्रबाबू अपने दमनकंद को एक नए स्तर पर ले गए। एक तानाशाह ने ताडेपल्ली में लगभग पूरा हो चुके वाईएसआरसी पार्टी के केंद्रीय कार्यालय पर बुलडोजर चला दिया। हाई कोर्ट के आदेशों की अनदेखी की गई। राज्य में कानून और न्याय तंत्र पूरी तरह से समाप्त हो गया है।

## जल संकट पर दिल्ली में सियासी गर्मी

# आतिशी के 'जल सत्याग्रह' के खिलाफ भाजपा ने टैंकर माफिया पर उठाया सवाल



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में पानी का संकट सियासी रूप ले लिया है। इससे संकट दूर होने के बजाए यह सियासी नफा-नुकसान मुख्य मुद्दा बन गया है। आम आदमी पार्टी की मंत्री आतिशी का अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा। अपने 'जल सत्याग्रह' स्थल से एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा कि जब तक हरियाणा दिल्ली की जनता के लिए और पानी नहीं छोड़ता, तब तक वह कुछ नहीं खाएंगी।

उन्होंने दावा किया कि शहर में 28 लाख लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। इस बीच, भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। उनको रोकने और तितर-बितर करने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार की।

### अपनी ही सरकार के खिलाफ आप का प्रदर्शनः पूनावाला



आतिशी के आरोपों पर भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कड़ा प्रतिवाद किया है। उन्होंने कहा कि आप पिछले 10 सालों से दिल्ली में सत्ता में है। उनके पास दिल्ली जल बोर्ड है, एमसीडी है। उनके पास सभी महत्वपूर्ण विभाग हैं तो क्या वे अपनी ही सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं?

### धरने पर ही नौकरी से निकाले गए बस मार्शलों ने प्रदर्शन किया

आतिशी के मंच के पास नौकरी से निकाले गए बस मार्शलों ने प्रदर्शन किया। सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें किसी तरह से हटाया। प्रदर्शनकारियों ने आपपर मारपीट करने का आरोप लगाया है। उनका कहना था कि उन्हें बसों में मार्शल के रूप में तैनात किया गया था। सरकार ने उन्हें नौकरी से निकाल दिया।

### कांग्रेस का भी आप के खिलाफ मोर्चा

कांग्रेस भी इस मामले में हमलावर है। अलका लांबा ने कहा कि यह दिल्ली की आप सरकार द्वारा जारी 'पानी सत्याग्रह' के मंच की सुबह की तस्वीर है। मंच खाली है और मंत्री गायब हैं, जो पिछले कमरे में सत्याग्रह के नाम पर आराम फरमा रही हैं। जो सत्ता में हैं उन्हें धरना देने की बजाए समस्या का निराकरण करना चाहिए और यदि यह उनके बूते की बात नहीं है तो तत्काल इस्तीफा दें।

*जोधपुर में सांप्रदायिक तनाव*

# ईंट और पत्थर से हमला, कई दुकानें फूंकी, चप्पे- चप्पे पर पुलिसबल तैनात

एजेंसी ▶▶ जोधपुर

राजस्थान के जोधपुर जिले में शुक्रवार रात दो समुदाय के लोग आपस में भिड़ गए और उन्होंने एक दूसरे पर ईंट-पत्थर से हमला कर दिया। इस दौरान कई दुकानें व गाड़ियां फूंक दी।

पुलिस उन्हें रोकने के लिए वहां पहुंची तो उपद्रवियों ने उन पर भी हमला कर दिया। अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर बुलाकर हालात पर काबू पाया गया। हालांकि अभी भी पूरे इलाके में सांप्रदायिक तनाव बना हुआ है। चप्पे-चप्पे पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### पुलिस कार्रवाई से दोबारा किया पथराव



पुलिस के वहां पहुंचते ही सभी असामाजिक तत्व घरों में घुस गए। इसका फायदा उठाकर सबसे पहले पुलिस ने दमकल वाहनों को बुलाकर आग पर काबू पाया। इसके बाद पुलिस ने पथराव करने वाले लोगों को घरों से निकालना शुरू कर दिया। इसी कारण वहां दोबारा पथराव शुरू हो गया।

### धार्मिक इमारत में गेट खोलने पर विवाद

सूरसागर क्षेत्र के व्यापारियों का मोहल्ला में दो पक्षों में लंबे समय से विवादा था। 2-3 दिन पहले भी नाबालिग बच्चों झगड़ा हुआ था, जिसके बाद परस्पर मुकदमा दर्ज करवाया था। शुक्रवार को एक पक्ष के लोग धार्मिक इमारत की दीवार में गेट खोलने लगे, जिसका दूसरे पक्ष के लोगों ने विरोध किया। यही विवाद बड़ा रूप ले लिया।

### मायावती ने छीना था ओहदा, अब आकाश को दी फिर अहम जिम्मेदारी



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद की राजनीति में री-एंट्री हो रही है। लोकसभा चुनाव के दौरान मायावती ने उन्हें 'अपरिपक्व' बताकर पार्टी में राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर के पद और अपने उत्तराधिकार से हटा दिया था। अब विधानसभा उपचुनावों में उत्तराखंड और पंजाब के जरिए उन्हें फिर राजनीति में सक्रिय किए जाने की तैयारी है। स्टार प्रचारकों की लिस्ट में वे दूसरे नंबर पर हैं। अब उन्हें दो राज्यों के विधानसभा उपचुनावों में प्रभारी बनाया है तो बसपा में एक बार फिर धीरे-धीरे उनकी सक्रियता बढ़ेगी।

## जगन्नाथ प्रभु का जलयात्रा जुलूस



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में वार्षिक रथ यात्रा या रथ जुलूस से पहले जल यात्रा जुलूस के हिस्से के रूप में जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी और अन्य संत साबरमती नदी का पवित्र जल एक धातु के घड़े में भर रहे हैं।

## शाह ने अहमदाबाद में 30 स्मार्ट स्कूलों का किया ई-लोकार्पण

# नई शिक्षा नीति से छात्रों के जीवन में प्रकाश फैलेगा

स्मार्ट स्कूलों के पाठ्यक्रम में स्किल डेवलपमेंट, वोकेशनल ट्रेनिंग, डिजिटल एम्पावरमेंट शामिल

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद में 30 स्मार्ट स्कूलों का ई-लोकार्पण किया। शाह ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति 2020 के तहत अहमदाबाद म्युनिसिपल स्कूल बोर्ड द्वारा 36 करोड़ की लागत से निर्मित 30 स्मार्ट स्कूलों का आज लोकार्पण हुआ है। इनमें घाटलोडिया विधानसभा में 9स्मार्ट स्कूल, वेजलपुर विधान सभा क्षेत्र में 10, नारणपुरा में 4 और साबरमती में 7 स्मार्ट स्कूल का लोकार्पण हुआ है।

इन 30 स्मार्ट स्कूलों के लोकार्पण से 10 हजार से अधिक बच्चों को नई शिक्षा नीति का सीधा फायदा मिलेगा और उनके जीवन में शिक्षा का प्रकाश फैलेगा।इस अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



### गांधीनगर लोस क्षेत्र में 59 स्कूल स्मार्ट बने

उन्होंने कहा कि गांधीनगर लोक सभा क्षेत्र के कुल 69 में से 59 स्कूल स्मार्ट स्कूल बन गए हैं और जो स्कूल बचे हैं वो भी जल्द ही स्मार्ट स्कूल में परिवर्तित हो जाएंगे। इन स्मार्ट स्कूलों के पाठ्यक्रम में स्किल डेवलपमेन्ट, वोकेशनल ट्रेनिंग, डिजिटल एम्पावरमेन्ट को शामिल किया गया है। इसके साथ ही गणित, विज्ञान प्रयोगशालाएं, फ्यूचर क्लासरूम, थ्री-डी एजुकेशनल चार्ट, थ्री-डी पेन्टिंग और भारतीय संस्कृति के सारे पहलुओं का अभ्यास भी सम्मिलित किया गया है।

### मोदी के योग के प्रस्ताव को दुनिया ने माना

शाह ने कहा कि आज से 10 साल पहले 2014 में प्रधानमंत्री मोदी संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्ताव रखा था कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाया जाना चाहिए । पीएम मोदी के प्रस्ताव का दुनिया के लगभग 170 देशों ने समर्थन किया। 10 साल से हर वर्ष 21 जून को पूरा विश्व हमारे ऋषि-मुनियों की देन योग का अंतरराष्ट्रीय दिवस मना रहा है।

### हर तबके के बच्चों को मिलेगा लाभ

शाह ने कहा कि मंत्री बनने के बाद उनका पहला कार्यक्रम समाज के निम्न और गरीब वर्ग के बच्चों के लिए आयोजित किया गया है। केंदर की मोदी सरकार हर बच्चे को शिक्षा संबंधी लाभ दे रही है।

## पुल पर फंसी गाड़ी, किसी तरह ट्रैक पर पहुंचा

# जान हथेली पर रख लोको पायलट ने खराबी सुधारी

एजेंसी ▶▶ चंपारण

बिहार के पश्चिम चंपारण जिले से एक चौंकाने वाली खबर है। एक लोको पायलट कभी पुल से लटकते तो कभी ट्रैक पर रेंगते नजर आए। उन्होंने ऐसा काम कर दिखाया जिससे लोग हैरान हैं।

अब इस काम के लिए रेलवे ने इन्हें 10 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। समस्तीपुर रेल मंडल के वाल्मिकीनगर और पानियावा स्टेशन के बीच पिलर नंबर 383 पर अचानक पैसेंजर ट्रेन के लोको इंजन का अनलोड वॉल्व लीक हो गया। इस कारण ट्रेन वहीं खड़ी हो



गई। पुल के ऊपर रेलवे की टीम का पहुंचना भी मुश्किल था। इस बीच लोको पायलट और सहायक लोको पायलट ने वॉल्व को ठीक करने की ठान ली।

वे पुल से लटककर टैक के पास पहुंचे। ट्रैक पर रेंगते हुए लीकेज को ठीक करने के लिए इंजन तक पहुंचे। इसके बाद एयर प्रेशर के लीकेज को ठीक कर दिया।

असेंबली लाइन स्थापित करने पर विचार

# दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी लॉकहीड मार्टिन भारत में सी-130 जे सुपर विमान बनाएगी

## सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस की फैक्ट्री लगाने पर बात

*भारतीय वायु सेना (आईएएफ) को मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट की आपूर्ति करने के सौदे को हासिल करने के लिए कई दिग्गज मैदान में उतर रहे हैं, जिनमें से एक दुनिया की सबसे बड़ी हथियार बनाने वाली कंपनी लॉकहीड मार्टिन भी शामिल है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लॉकहीड मार्टिन वही कंपनी है, जिसने अमेरिका के लिए पांचवी पीढ़ी के लड़ाकू विमान जी-35 और एफ-22 का निर्माण किया है और अब ये अमेरिकी रक्षा दिग्गज, मेक इन इंडिया के तहत भारत में विशेष ऑपरेशन विमान सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस के लिए असेंबली लाइन स्थापित करने पर विचार कर रहा है।



### लॉकहीड मार्टिन और महिंद्रा के बीच हुआ एमओयू

लॉकहीड मार्टिन का यह बयान एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी और महिंद्रा के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के बाद आया है। सी-390 मिलेनियम एक मल्टी-मिशन, ट्विन-इंजन, जेट-संचालित, सामरिक परिवहन विमान है। यह बाजार में सबसे आधुनिक सैन्य परिवहन विमान है, जो अन्य मध्यम आकार के सैन्य परिवहन विमानों की तुलना में ज्यादा पेलोड (26 टन) ले जा सकता है, और 870 किमी/घंटा (470 नॉट) की गति से उड़ान भर सकता है। यह 2019 में ब्राजीलियाई वायु सेना में शामिल हुआ। तब से, इसे ब्राजीलियाई वायु सेना, पुर्तगाली वायु सेना, हंगेरियन वायु सेना, ऑस्ट्रियाई वायु सेना, चेक गणराज्य वायु सेना और रॉयल नीदरलैंड वायु सेना में शामिल किया गया है। दक्षिण कोरिया ने दिसंबर 2023 में इसे चुना था।

### भारत को चाहिए परिवहन एयरक्राफ्ट

दरअसल, इंडियन एयरफोर्स (आईएएफ) अपने एडवांस रूसी अल्ल-32 परिवहन विमान बेड़े को बदलने की योजना बना रही है। आईएएफ लगभग 100 विमानों का संचालन करता है, जो 2031-32 में 44 साल की सेवा पूरी कर लेंगे और उसके बाद उन्हें बारी-बारी से रिटायर करने की योजना बनाई गई है। इंडियन एयरफोर्स ने शुरू में रूस के साथ एक संयुक्त विकास परियोजना के तहत एमटीए खरीदने की योजना बनाई थी। और दोनों देशों ने 2012 में विमान के सह-विकास के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इस सौदे के तहत भारत को ऐसे 45 विमान खरीदने थे और रूस करीब 100 विमान खरीदता। लेकिन 2016 में दोनों देशों के बीच विमान के इंजन और डिजाइन के बारे में सहमति नहीं बनने के बाद यह सौदा नाकाम हो गया। जानकारी के अनुसार कि इस रेस में शामिल अन्य कंपनियों में ब्राजील की कंपनी एम्ब्रेयर डिफेंस एंड सिक्योरिटी शामिल है, जिसने फरवरी में भारतीय कंपनी महिंद्रा के साथ मिलकर भारत में सी-390 मिलेनियम मल्टी-मिशन एयरक्राफ्ट का निर्माण करने की योजना पेश की थी। वहीं, यूरोपियन एयरबस डिफेंस एंड स्पेस, अपने ए-400 एम एयरक्राफ्ट के साथ इस होड़ में शामिल है। लॉकहीड मार्टिन को इस रेस में बढ़त हासिल है।

### वायुसेना 40 से 80 विमानों को शामिल करेगी

भारतीय वायुसेना, भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल के तहत 40 से 80 विमानों को शामिल करने की सोच रही है। नए परिवहन विमानों में 18 से 30 टन कार्गो-ले जाने की क्षमता होने की उम्मीद है। भारतीय वायुसेना, भारत सरकार की मेक इन इंडिया पहल के तहत 40 से 80 विमानों को शामिल करने की सोच रही है। नए परिवहन विमानों में 18 से 30 टन कार्गो-ले जाने की क्षमता होने की उम्मीद है। एमटीए के लिए जो रिक्वेस्ट ऑफ इन्फॉर्मेशन है, उसके मुताबिक आईएएफ ने विदेशी विक्रेताओं से 40, 60 और 80 विमानों के बैच के लिए विमान और संबंधित उपकरणों की लागत का एक सामान्य अनुमान देने के लिए कहा है। सी-390, 26 टन का पेलोड ले जा सकता है।

### भारतीय कंपनी टाटा के साथ पहले से जुड़ी है लॉकहीड मार्टिन

लॉकहीड मार्टिन के बिजनेस डेवलपमेंट (एयर मोबिलिटी और मैरीटाइम मिशन) के उपाध्यक्ष एंथनी जी फ्रेज के हवाले से कहा, कि अमेरिकी फर्म भारत में सी-130 जे के लिए असेंबली लाइन स्थापित करने पर भी विचार कर रही है। फ्रेज ने कहा, कि एमटीए कंपीटिशन हमें इंडियन एयरफोर्स की सामरिक एयरलिफ्ट आवश्यकताओं को पूरा करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है। हम भारत में सी-130 जे के लिए असेंबली लाइन स्थापित करने के विकल्प तलाश रहे हैं। लॉकहीड मार्टिन के पास पहले से ही टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड के साथ एक ज्वाइंट वेंचर है, जो सी-130 जे के लिए एम्पेनेज (टेल असेंबली) का वैश्विक स्रोत है। यह देखना अभी बाकी है, कि लॉकहीड मार्टिन फिर से भारतीय वायुसेना से कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय फर्म का उपयोग करेगा या नहीं। इसके अलावा एयरबस ने पहले ही आईएएफ को सी-295 परिवहन विमान की आपूर्ति के लिए टीएएसएल के साथ साझेदारी की है।

---

## खबर संक्षेप

### दक्षिण चीन में भीषण बाढ़ से 47 की मौत



**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी क्षेत्र में स्थित गुआंग्डोंग प्रांत में भारी बारिश के कारण आई भीषण बाढ़ व भूस्खलन में कम से कम 47 लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मीझोउ शहर में 38 लोगों की मौत हुई थी। बता दे कि इसी शहर में इसके पहले नौ अन्य लोगों की मौत हुई थी। मीझोउ में 38 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।


### अखनूर: दो बसों के बीच टक्कर, 20 यात्री घायल



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में सड़क हादसा हुआ है। जम्मू के अखनूर के ज्यौडियां की मुख्य सड़क पर दो बसों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में 20 यात्री घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें तीन की हालत गंभीर बनी हुई है।

सुरक्षा बलों और आंतकियों के बीच मुठभेड़

# उरी के पास 2 आतंकी ढेर घुसपैठ का प्रयास नाकाम



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी के गोहलान इलाके में भारतीय सेना और संयुक्त सुरक्षा बलों ने शनिवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी। वहीं सुरक्षाबलों ने उरी के पास दो आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पाई है। ये दोनों घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। फिलहाल सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है।

### कहां-कहां तैनाती

जम्मू में अर्धसैनिक बलों की 10 कंपनियां पहुंच चुकी हैं, जिन्हें पुरानी मंडी, राम मंदिर, पीरखो मंदिर, भगवती नगर आधार शिविर में तैनात किया गया है। इसके अलावा पुरमंडल मोड़ से लेकर झज्जर कोटली तक पूरे हाईवे पर जवान भेजे गए हैं। इसमें कुंजवानी, गंग्याल, सिद्ड़ा, नगरोटा का इलाका शामिल है। अगले कुछ दिन में अन्य कंपनियां भी पहुंच जाएंगी। इन अतिरिक्त कंपनियों के अलावा जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान भी लगाए जाएंगे।

### यात्रा को लेकर अर्धसैनिक बलों की तैनाती शुरू

*अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू-कश्मीर में अर्धसैनिक बलों की तैनाती शुरू कर दी गई है। जम्मू जिले को इस बार अर्धसैनिक बलों की 24 अतिरिक्त कंपनियां मिली हैं, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में पांच से छह अधिक हैं। पहली बार अमरनाथ यात्रा के रूट, यात्रियों के रुकने के स्थलों, लंगरों और अन्य जगहों पर तैनाती के अलावा अर्धसैनिक बल उन जगहों पर भी तैनात किए जा रहे हैं, जहां पर किसी अप्रिय घटना होने की आशंका है।*

### साजिश रच रहा पाक

पड़ोसी मुल्क पाकिस्तानी उत्तरी कश्मीर में फिर से आतंकवाद को सक्रिय करने की साजिश रच रहा है। इस क्षेत्र में 2005 से 2015 तक आतंक फैला था। हालांकि 2019 में जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक मुहिम के तहत बारामुला जिले को आतंकी मुक्त घोषित किया गया था।

## भारत-बांग्लादेश के बीच हुए 10 अहम करार

# समुद्री क्षेत्र व ब्लू इकोनॉमी में संबंधों को बढ़ावा देने सहित कई समझौते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और बांग्लादेश ने शनिवार को समुद्री क्षेत्र और समुद्री अर्थव्यवस्था (ब्लू इकॉनोमी) में संबंधों को बढ़ावा देने सहित कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। भारत-बांग्लादेश के बीच 10 अहम समझौते किए गए है। पीएम नरेंद्र मोदी और बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना के बीच व्यापक बातचीत के बाद समझौतों को अंतिम रूप दिया गया। इन समझौतों में डिजिटल डोमेन में संबंध मजबूत करने और 'हरित साझेदारी' को लेकर एक समझौता भी शामिल है।

### डिजिटल साझेदारी पर समझौता

इसके अलावा भारत और बांग्लादेश में डिजिटल साझेदारी के तहत समझौतों के आदान-प्रदान किए गए। भारत के विदेश सचिव और बांग्लादेश के विदेश सचिव ने डिजिटल सहयोग से जुड़े दस्तावेजों पर दस्तखत किए हैं। दोनों देशों में हरित भागीदारी पर भी समझौता किया गया है। वहीं दोनों देशों में समुद्री सहयोग और ब्लू इकोनोमी पर भी समझौते का आदान-प्रदान किया गया।

### दोनों देशों के बीच रेल संपर्क बढ़ेगा

दोनों देशों के बीच रेलवे संपर्क बढ़ाने के समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। समझौतों के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बयान में कहा कि, 'आज हमने नए क्षेत्रों में सहयोग के लिए भविष्य का विजन तैयार किया है।

### पीएम मोदी ने हसीना का स्वागत किया

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शुक्रवार से दो दिवसीय यात्रा पर भारत पहुंचीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और अनेक मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता की। प्रधानमंत्री मोदी ने शेख हसीना का हैदराबाद हाउस में गर्मजोशी से स्वागत किया।



### रेल सेवा, बस सेवा सहित कई द्विपक्षीय समझौते

- बांग्लादेश के चिकित्सा रोगियों के लिए ई-वीजा
- बांग्लादेश के रंगपुर में भारत का नया सहायक उच्चायोग
- राजशाही और कोलकाता के बीच नई रेल सेवा
- चटगांव और कोलकाता के बीच नई बस सेवा
- गेदे-दरसाना और हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी के बीच दलगांव तक मालगाड़ी सेवाओं की शुरुआत
- अनुदान सहायता के तहत सिराजगंज में अंतर्देशीय कंटेनर डिपो का निर्माण
- भारतीय ग्रिड के माध्यम से नेपाल से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली के निर्यात की शुरुआत
- गंगा जल संधि के नवीनीकरण पर चर्चा के लिए संयुक्त तकनीकी समिति
- बांग्लादेश के अंदर तीस्ता नदी के संरक्षण और प्रबंधन पर परियोजना के लिए तकनीकी प्रतिनिधिमंडल का बांग्लादेश दौरा
- बांग्लादेशी पुलिस अधिकारियों के लिए 350 प्रशिक्षण स्लॉट
- चिकित्सा रोगियों के लिए मुक्तिजोधा योजना आदि।

### 40 मेगावाट बिजली निर्यात करेगा भारत

पीएम हसीना के भारत दौरे के दौरान की गई घोषणाओं की सूची भी जारी की। इन घोषणाओं में बांग्लादेश के मरीजों के लिए ई-वीजा, बांग्लादेश के रंगपुर में भारत का नया सहायक उच्चायोग, राजशाही और कोलकाता के बीच ट्रेन सेवा,चटगांव और कोलकाता के बीच नई बस सेवा, गेडे-दरसाना और हल्दीबाड़ी-चिलाहाटी के बीच डलगांव तक मालगाड़ी सेवा शुरू करना, भारतीय ग्रिड के जरिए नेपाल से बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली का निर्यात करना, गंगा जल संधि के नवीकरण पर चर्चा के लिए संयुक्त तकनीकी समिति गठित करना आदि।

### तीस्ता नदी के जल बंटवारे पर तकनीकी टीम जाएगी

भारत ने बांग्लादेश के नागरिकों को मेडिकल ई-वीजा की सुविधा देने का ऐलान किया है। इसके लिए भारत सरकार बांग्लादेश के रंगपुर में उप-उच्चायोग खोलेगी। साथ ही दोनों देश तीस्ता नदी के जल-बंटवारे पर चर्चा के लिए तकनीकी टीम भेजने पर भी सहमत हो गए हैं। पीएम मोदी और उनकी बांग्लादेशी समकक्ष के बीच कुल 10 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं, जिनमें डिजिटल साझेदारी, हरित साझेदारी, मेरीटाइम सहयोग, रेलवे संपर्क, समुद्री रिसर्च, सुरक्षा और रणनीतिक मामलों में आपसी सहयोग, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन और मत्स्य पालन संबंधी समझौते शामिल हैं।

---

विमान में 329 लोग मारे गए थे

# एयर इंडिया की उड़ान में बम विस्फोट मामले की जांच जारी



एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा की पुलिस ने कहा है कि एअर इंडिया की उड़ान संख्या-182 को बम से उड़ाने की जांच अब भी जारी है। पुलिस ने इसे आतंकवाद के मामले की सबसे लंबी और सबसे जटिल जांच में से एक बताया है। पुलिस ने यह टिप्पणी विमान को बम से उड़ाने के 39 साल पूरे होने से तीन दिन पहले की है।

### पीड़ित परिवारों के साथ सहानुभूति व्यक्त की

इनमें ज्यादातर भारतीय मूल के कनाडाई थे। यह बम सिख आतंकवादियों ने 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के जवाब में रखा था। यह अभियान अमृतसर में स्वर्ण मंदिर को आतंकवादियों से मुक्त कराने के लिए 1984 में चलाया गया था। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) के सहायक आयुक्त डेविड टेबौल ने एक बयान में कहा कि बम विस्फोट की यह वारदात देश के इतिहास में कनाडाइयों की जान लेने वाली और उन्हें प्रभावित करने वाली आतंकवाद संबंधी सबसे भयावह घटना है। उन्होंने पीड़ित परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। टेबौल ने कहा कि एअर इंडिया बम विस्फोट मामले की तफ्तीश देश के इतिहास में सबसे लंबी और घरेलू आतंकवाद से संबंधित सबसे जटिल जांच में से एक है।

# अमेरिका में सेना के अड्डों के करीब चीन ने खरीदी जमीन



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के लिए आज के समय सबसे बड़ा टेंशन चीन बना हुआ है। चीन बाहर से अमेरिका को परेशान कर ही रहा है। लेकिन अब यह अमेरिका की अंदर से भी टेंशन बढ़ा रहा है। चीन पूरे अमेरिका में सैन्य प्रतिष्ठानों के करीब रणनीतिक रूप से कृषि भूमि खरीद रहा है। इस कारण संभावित जासूसी और घुसपैठ के जरिए राष्ट्रीय सुरक्षा में सेंध की आशंका बढ़ गई है। जानकारी के मुताबिक रिपोर्ट में फ्लोरिडा से लेकर हवाई तक 19 ठिकानों की पहचान की गई है, जो चीनी संस्थानों की ओर से खरीदी गई जमीन के करीब है। चीन के लिए काम करने वाले जासूस इनका इस्तेमाल कर सकते हैं।

स्वास्थ्य चुनौतियों पर तीर्थयात्रियों के लिए चौबीसों घंटे सेवाएं प्रदान की जाएंगी

इस वर्ष लगभग 2 लाख ओपीडी आयोजित की गई

# केंद्र सरकार ने जारी किया 'हज तीर्थयात्रा के लिए चिकित्सा देखभाल व्यवस्था' दस्तावेज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने शुक्रवार को 'हज यात्रा के लिए चिकित्सा देखभाल व्यवस्था' शीर्षक से एक दस्तावेज जारी किया। यह दस्तावेज स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय द्वारा संयुक्त रूप से तैयार किया गया है। यह दस्तावेज स्वास्थ्य सेवाओं का रोडमैप प्रस्तुत करता है और यह भी बताता है कि तीर्थयात्री इन सेवाओं का लाभ कैसे उठा सकते हैं।

### भारत से 1,75,025 तीर्थयात्रियों ने हज यात्रा की

*इस अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि इस वर्ष भारत से लगभग 1,75,025 तीर्थयात्रियों ने हज यात्रा की, जिनमें से लगभग 40,000 बुजुर्ग थे, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक थी। इस वर्ष मौसम की खराब परिस्थितियों को देखते हुए, स्वास्थ्य चुनौतियों ने तीर्थयात्रियों के लिए चौबीसों घंटे सेवाएं प्रदान करना आवश्यक बना दिया है।*

### यात्रियों की चिकित्सा देखभाल

*केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने यह भी कहा कि इस वर्ष लगभग 2 लाख ओपीडी आयोजित की गई हैं, साथ ही तीर्थयात्रियों के लिए चिकित्सा टीमों द्वारा दौरा भी किया गया है। अपूर्व चंद्रा ने कहा कि एनआईसी की मदद से एक लाइव पोर्टल विकसित किया गया है, जो चिकित्सा देखभाल चाहने वाले तीर्थयात्रियों और प्रदान की जा रही सेवाओं पर वास्तविक समय डेटा और विश्लेषण प्रदान करता है।*

### हज यात्रियों को स्वास्थ्य कार्ड दिया

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा प्रदान की जाने वाली चिकित्सा देखभाल व्यवस्था में भारत में हज आवेदकों के स्वास्थ्य और फिटनेस का आकलन करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली चिकित्सा जांच और फिटनेस प्रमाण पत्र को संशोधित करना, हज यात्रियों को उनकी यात्रा और केएसए में रहने के लिए स्वास्थ्य कार्ड प्रदान करना, टीकाकरण शिविरों के आयोजन के लिए राज्यों को टीके उपलब्ध कराना आदि।

### दस्तावेज का प्रकाशन महत्वपूर्ण

जेद्दा में भारत के महावाणिज्यदूत शाहिद आलम ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को संस्थागत बनाने के लिए दस्तावेज का प्रकाशन महत्वपूर्ण है। उन्होंने हज के दौरान होने वाले अनुभवों और चुनौतियों के बारे में बताया।

---

इजराइल ने राफा के पास रिलीफ कैंप पर किया बड़ा हमला

# 25 लोगों की मौत, 50 घायल रेडक्रॉस फील्ड अस्पताल में भर्ती किए गए

एजेंसी ▶▶ राफा

इजराइल की सेना ने राफा शहर के उत्तरी हिस्से में विस्थापित फिलिस्तीनियों के लिए बनाए गए शिविरों पर हमला किया, जिसमें कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय और आपातकालीन कर्मचारियों ने यह जानकारी दी।

### हमास ने इजराइल को ठहराया जिम्मेदार



*हमास द्वारा संचालित क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से भी कहा गया है कि गोलाबारी में 25 लोग मारे गए और 50 घायल हुए। हमले के लिए हमास ने इजराइल को जिम्मेदार ठहराया।*

### इजराइल की आलोचना

*अब जबकि हमास के खिलाफ इजराइल का युद्ध अपने नौवें महीने में है, नागरिक जीवन की भारी कीमत पर गाजा में व्यवस्थित विनाश के इजराइल के अभियान पर अंतरराष्ट्रीय आलोचना बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत ने निष्कर्ष निकाला है कि गाजा में नरसंहार का संभावित खतरा है।*

### फिलिस्तीनियों के शिविरों पर हमला

इजराइली बलों ने शुक्रवार को गाजा के दक्षिणी शहर राफा के उत्तर में विस्थापित फिलिस्तीनियों के लिए शिविरों पर गोलाबारी की, जिसमें कम से कम 25 लोग मारे गए और 50 अन्य घायल हो गए। यह छोटे फ़िलिस्तीनी क्षेत्र में नया घातक हमला था, जहां इज़राइल और हमास के बीच लड़ाई में सैकड़ों हजार लोग भाग गए हैं।

### गाजा में कोई भी जगह सुरक्षित नहीं

संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि गाजा में कोई भी जगह सुरक्षित नहीं है और मानवीय स्थितियां गंभीर हैं क्योंकि लोग पर्याप्त भोजन, पानी या चिकित्सा आपूर्ति के बिना तंबू और तंग अपार्टमेंट में आश्रय लिए हुए हैं. वहीं इज़राइल का कहना है कि वह हमास के लड़ाकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा है और वह नागरिकों की मौत को कम करने की कोशिश कर रहा है।

### गाजा में 37 हजार से अधिक लोगों की मौत

स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइली जमीनी हमलों और बमबारी में गाजा में 37,100 से अधिक लोग मारे गए हैं, जो अपनी गिनती में लड़ाकों और नागरिकों के बीच अंतर नहीं करता है. हमास के 7 अक्टूबर के हमले के बाद इज़राइल ने युद्ध शुरू किया. इसमें आतंकवादियों ने दक्षिणी इज़राइल में हमला किया था, जिसमें लगभग 1,200 लोगों की मौत हो गई थी और लगभग 250 लोगों का अपहरण कर लिया।

मालवाहक जहाज डाली के चालक दल में थे शामिल

# करीब तीन महीने फंसे रहे आठ भारतीय स्वदेश रवाना हुए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के बाल्टीमोर में मालवाहक जहाज गिरने से ध्वस्त हुए पुल के नीचे फंसे जहाज पर तीन महीने तक फंसे रहने के बाद चालक दल के आठ सदस्य भारत रवाना हो चुके हैं। बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज टूटने के कारण नदी में फंसे जहाज एमवी डाली पर 20 भारतीय और एक श्रीलंकाई सवार थे। बाल्टीमोर मैरीटाइम एक्सचेंज की रिपोर्ट के मुताबिक चालक दल के कुल 21 सदस्यों में से चार अभी भी जहाज पर ही फंसे हैं। बाल्टीमोर पुल हादसे के लगभग तीन महीने के बाद मालवाहक जहाज- एमवी डाली पर सवार भारतीय चालक दल के कुछ सदस्य स्वदेश लौट रहे हैं। आठ भारतीय चालक दल के सदस्य शुक्रवार को भारत के लिए रवाना हो गए।



# आज पर टिकी होती है हमारी भविष्य की जिंदगी

कवर स्टोरी
शिखर चंद जैन

यह सही है कि भविष्य में कुछ भी निश्चित नहीं लेकिन आने वाले कल का बहुत कुछ ऐसा होता है, जिसे हम आज ही निर्धारित कर सकते हैं। वो कौन-सी प्रवृत्तियां हैं, कौन-सी स्वभावगत विशेषताएं हैं, जिनमें बदलाव लाना या जिन्हें सही दिशा देना जरूरी है, इस बारे में जानकर हम निश्चित ही आने वाले जीवन को बेहतर बना सकते हैं।





आपको अगर अपने उगाए पेड़ों से आम, अमरूद, नीबू, केला, टमाटर या कोई भी फल सब्जी खानी है तो उसे कब उगाएंगे? जाहिर है, आप जब भी इन्हें उगाएंगे उसके कुछ दिनों, हफ्तों, महीनों या बरसों बाद आपको अपेक्षित फल मिलेंगे। ठीक इसी प्रकार आपको अपना भविष्य उज्ज्वल, खुशहाल, सहज और सुविधाजनक चाहिए तो उसके लिए कुछ कोशिशें आज से ही शुरू करनी होंगी। इन कोशिशों में आपके नजरिए, स्वभाव और आदतों में परिवर्तन भी शामिल है।

### करें भविष्य का आकलन

हालांकि जीवन और दुनिया परिवर्तनशील और अनिश्चित है लेकिन इसमें कुछ चीजें कभी नहीं बदलेंगी। जैसे लोगों का स्वभाव, खान-पान संबंधी मूल आदतें, मानवीय गुण-दोष। इन्हीं के आधार पर भविष्य के लिए अपने प्रोफेशनल या कारोबारी निर्णय लें। मॉर्गन हाउसेल ने अपनी बेस्ट सेलर पुस्तक 'सेम एज एवर' में लिखा है, 2050 में दुनिया चाहे जैसी हो, लोग तब भी लाभ, भय, अवसर, शोषण, जोखिम, अनिश्चितता, जुड़ाव से संचालित होंगे, जैसे आज होते हैं। तब भी हर कोई सुरक्षित भविष्य चाहेगा, आशंकाओं से घबराएगा और खाने में कुछ चीजें तब भी लगभग हर कोई खाएगा।' शायद यही कारण है कि वारेन बफेट जैसा बड़ा उद्यमी बीमा कंपनियों, बबलगम, टोमेटो केचप जैसी ट्रेडिशनल कंपनियों में निवेश करते रहे हैं।

### रखें स्पष्ट-तार्किक सोच

हमें जीवन में रोजाना कुछ छोटे-बड़े निर्णय लेने पड़ते हैं। इन्हीं के सही गलत होने पर हमारे भविष्य का पूरा दारोमदार होता है। अगर हम अपनी निर्णय क्षमता को स्पष्ट और तार्किक बनाना सीख लें तो हमारा आने वाला कल निश्चित रूप से अच्छा ही होगा। सही निर्णय लेने की कला स्कूली पढ़ाई से नहीं बल्कि अच्छे लोगों की सलाह, जीवन के अनुभवों और व्यावहारिक ज्ञान पर निर्भर करती है। सबसे पहले आपको उन क्षणों को पहचानना सीखना चाहिए, जो आपके जीवन को बदलने में सक्षम हैं। किसी भी घटना, स्थिति या व्यक्ति के व्यवहार पर बिना सोचे त्वरित प्रतिक्रिया न दें। बल्कि सोच-समझ कर तर्क के आधार पर निर्णय लें। भावनात्मक प्रतिक्रिया देने के बजाय विवेक से काम लें।

### विश्वास और शत्रुता सीमित हो




आपने कई पौराणिक, ऐतिहासिक कथाएं पढ़ी होंगी। अपने परिवार या आस-पास के उदाहरण देखे होंगे और हो सकता है कभी आपको भी अनुभव प्राप्त हुआ हो कि किसी भी व्यक्ति से शत्रुता खतरनाक स्तर पर पहुंच जाए तो मानसिक अशांति के साथ-साथ जान से हाथ धो बैठने और भारी आर्थिक नुकसान होने का जोखिम बढ़ जाता है। ठीक इसी प्रकार जब हम किसी को अपना परम मित्र और हितैषी मानकर उसे अपनी जिंदगी का हर छोटा-बड़ा राज बता देते हैं और जरूरत से ज्यादा विश्वास करने लगते हैं तो कभी-कभार हमें भारी नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसा ना हो इसके लिए किसी से अत्यधिक शत्रुता या किसी पर अंधविश्वास करने से बचना चाहिए।

### धोखाधड़ी-शॉर्टकट से बचें

कई बार हम क्षणिक सुख प्राप्त करने के लिए कोई ऐसी बड़ी गलती कर बैठते हैं, जिसके लिए हमें जीवन भर पछताना पड़ता है। अवैध संबंध, ठगी, चोरी, लूट, ईर्ष्या, किसी का अहित करना या धोखा देकर, नकल करके आगे बढ़ना ऐसे काम हैं, जिनका अंतिम नतीजा सदैव दुखदायी ही होता है। आप ऐसी खबरें देखते, सुनते या पढ़ते होंगे कि कोई बाहुबली, बड़ा राजनीतिज्ञ या अत्यधिक अमीर व्यक्ति भी अर्श से फर्श पर आ जाता है। इस संदर्भ में अब्राहम लिंकन के एक पत्र का सारांश पठनीय है, जो उन्होंने अपने बेटे के स्कूल टीचर को लिखा था। उन्होंने लिखा था, 'आदरणीय टीचर, आप मेरे बेटे को सिखाएं कि मेहनत से कमाया हुआ एक डॉलर सड़क पर पड़े मिलने वाले पांच डॉलर से ज्यादा कीमती होता है। वह दूसरों से ईर्ष्या की भावना मन में ना लाए। मुझे उम्मीद है कि आप उसे बताएंगे कि दूसरों को धमकाना और डराना अच्छी बात नहीं है। नकल करके पास होने से फेल होना ज्यादा अच्छा है। आप उसे सिखाएं कि हर दुश्मन में दोस्त बनने की संभावना भी होती है। इसलिए संयमित व्यवहार करे।'

ये सीखें बेहतर जीवन की चाहत रखने वाले हर किसी के लिए उपयोगी हैं। इसलिए बेहतर और खुशहाल जीवन के लिए इसके सभी पहलुओं का संतुलन साधना बहुत जरूरी है। *

### सीखें लाइफ को बैलेंस करना

**अगर आप** अपने जीवन में अच्छे-बुरे कामों, नतीजों, अपने क्रिया-कलापों पर नजर नहीं रखते हैं तो जीवन की गति बेलगाम घोड़े या ड्राइवर विहीन कार जैसी होगी। जाहिर है, इसके दुष्परिणाम आपको ही भोगने होंगे। जीवन में संतुलन बेहद जरूरी है। काम के साथ स्वास्थ्य, विश्राम, संबंधों और परिवार पर भी ध्यान देना जरूरी है। कोका-कोला के पूर्व सीईओ ब्रायन डायन ने कॉर्पोरेट करियर में 40 साल बिताने के बाद एक स्पीच में कहा था कि काम पर समय से पहुंचें। तल्लीन होकर काम करें लेकिन घर पर भी समय से पहुंचे। हम जीवन में पांच गेंदों की जग्लिंग करते हैं। पहली गेंद काम, दूसरी परिवार, तीसरी स्वास्थ्य, चौथी दोस्ती और पांचवीं गेंद उत्साह से जुड़ी हुई है। काम-काज की गेंद रबड़ की तरह है। यह हाथ से छूट गई तो दोबारा आ सकती है। लेकिन बाकी गेंदें कांच की तरह होती हैं। ये एक बार हाथ से छूटीं तो टूट जाएंगी। पैसा और प्रोफेशन महत्वपूर्ण है लेकिन सब कुछ यही नहीं है। इसलिए परिवार की महत्ता को पूरी तरजीह दें।



# पुरुष भी जरूर करें अपनी हेल्थ केयर



परिवार के अन्य सदस्यों की हेल्थ का पूरा ध्यान रखने वाले पुरुष सदस्य अकसर अपनी हेल्थ पर ध्यान नहीं देते हैं। सभी पुरुषों को अपनी हेल्थ के प्रति अवेयर करने और हेल्दी लाइफ जीने के लिए 'मेंस हेल्थ मंथ (जून)' इंस्पायर करता है।

अवेयरनेस
डॉ. मोनिका शर्मा

जून महीना पुरुषों की स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर सजगता लाने से जुड़ा है। इस माह को 'मेंस हेल्थ मंथ' के रूप में मनाया जाता है। यह महीना, पुरुषों की हेल्थ प्रॉब्लम्स को लेकर जागरूक होने को समर्पित है।

**पारिवारिक सदस्यों की जिम्मेदारी:** परिवार में पिता, दादा, भाई या किसी भी अन्य रिश्ते के रूप में रहने वाले पुरुष सदस्य अगर अपनी सेहत का पूरा ध्यान नहीं रखते हैं तो परिवार के अन्य सदस्यों की यह जिम्मेदारी है, वे उन्हें अपनी हेल्थ को लेकर अवेयर करें। कई तरह की भाग-दौड़ के बावजूद अपनों का स्वास्थ्य सहेजने वाली आपा-धापी में उलझे रहने वाले बाबा, पापा, चाचा या भाई को भी उनकी परेशानियों को समझने वाला साथ चाहिए होता है। उनका हाथ थामकर डॉक्टर के पास तक ले जाने और दवा खिलाने के लिए परिवार के सदस्य समय जरूर निकालें, उनकी तकलीफों को लेकर संवेदनशील बनें।



**स्वास्थ्य की अनदेखी:** अध्ययन बताते हैं कि पुरुषों की प्राइमरी हेल्थ केयर के लिए चिकित्सक के पास जाने की प्रवृत्ति कम होती है। इसी वजह से पुरुषों में हृदय रोग, कैंसर और दुर्घटना में लगी चोटें, उनका जीवन छीनने के तीन प्रमुख कारणों में से एक बनकर सामने आई हैं। इतना ही नहीं पोस्टपार्टम डिप्रेशन जैसी समस्या महिलाएं ही नहीं पुरुष भी झेलते हैं। उम्र के साथ हार्मोनल बदलावों से जुड़ी परेशानियां पुरुषों के भी हिस्से आती हैं। पैरेंटिंग की यात्रा के उतार-चढ़ाव में पिता भी साझीदार होते हैं। उनकी मनःस्थिति भी बदलती है। कई तरह की चिंताएं उन्हें भी आ घेरती हैं। बावजूद इसके यह जिम्मेदारी निभाने के आयुवर्ग में अधिकतर पुरुष अपनी हेल्थ को लेकर ज्यादा सजग नहीं रहते। अपनों की संभाल का जिम्मा उठाने वाले पिता, पति और बेटे खुद अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को सीरियसली नहीं लेते। मन ही मन बहुत सी परेशानियों से जूझते रहते हैं। अपनी तकलीफें बताने के बजाय अपनों की परेशानियों का हल निकालने में जुटे रहते हैं। ऐसे में घर की महिला सदस्य और बच्चे अपने पति, पिता और दादाजी को खुद की देखभाल के लिए प्रेरित भी कर सकते हैं और स्नेह भरा दबाव भी बना सकते हैं। अपने स्वास्थ्य की अनदेखी करने के इस बर्ताव के खिलाफ प्यारी सी जिद ठान सकते हैं। घर के पुरुष सदस्य, अपने बच्चों की बात नहीं टाल पाते हैं।

**स्नेह-साथ आवश्यक:** हमारे सोशल सिस्टम में बहुत सहजता से यह मान लिया जाता है कि घर के पुरुष सदस्यों को साथ, स्नेह और संवेदनशील बर्ताव की दरकार है ही नहीं। खासकर उस आयुवर्ग में जब वे अपनी जिम्मेदारियां संभालने योग्य हो जाते हैं। पिता, पति और बेटे के रूप में परिजनों के लिए हर मोर्चे पर भागम-भाग करने लगते हैं। ऐसे में बड़े होते बच्चों का अपने पिता के प्रति जुड़ाव ही संबल बन सकता है। शारीरिक स्वास्थ्य सहेजने के लिए ही नहीं भावनात्मक मजबूती के मोर्चे पर भी यह स्नेह भरा साथ बहुत आवश्यक है।

**अपनों की भूमिका अहम:** पुरुषों की सेहत से जुड़ी चिंताओं के प्रति अवेयरनेस लाने और बहुत सी स्वास्थ्य समस्याओं की तरफ ध्यान लाने और उसे बेहतर तरीके से प्रबंधित करने के लिए तय किया गया यह विशेष वार्षिक आयोजन (मेंस हेल्थ मंथ) वाकई अहम है। इस दौरान चलाए जाने वाले जागरूकता अभियान, यह भी बताते हैं कि घर के पुरुष मेंबर की हेल्थ संभालने के लिए अपनों की सक्रियता बेहद जरूरी है। अमेरिकी लेखक, राजनीतिज्ञ और डिप्लोमैट बिल रिचर्डसन ने कहा था कि पुरुषों की स्वास्थ्य समस्याओं को पहचानना और उन्हें रोकना केवल पुरुषों का मामला नहीं है। इसका असर पत्नियों, माताओं, बेटियों और बहनों पर भी पड़ता है। इससे स्पष्ट होता है कि पुरुषों का स्वास्थ्य वास्तव में एक व्यक्ति का नहीं पारिवारिक मुद्दा है। इसे गंभीरता से लेना चाहिए। इससे परिवार में खुशहाली आती है। *

# गेमिंग जोन में खोए बच्चे

प्रिकॉशन
बाल मुकुंद ओझा



खेलों को बच्चों के मानसिक विकास के लिए जरूरी माना जाता है। लेकिन हाल के वर्षों में गेमिंग जोन और ऑनलाइन गेम्स के बढ़ते ट्रेंड से बच्चों में कई हेल्थ प्रॉब्लम्स सामने आने लगी हैं। ऐसे में पैरेंट्स को एलर्ट होने की जरूरत है।

बच्चों के लिए बनाए जाने वाले गेमिंग जोन को लेकर इस समय पूरे देश में खासी चर्चा हो रही है। सवाल है, आखिर ये गेम जोन है क्या? इसका चलन देश और विदेशों में इतना क्यों बढ़ने लगा है?

**विदेश से आया ट्रेंड:** गेमिंग जोन की शुरुआत विदेशों में बहुत पहले हो चुकी थी। समय के साथ अन्य तकनीकों की तरह भारत के छोटे-बड़े शहरों में इसका भी विस्तार होने लगा है। गेमिंग जोन एक ऐसी जगह होती है, जहां लोग गेम खेल सकते हैं। इसे अलग-अलग तरह के गेम्स के लिए डिजाइन किया जाता है। भारत में गेमिंग जोन की लोकप्रियता बढ़ रही है। देश में लगभग हर बड़े शहर और मेट्रो सिटीज में आपको गेमिंग जोन मिल जाएंगे।

**कैसे होते हैं गेमिंग जोन:** गेमिंग जोंस में वीडियो गेम्स खेलने के लिए विशेष रूप से गेम्स डिजाइन किए जाते हैं। यह एक अलग क्षेत्र होता है, जो स्पेशल गेमिंग उपकरणों से तैयार किया जाता है। गेमिंग जोन के गेम्स में प्लेयर्स को अधिक तेज और रोमांचक गेमिंग अनुभव प्राप्त करने के लिए स्पेशल फीचर्स डाले जाते हैं।

**बच्चे करते हैं पसंद:** बच्चों को गेमिंग जोन काफी पसंद आते हैं। इसकी वजह यह है कि पिछले कुछ सालों से बच्चों में इंडोर वीडियो गेम और फोन पर गेम्स खेलने की आदत काफी बढ़ गई है। कई मामलों में तो बच्चों को गेम की लत भी लग जाती है और वो चाहकर भी गेम खेलना छोड़ नहीं पाते। इसी तर्ज पर बनाए गए गेम्स जोन, बच्चों को खूब लुभाते हैं। यही वजह है कि छुट्टी के दिनों पर तो मॉल्स में बनाए गए गेमिंग जोन में बच्चों की काफी भीड़ रहती है। बच्चों को इस तरह के गेम्स खेलने में बहुत मजा आता है। इससे उनके शरीर में डोपामाइन नामक केमिकल ज्यादा रिलीज होता है। डोपामाइन एक न्यूरो ट्रांसमीटर है, जो हमारे शरीर के दिमाग को रोमांच, संतुष्टि और खुशी महसूस कराता है। इस वजह से बच्चे ऐसे गेम ज्यादा खेलते है।

**बच्चों की हेल्थ पर बुरा प्रभाव:** ऑनलाइन गेम्स हों, इंडोर गेम्स या गेमिंग जोन के गेम्स, इनकी लत बच्चों की मेंटल हेल्थ पर बैड इफेक्ट डाल सकती है। इससे बच्चों में डिप्रेशन, एंजाइटी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। बीते कुछ सालों से इस तरह के कई मामले भी सामने आए हैं, जिसमें गेम की लत ने बच्चों की मानसिक सेहत को प्रभावित किया है। उन्होंने अपने घर की चीजों, सदस्यों या दोस्तों को नुकसान भी पहुंचाया है। ऐसे गेम्स से बच्चों में हिंसक सोच भी बढ़ती है। खराब मेंटल हेल्थ के चलते बच्चों की पढ़ाई और प्रदर्शन प्रभावित होता है। ऐसे गेम्स की लत में बच्चों की मेंटल हेल्थ के साथ-साथ फिजिकल हेल्थ भी बिगड़ती है।



**पैरेंट्स ना करें लापरवाही:** अपने बच्चों को मोबाइल, कंप्यूटर और गेम जोन में खेलते देखकर कई माता-पिता बहुत खुश होते हैं। वे दूसरों को बड़े गर्व के साथ यह बताते तनिक भी नहीं हिचकते कि उनका बच्चा डिजिटल दुनिया के नए जमाने के साथ दौड़ रहा है। लेकिन शायद वे इस बात से अनजान हैं कि जिसे वह बच्चे की स्मार्टनेस समझ रहे हैं, वह उसके विकास में बाधा भी बन सकता है। इसलिए अगर आपके बच्चे भी ऐसे गेमिंग जोन में या ऑनलाइन गेमिंग में अकसर या बहुत ज्यादा समय बिताते हैं तो बिना देर किए आपको इस पर गहनता से विचार करने की जरूरत है। आपका बच्चा ऐसे गेम्स का एडिक्ट हो जाए, उससे पहले ही आपको एलर्ट हो जाना चाहिए। ऐसा न हो कि आपके बच्चे का बचपन गेमिंग जोन के चमक-दमक वाले मायाजाल में कहीं खो जाए। इसलिए इस लत से छुटकारा दिलाने के लिए पहले अपने स्तर पर प्यार से समझाने का प्रयास करें। जरूरत हो तो चाइल्ड काउंसलर या साइकोलॉजिस्ट की मदद भी ले सकते हैं। *

## गहन सामाजिक विमर्श

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण


जगमोहन सिंह राजपूत शिक्षाविद तो हैं ही, सामाजिक, राष्ट्रीय और वैश्विक मुद्दों के विचारक भी हैं। हाल में आई पुस्तक 'भारतीय विरासत और वैश्विक समस्याएं (व्यग्रता, उग्रता और समग्रता)' में उनके कई विचारोत्तेजक लेख संकलित हैं। यहां पर लेखक ने कई ऐसी समस्याओं पर विचार किया है, जो केवल एक देश-समाज के लिए ही नहीं संपूर्ण विश्व के लिए चुनौती बने हुए हैं। आज आतंकवाद, सांप्रदायिक उन्माद, असहनशीलता और संवेदनहीनता जैसी समस्याओं का सामना संपूर्ण मानव समाज कर रहा है। ये ऐसी समस्याएं हैं, जिनके निवारण के बिना हम एक सभ्य समाज, विकासोन्मुख देश और बेहतर दुनिया की उम्मीद नहीं कर सकते हैं। अच्छी बात यह है कि इन समस्याओं के मूल कारणों, इनके दुष्परिणामों पर ही नहीं, उनके समाधान के रास्तों पर भी लेखक ने इन लेखों में गहनता से विचार किया है। *



**पुस्तक:** भारतीय विरासत और वैश्विक समस्याएं, **लेखक:** जगमोहन सिंह राजपूत, **मूल्य:** 350 रुपए, **प्रकाशक:** किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली

## लघुकथाएं

### तपती दुपहरी



भीषण गर्मी की तपती दुपहरी थी। घर से बाहर निकलते लगता कि आदमी बेहोश होकर गिर जाएगा। धरती पर कण-कण तप रहा था। लेकिन बुलकिया को दम मारने की भी फुरसत नहीं थी। वह सुबह से ही लगी हुई थी। जल्दी-जल्दी ईंटे ढो रही थी। यह सोचती, बस एक खेप और...बस एक खेप और... फिर बच्चे को दूध पिला आएगी। बीच-बीच में बच्चा उठता, थोड़ी देर रोता फिर सो जाता। भीषण लू चल रही थी। पेट की बात नहीं होती तो बुलकिया निकलती भी नहीं। उसने कनखियों से बच्चे कजरा की ओर देखा। वह बस साल भर का था, नीम के पेड़ के नीचे लेटा हुआ था। पेड़ अब ठूंठ ही बचा था। पेड़ की शाखों पर नाम मात्र की पत्तियां ही बची थीं। बुलकिया को तेज भूख लग आई थी, लेकिन वह ईंटों को ढोने में लगी हुई थी। आधी दोपहर निकल गई थी। वह भी बेचारी क्या करे? उसका आदमी रामसूरतवा डेढ़ साल हुए पैसा कमाने पहले विदेश चला गया था। बैंक के दलालों की मदद से किसी तरह पैसा कर्जा लेकर वह दुबई गया था, लेकिन वह घर नहीं लौटा। दुबई में कहीं टावर पर चढ़कर काम कर रहा था। एक बार नीचे गिरा तो उठ ना सका। बुलकिया अपने पति की लाश भी नहीं देख पाई थी। बैंक से दो लाख का कर्जा लेकर गया था पति, साल भर से वह उसका मय ब्याज चुका रही है। रामसूरतवा अपने पीछे दो बच्चे छोड़ गया है- मिंटुआ और कजरा। मिंटुआ तो खैर बड़ा हो गया है। बड़ा भी भला क्या हुआ है, चौदह साल का है। अट्ठारह घंटे चूड़ी फैक्ट्री में काम करता है। तब जाकर वो पांच हजार कमा पाता है। उसकी कमाई से ही घर चलता है।

पेड़ के नीचे कजरा बहुत देर से लेटा था। धूप की किरणें कांच की किरचों की तरह उसके बदन पर चुभ रही थीं। अचानक से वह जोर-जोर से रोने लगा। सुरेखवा से नहीं रहा गया तो चिल्लाई, 'अरे बहन! सुबह से ही बच्चे को धूप में सुला रखा है। कम-से-कम उसे छाया में तो लिटा, उसे कुछ खिला-पिला दे। तू भी तो कुछ खा-पी ले। इतनी धूप में क्यों काम कर रही है? थोड़ा सुस्ता ले बहन। काहे जान देने पर तुली है? बचेगी तो तभी काम करेगी, जा कुछ खा ले। यहां तो ऐसे लोग हैं, जो ठंडे एसी कमरों में पड़े हुए हैं।

एक हमारा नसीब है, धूप और लू में भी काम करना पड़ रहा है। सब अपने-अपने भाग्य की बात है।' तभी रामानंद ठेकेदार उधर से गुजरा, उसने भी टोका, 'ऐ, बुलकिया, तुझे और तेरे बच्चे को धूप नहीं लग रही है क्या? जा थोड़ा सुस्ता ले।'

बुलकिया के मन में आया कह दे, 'बाबू, भूख के आगे धूप कहां लगती है।' लेकिन उसे लगा उसकी आवाज को लकवा मार गया है। *

-महेश कुमार केशरी

### प्यासा कौआ



ओह कैसी गर्मी है? दो-चार रोटियां बनाने में जी घबरा गया। ये सिल्लो भी कितनी छुट्टी करती है और नलों का भी यही हाल है। सारे बर्तन खाली पड़े हैं। सूखे नल ही हुड़हुड़ा रहे हैं।' पसीना पोंछते हुए गर्मी को कोसते हुए वह किचन से बाहर निकल आईं। सामने उन्हें अपना पौत्र दिखाई दिया, 'अरे बंटू! इतनी गर्मी में तुम यहां बैठे हो?'

आंगन में रखी अपनी छोटी कुर्सी पर बैठा हुआ, अपनी ही धुन में ड्राइंग कॉपी में अपने नन्हे-नन्हे हाथ से कुछ बना रहा था। बंटू को भी उसकी ही तरह घर का आंगन बहुत पसंद है। गमलों में मुस्कुराते एक से एक सजावटी पौधे, कोने में पारिजात के पेड़ पर टंगी घंटियां और एक विशिष्ट सजावट मन को सुकून से भर देता है यह आंगन। उन्होंने बंटू से कहा, 'इस गर्मी में बाहर बैठे हो! चलो अंदर चलो।'

बंटू ने बताया, 'दादी मैं ड्राइंग बना रहा हूं।'

उन्होंने कॉपी में झांक कर देखा पेड़, पौधे चिड़ियां, लाल-पीले फूल, तितलियां और आसमान में बादल, झरती वर्षा की बूंदें, वहीं दूसरी ओर खाली मटका, मटके के पास एक मृत कौआ।

'यह क्या बंटू?' उन्होंने पूछा।

'दादी कल आपने कहानी सुनाई थी न, कौए को कहीं भी पानी नहीं मिला, सब जगह सूखा ही सूखा। कहीं भी पानी की एक बूंद भी नहीं और कौआ प्यासा ही मर गया।' बंटू की आवाज में एक पीड़ा थी।

वह आगे भी बोला, 'देखो दादी, मैंने पेड़, लगाए हैं, उससे बादल आए, बारिश आई और यह नदी! देखो नदी में कितना सारा पानी है।' उन्होंने देखा बंटू के मुख और स्वर से खुशी फूट रही थी।

'पर तुम्हारा कौआ तो प्यासा ही मर गया। अब क्या फायदा?' उन्होंने बंटू से पूछा।

'दादी देखो! दूसरा कौआ तो आकाश में उड़ रहा है न।' वह बोला।

न जाने क्यों निगाहें अपने आप ही आसमान की ओर उठ गईं। उफ्फ! आग उगलते आसमां में एक भी परिंदा न दिखा। पर उन्होंने मिट्टी के खाली सकोरों को पानी से लबालब जरूर भर दिया। *

-यशोधरा भटनागर



# 'पिल' से ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार रितेश..

**मुंबई।** रितेश देशमुख फिल्मों के अलावा अब वेब सीरीज की दुनिया में भी किस्मत आजमाने जा रहे हैं। वे अब अपने ओटीटी डेब्यू के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने अपनी पहली वेब सीरीज 'पिल' की आधिकारिक घोषणा कर दी है। राज कुमार गुप्ता इस आगामी सीरीज के निर्देशक हैं। अभिनेता ने स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा के साथ वेब सीरीज का आधिकारिक एलान किया। सीरीज के पोस्टर के साथ इसकी रिलीज की तारीख से भी पर्दा उठाया गया है। रिलीज की तारीख की घोषणा के अलावा स्ट्रीमिंग प्लटफॉर्म ने सीरीज से अभिनेता का पहला लुक भी जारी कर दिया है। यह सीरीज 12 जुलाई से जियो सिनेमा पर रिलीज होगी।

लाइफ Style



# सारा
## 'अंबानी ने हमें रोटी के साथ सोना परोसा'

सारा अली खान ने जामनगर में हुए अंबानी की पार्टी के बारे में खुलासा किया है। एक साक्षात्कार में उन्होंने मार्च में अनंत और राधिका की प्री-वेडिंग पार्टी को याद किया और मजाक में कहा, 'वे सोना परोसते थे। जैसे हम रोटी के साथ सोना खाते थे। और हर जगह हीरे थे।'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सारा ने फिर स्पष्ट किया, 'यह एक बहुत अच्छा, प्यारा और मेहमाननवाज कार्यक्रम था। मैं अनंत के साथ स्कूल गई हूं। मैंने राधिका को बड़े होते हुए देखा गया है। मुझे लगता है कि पूरा अंबानी परिवार बहुत अच्छे से स्वागत करने वालों में से हैं और नीता मैडम धीरूबाई अंबानी स्कूल में मेरी चेयरपर्सन थीं।' सारा ने कहा, तीन दिवसीय कार्यक्रम के सबसे यादगार हिस्से को याद करते हुए कहा, 'मुझे लगता है कि मेरे लिए सबसे यादगार पल वह था, जब मैंने अनंत और राधिका को देखा। कागज पर हस्ताक्षर करना और एक-दूसरे को प्यार से देखना। उन्होंने आगे कहा, यह बहुत मजेदार था, यही कारण है कि मैं आपको विशेष पलों के बारे में बता रही हूं। हर किसी ने इसे एक अलग रूप में देखा, प्रत्येक अभिनेता ने क्या पहना है, इसकी समीक्षा की। अभिनेत्री ने आगे कहा, 'जब नीता मैम ने अनंत के लिए अपना भरतनाट्यम प्रदर्शन किया। डांस के दौरान उनकी आंखों में ममता देखने को मिला। मैं ग्रीन रिट्रीट नामक स्थान पर रह रही थी। वहां सबके लिए कॉफी थी। इसलिए मैं खूब कॉफी पी रही थी, लेकिन मैं ज्यादा नहीं खा रहा था क्योंकि मुझे प्रमोशन का हिस्सा बनना था और अच्छा दिखना था।'

## हॉलीवुड मसाला




# लांच किया पहला मुफ्त फास्ट चैनल

**लॉस एंजिलिस।** बानीजे राइट्स ने 'मिस्टर बीनः द एनिमेटेड सीरीज' को समर्पित एक फास्ट चैनल लॉन्च किया है। यह पहली बार दुनिया भर में मुफ्त विज्ञापन-समर्थित सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित ब्रांड का विस्तार करता है। इस 24/7 फास्ट चैनल (फ्री एड-सपोर्टेड टेलीविजन) का शीर्षक मिस्टर बीन है। इस पर 'मिस्टर बीनः द एनिमेटेड सीरीज' के पहले तीन सीजन शामिल होंगे। यह सैमसंग टीवी प्लस, एलजी, प्लेक्स, राकुटेन टीवी और टीसीएल पर 29 क्षेत्रों में उपलब्ध होगा।




# ब्रैड 61 की उम्र में फिर बनना चाहते हैं पिता

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड स्टार ब्रैड पिट 61 साल के हैं और उनके 6 बच्चे हैं पर दोबारा पिता बनना चाहते हैं। ब्रैड पिट चाहते हैं कि वह और उनकी गर्लफ्रेंड आइन्स और बच्चों के पैरेंट्स बनें। ब्रैड पिट और एंजेलिना के तलाक के बाद से उनके बच्चों के साथ रिश्ते बिगड़ गए। मालूम हो कि 61 वर्षीय स्टार ब्रैड पिट के बच्चों की उम्र 15 से लेकर 22 साल के बीच है। लेकिन साल 2019 में एंजेलिना जॉली संग तलाक के बाद से ही बच्चों और उनके बीच टेंशन चल रही है। दोनों बेटों पैक्स और मैडॉक्स के साथ उनका खूब विवाद हुआ और रिश्ते खराब हो गए। सोर्स के मुताबिक, एंजेलिना जॉली के साथ बिगड़े रिश्तों और विवाद के कारण ब्रैड पिट जूलरी डिजाइनर आइन्स के करीब आ गए। एंजेलिना और उनका तलाक साल 2019 में हुआ था, जबकि शादी 2014 में की थी।



# आलोचना करने वालों से पूछे सवाल...


**मुंबई।** कंगना रणौत ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक लंबा नोट लिखकर साझा किया है। इसमें उन्होंने ताकतवर महिलाओं के प्रति पुरुषों के नजरिए पर बात की है। कंगना का कहना है कि अपने आसपास सक्षम और पावरफुल महिलाओं को देख पुरुष एक धारणा बनाकर चलते हैं। इस कड़ी में उन्होंने चार सवाल पूछे हैं। कंगना ने पहला सवाल पूछा है, 'क्या हम महिलाओं से हमेशा विनम्र होने की उम्मीद करते हैं? दूसरा सवाल किया है, 'अगर महिलाएं अपनी भावनाओं से ऊपर उठकर कुछ फैसले लेने में सक्षम है तो क्या हम उन्हें जज करते हैं? तीसरा सवाल है, 'क्या यह भी सच है कि अगर किसी महिला का बाहरी रूप या व्यवहार कठोर है तो पुरुष उससे प्रतिस्पर्धा करना शुरू कर देते हैं, लेकिन यदि वह सहज है तो वे उसमें अवसर तलाशने लगते हैं।



# पहली ही फिल्म में छा गए जुनैद

**मुंबई।** आमिर खान के बेटे जुनैद खान की डेब्यू फिल्म 'महाराज' शुक्रवार 21 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म पहले 14 जून को रिलीज होनी थी, लेकिन गुजरात हाईकोर्ट की रोक के बाद रिलीज नहीं हो पाई। शुक्रवार को कोर्ट ने हरी झंडी दे दी और साथ ही कहा कि इसमें कुछ भी आपत्तिजनक नहीं है। यश राज फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में जुनैद खान के अलावा जयदीप अहलावत, शालिनी पांडे और शरवरी वाघ आदि कलाकार भी हैं। फिल्म धर्म के ठेकेदार बने एक अधर्मी बाबा पर बनी है, जिसकी पोल एक पत्रकार करसनदास मुलजी ने खोली। जुनैद पत्रकार करसनदास की भूमिका में हैं। फिल्म देखने के बाद दर्शक जुनैद के अभिनय की जमकर तारीफ कर रहे हैं। पहली ही फिल्म से जुनैद ने दिल जीत लिया है।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस में आते ही छलका रणवीर का दर्द

**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3 के घर में अभिनेता रणवीर शौरी ने भी एंट्री मारी है। रणवीर बॉलीवुड में करीब 25 साल से काम कर रहे हैं। ऐसे में शो का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें वो अपने डूबते करियर को लेकर बात करते नजर आ रहे हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 के लाइव फीड में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर शिवानी कुमारी, रणवीर शौरी से बात करती नजर आ रही हैं। शिवानी, रणवीर को देखकर पहचान नहीं पाईं कि वो एक एक्टर हैं। शिवानी रणवीर से पूछती हैं कि वो कौन हैं और क्या काम करते हैं। शिवानी की बात सुनकर रणवीर को न ही बुरा लगा न गुस्सा आया। उन्होंने बड़ी ही शालीनता से शिवानी के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि वो फिल्मों में एक्टिंग करते हैं। इसके बाद रणवीर शौरी ने शिवानी कुमारी से अपना दर्द बयां किया। उन्होंने शिवानी से कहा कि उन्हें काम नहीं मिल रहा है। रणवीर ने बताया, 'मैं एक एक्टर हूं और पहली बार मैंने साल 1999 में पहली फिल्म की थी।' इसके बाद शिवानी पूछती हैं कि आप क्या बनते हैं हीरो या विलन। इस पर रणवीर ने कहा कि जो भी काम मिल जाए। शिवानी कहती हैं कि काम कैसा चल रहा है। ये सुनते रणवीर कहते हैं कि काम अच्छा चल रहा होता तो मैं यहां नहीं होता।

## संगीत में झनक करेगी मुजरा, अनिरुद्ध अपने प्यार के लिए लेगा स्टैंड?

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का सीरियल झनक हर एपिसोड के साथ दिलचस्प होता जा रहा है। अनिरुद्ध झनक से प्यार करता है, लेकिन फिर भी अर्शी से शादी करने जा रहा है।



इधर झनक भी अनिरुद्ध को बेहद प्यार करती है, लेकिन वो अपने प्यार का इजहार करने से डर रही है। बोस परिवार में खुशी का माहौल है। अर्शी और अनिरुद्ध के संगीत का फंक्शन हो रहा है, लेकिन बिपाशा झनक को सबके सामने बेइज्जत करने का प्लान बनाए बैठी है। अब देखना होगा कि क्या अनिरुद्ध झनक के लिए लेगा स्टैंड? झनक अनिरुद्ध और अर्शी के संगीत में सबके सामने मुजरा करेगी। झनक का डांस देखकर महफिल में लोग उससे इम्प्रेस हो जाएंगे, लेकिन बिपाशा उसकी बेइज्जती करेगी।

# ट्विंकल खन्ना ने की बॉबी देओल के काम की सराहना...

**नई दिल्ली।** बॉबी देओल ने लंबे समय के बाद जब पर्दे पर वापसी की तो सभी को हैरान कर दिया। अभिनेता ने अपने अभिनय और कौशल के दम पर खूब सराहना बटोरी। अब उनके काम की तारीफ अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना ने की है। दरअसल, ट्विंकल खन्ना ने बॉलीवुड में अपना डेब्यू साल 1995 में आई फिल्म 'बरसात' से किया था। ट्विंकल ने बॉबी के साथ हाल ही में मुलाकात की, जिसके बाद उन्होंने अपनी दो तस्वीरें पोस्ट की और लिखा कि वह बॉबी देओल के प्रदर्शन से रोमांचित हैं। अभिनेत्री से लेखिका बनी ट्विंकल खन्ना ने बॉबी देओल के साथ अपनी हालिया मुलाकात की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'आज और कल, सिर्फ पिंकी मौसी ही उनकी प्रशंसक नहीं हैं, उन्हें अच्छा करते हुए देखकर मैं भी काफी रोमांचित हूं। पुरानी यादों का स्वाद मीठा होता है। एक-दूसरे से मिलकर मजा आया कि हम पहले कैसे हुआ करते थे। आपको ये देखकर क्या याद आता है और क्यों? मुझे कमेंट में बताएं।' बता दें कि बॉबी देओल और अक्षय कुमार अच्छे दोस्त हैं और उन्होंने 'अजनबी', 'थैंक यू' और 'हाउसफुल 4' जैसी कई फिल्में साथ में की है। बॉबी देओल ने रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' से शानदार वापसी की। उनकी अदाकारी ने लोगों को हिला के रख दिया। इससे पहले उन्हें वेब सीरीज 'आश्रम' में देखा गया था, वहां भी उनके किरदार को काफी सराहा गया था।



# सिंगर असीस ने बेटे को दिया जन्म

**नई दिल्ली।** 'रातां लम्बियां' की गायिका असीस कौर और उनके पति गोल्डी सोहेल इस समय सातवें आसमान पर हैं। शादी के बंधन में बंधने के करीब एक साल बाद इस जोड़े ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है। इस खबर की खुशी दोगुनी है, क्योंकि वे विश्व संगीत दिवस के शुभ अवसर पर माता-पिता बने हैं। सोशल मीडिया पर सभी सिंगर को ढेर सारी शुभकामनाएं दे रहे हैं। 21 जून को असीस कौर और उनके पति गोल्डी सोहेल ने अपने जीवन की सबसे खास खबर साझा करने के लिए अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट किया। जोड़े ने अपनी एक प्यारी सी तस्वीर साझा की। तस्वीर में, 'अख लड़ जावे' गायिका अपने पति की गोद में सिर रखे हुए दिखाई दे रही हैं। इस बीच, उनके पति गायिका के हाथों में पकड़े गए छोटे जूतों को बड़े प्यार से देख रहे हैं। पीले रंग की ड्रेस पहने, असीस की प्रेग्नेंसी ग्लो को अनदेखा नहीं किया जा सकता है, जबकि वह तस्वीर में अपना बेबी बंप दिखा रही हैं। कपल ने कैप्शन में लिखा, 'वाहेगुरु तेरा शुक्र है, अपार खुशी और कृतज्ञता के साथ, हम विश्व संगीत दिवस पर अपने प्यारे बच्चे के जन्म की घोषणा करते हैं! इस विशेष दिन ने हमें हमारे जीवन की सिम्फनी में सबसे मधुर नोट से नवाजा है। हमारे दिल प्यार, खुशी और कृतज्ञता से भर गए हैं।' गौरतलब है कि 18 जून को असीस और गोल्डी ने अपनी पहली शादी की सालगिरह मनाई। एक पोस्ट में, कपल ने इस खास मौके को यादगार बनाने के लिए रोमांटिक तस्वीरों की एक सीरीज शेयर की।



## बतौर डांसर व मेजबान टीवी पर काम करने के बाद राघव ने फिल्मों में कदम रखा

# इन कलाकारों ने बतौर डांसर शुरू किया था करियर, अदाकारी से भी मनवाया लोहा

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा का इतिहास 100 साल से भी ज्यादा पुराना है। इस दौरान एक से बढ़ कर एक कलाकारों ने फिल्मी पर्दे पर अपना जलवा बिखेरा। कई ऐसे भी कलाकार हुए, जिन्होंने अपना फिल्मी सफर एक अभिनेता के तौर पर शुरू भी नहीं किया था, लेकिन बाद में वह एक बेहतरीन अभिनेता बन गए। आज हम बात करने वाले हैं, ऐसे कलाकारों के बारे में, जिन्होंने बतौर डांसर अपने करियर की शुरुआत की और खूब नाम भी कमाया। इसके बाद जब वह बतौर अभिनेता पर्दे पर आए, तो वहां भी उन्हें दर्शकों से काफी प्यार और सराहना मिली।*

**प्रभुदेवा :** इस कड़ी में सबसे बड़ा और ताजा नाम हैं प्रभुदेवा का। उन्होंने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत बतौर डांसर और कोरियोग्राफर की थी। आज वह देश के जाने-माने कोरियोग्राफर, फिल्म निर्देशक और अभिनेता हैं। उन्हें विभिन्न प्रकार के डांस मे महारत हासिल है। देश भर में सभी डांसर्स इनका काफी सम्मान करते हैं और अपने लिए प्रेरणास्त्रोत मानते हैं। उन्होंने सबसे पहले साल 1989 में रिलीज हुई कमल हासन अभिनीत फिल्म 'वेत्री विझा' फिल्म में बतौर कोरियोग्राफर काम किया था। इसके पहले वह एक दो फिल्म के कुछ सीन्स में दिखे थे। बैकग्राउंड डांसर के तौर पर उन्होंने साल 1988 में आई तमिल फिल्म 'अग्नि नटचथिरम' में काम किया था। इसके बाद वह लगातार बतौर कोरियोग्राफर काम करते रहे और उन्होंने अपना एक खास मुकाम बना लिया। कोरियोग्राफी में बेहतरीन योगदान देने के लिए उन्हें साल 2019 में पद्मश्री के सम्मान से नवाजा गया। कोरियोग्राफी के बाद वह पहली बार बतौर मुख्य अभिनेता वह साल 1994 में आई फिल्म 'इंदू' में नजर आए। इसके बाद उन्होंने कई फिल्मों में काम किया और एक अभिनेता के रूप में भी खुद की एक पहचान बनाई। एक बार फिर वह अपनी आगामी फिल्म को लेकर चर्चा में हैं। वह अभिनेता विजय थालापति के साथ आगामी फिल्म 'गोट' यानी ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम मे नजर आने वाले हैं।



**राघव जुयाल :** राघव जुयाल टीवी जगत के काफी मशहूर कलाकार हैं। उन्हें बतौर डांसर, मेजबान, अभिनेता जाना जाता है। राघव टीवी की दुनिया में पहली बार डांस आधारित शो 'डांस इंडिया डांस' में नजर आए थे। शो पर उनकी विशेष शैली वाली डांस और उनका चुलबुला अंदाज काफी पसंद किया गया। इस शो के बाद वह कुछ और डांस पर आधारित शोज में बतौर मेजबान नजर आए। उन्होंने 'डांस प्लस' जैसे शो के कई सीजन की मेजबानी भी की। इसके अलावा उन्होंने 'दिल है हिंदुस्तानी' के दूसरे सीजन की मेजबानी भी की। बतौर डांसर और मेजबान टीवी पर काम करने के बाद राघव ने फिल्मों में कदम रखा। उन्होंने 'सोनाली केबल', 'एबीसीडी 2', 'नवाबजादे', 'स्ट्रीट डांसर', 'बहुत हुआ सम्मान', 'किसी का भाई किसी की जान' जैसी फिल्मों में अपनी अदाकारी की छाप छोड़ी। इस वक्त वह अपनी आगामी फिल्म 'किल' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में वह विलेन की भूमिका में नजर आने वाले हैं। उन्हें इस किरदार के लिए काफी तारीफें मिल रही हैं।



**काजल अग्रवाल :** अभिनेत्री काजल एक जानी-पहचानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने साल 2004 की बॉलीवुड फिल्म 'क्यूं हो गया ना' से फिल्मों में डब्यू किया था। काजल ने इस फिल्म में ऐश्वर्या राय की छोटी बहन का रोल निभाया था, जिसपर दर्शकों का ज्यादा ध्यान नहीं गया। हालांकि, इसके बाद भी उन्होने हार नहीं मानी और अपनी मेहनत की बदौलत एक मशहूर अभिनेत्री बनीं। उन्होंने अपने करियर में कई बेहतरीन फिल्में की हैं। एक समय पर वह दक्षिण भारतीय फिल्मों में शीर्ष अभिनेत्रियों में शामिल थीं। हाल में ही वह फिल्म 'सत्यभामा' में नजर आई थीं, इस फिल्म में उन्होंने पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया था। काजल अभिनेत्री बनने से पहले एक बैकग्राउंड डांसर के तौर पर काम करती थीं।





**धर्मेश येलांडे :** धर्मेश येलांडे आज एक मशहूर डांसर, कोरियोग्राफर और अभिनेता के तौर पर जाने जाते हैं। वह टीवी पर सबसे पहले साल 2010 में 'डांस इंडिया डांस' शो में नजर आए थे। इस शो की वजह से वह बतौर डांसर काफी मशहूर हो गए। इसके बाद उन्होंने 'डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स' और 'डांस के सुपरस्टार्स' में भी भाग लिया। उन्हें मशहूर कोरियोग्राफर सह निर्देशक फराह खान ने अपनी फिल्म 'तीस मार खान' के लिए धर्मेश को बतौर कोरियोग्राफर काम दिया था। इसके बाद उन्होंने कई और डांस पर आधारित शा में काम किया। टीवी के बाद उन्होंने फिल्मों में भी बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरुआत की। वह साल 2013 की डांस आधारित फिल्म 'एबीसीडी' से अभिनय में कदम रखा। इसके बाद उन्होंने कई और फिल्मों में काम किया। 'बैंजो', 'नवाबजादे', 'सफलता 0 किमी' आदि फिल्मों में उनके अभिनय की सराहना भी की गई।



# भारतीय महिला कम्पाउंड तीरंदाजी टीम ने वर्ल्ड कप में लगाई स्वर्ण पदकों की हैट्रिक

एजेंसी ▶▶| अंताल्या

भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की कम्पाउंड महिला टीम ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां तीसरे चरण में एस्टोनिया पर जीत से विश्व कप में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त इस तिकड़ी ने यहां एकतरफा फाइनल में एस्टोनिया की लिसेल जाटमा, मीरी मैरिटा पास और मैरिस टेट्समैन को 232-229 से हराया। भारत की महिला कम्पाउंड टीम ने अप्रैल में शंघाई और और मई में येचियोन में क्रमशः विश्व कप के पहले चरण और दूसरे चरण के स्वर्ण पदक जीते थे। इस तरह टीम इस सत्र में अपराजेय रही है। रिकर्व वर्ग में अंकिता भकत और धीरज बोम्मादेवरा भी दो पदकों की दौड़ में हैं क्योंकि दोनों व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

**ज्योति, अदिति स्वामी और परनीत ने रचा इतिहास**

**235-227** से क्वार्टर में एल साल्वाडोर को हराया

**234-227** से सेमीफाइनल मैच में तुर्किये को रौंदा

**232-229** से फाइनल में एस्टोनियाई तिकड़ी को हराया

## साल का तीसरा और लगातार चौथा गोल्ड



भारतीय विमेंस टीम का कंपाउंड में वर्ल्ड कप में यह लगातार चौथा गोल्ड है। इससे पहले ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर ने इस साल के तीन वर्ल्ड कप में गोल्ड जीतने से पहले पिछले साल पेरिस में हुए चौथे वर्ल्ड कप में भी गोल्ड जीता था। वहीं भारतीय टीम की वर्ल्ड कप में यह लगातार 13वीं जीत है। भारतीय टीम 2023 मेडेलिन वर्ल्ड कप से एक भी मैच नहीं हारी है। मेडेलिन वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

### फाइनल का रोमांच

फाइनल में पहले राउंड में भारतीय तिकड़ी ने 58-57 की बढ़त ली। दूसरे राउंड में दोनों टीमों ने 57-57 शॉट लगाए। जिसके बाद एक्स्ट्रा पांच शॉट मिले, जिसमें भारतीय टिकड़ी एक अंक से आगे रही। वहीं आखिरी राउंड में भी भारतीय तिकड़ी ने 58 शॉट लगाए, जबकि एस्टोनिया की टीम 57 शॉट ही लगा पाई। इस तरह भारतीय टीम ने 232-229 से हरा दिया।

**खबर संक्षेप**




### महज औपचारिकता का मुकाबला नहीं : दीप्ति

**बेंगलुरु।** सीनियर ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने शनिवार को कहा कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय मुकाबले को भारत महज औपचारिकता का मैच नहीं मानेगा बल्कि टीम पिछले मैचों की बढ़त को मजबूत करना चाहेगी। दीप्ति ने मैच से पूर्व प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'हां, हमने श्रृंखला जीत ली है लेकिन हम इस मैच को सिर्फ औपचारिकता के रूप में नहीं देखेंगे। हमें जो भी मौके मिलेंगे हम उनसे सीखने की कोशिश करेंगे क्योंकि हम इस सप्ताह के अंत में (चेन्नई में) एकमात्र टेस्ट खेलने जा रहे हैं।'

### डिकॉक की पारी ने अंतर पैदा किया

**ग्रॉस आइलेट।** इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने स्वीकार किया कि टी20 विश्व कप के सुपर आठ मैच में उनके बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक की तरह आक्रामकता नहीं



दिखा पाए। डिकॉक ने 38 गेंद पर 65 रन बनाए जिससे दक्षिण अफ्रीका छह विकेट पर 163 रन बनाने में सफल रहा। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम छह विकेट पर 156 रन ही बना पाई। बटलर ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जिस तरह से डिकॉक ने बल्लेबाजी की उससे वास्तव में हम पर दबाव आ गया था। उसने कुछ शानदार शॉट खेले और हम उसकी बराबरी नहीं कर पाए। मेरा मानना है कि उसकी पारी ने मैच में अंतर पैदा किया।'

### अदिति ने महिला पीजीए में कट हासिल किया



**समामीश।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक दूसरे दौर में लचर प्रदर्शन के बावजूद यहां केपीएमजी महिला पीजीए चैंपियनशिप में कट हासिल करने में सफल रहीं। महिला गोल्फ में 30वें मेजर टूर्नामेंट में खेल रही अदिति ने दूसरे दौर मे पांच बोगी से 77 का स्कोर बनाया। दो दौर के बाद उनका कुल स्कोर पांच ओवर 149 है। अदिति संयुक्त रूप से 64वें स्थान पर चल रही हैं। वह अगस्त में पेरिस में अपने तीसरे ओलंपिक में हिस्सा लेंगी।

### मार्क जोथनपुइया ईस्ट बंगाल एफसी से जुड़े

**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल एफसी ने शनिवार को भारत के उभरते हुए अंडर-23 खिलाड़ी मार्क जोथनपुइया के साथ तीन साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। यह करार 2026-27 सत्र के आखिर तक प्रभावी रहेगा। जोथनपुइया के पास मिडफील्ड और रक्षापंक्ति दोनों जगहों पर खेलने की क्षमता हैं।

**टी20 विश्व कप : भारतीय टीम के दो मैच में दो जीत से चार अंक**

# भारत की सुपर-8 में लगातार दूसरी जीत, बांग्लादेश को 50 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| नॉर्थ साउंड

भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में शनिवार को यहां बांग्लादेश को 50 रन से हराकर लगातार दूसरी जीत के साथ सेमीफाइनल के लिए अपना दावा बेहद मजबूत किया। इस जीत से भारत के ग्रुप एक में दो मैच में दो जीत से चार अंक हो गए हैं और टीम शीर्ष पर है। ऑस्ट्रेलिया एक मैच में दो अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। लगातार दूसरी हार झेलने वाले बांग्लादेश और अफगानिस्तान का अभी खाता भी नहीं खुला है। भारत के 197 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश की टीम आठ विकेट पर 146 रन ही बना सकी।

हार्दिक पंड्या (नाबाद 50 रन) के तेजतर्रार अर्धशतक के अलावा विराट कोहली (37), ऋषभ पंत (36) और शिवम दुबे (34) की उपयोगी पारियों से भारत ने पांच विकेट पर 196 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से तंजीम हसन साकिब ने 32 जबकि रिशाद हुसैन ने 43 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए। बांग्लादेश की ओर से कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने सर्वाधिक 40 रन बनाए जबकि सलामी बल्लेबाज तंजीद हसन ने 29 और रिशाद हुसैन ने 24 रन की पारी खेली।



### 3 विकेट कुलदीप के नाम

भारत के लिए इस मैच में हार्दिक पांड्या ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने नाबाद 50 रनों की पारी खेली और एक विकेट भी झटका। हार्दिक को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कुलदीप ने दमदार गेंदबाजी करते हुए तीन विकेट झटके, जबकि जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह को दो-दो विकेट मिले।

### 11वीं बार 180 पार

भारतीय टीम ने इस मैच में एक और विशेष उपलब्धि हासिल कर ली है। भारत टी20 विश्व कप में सर्वाधिक बार 180 से ज्यादा रन बनाने वाली पहली टीम बन गया है। भारत ने इस टूर्नामेंट में अब तक 11 बार 180 से अधिक का स्कोर बनाया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का जाहिर बो शाकिब | 23 | 11 | 3 | 1 |
| विराट कोहली बो तंजीम | 37 | 28 | 1 | 3 |
| पंत का तंजीम बो रिशाद | 36 | 24 | 4 | 2 |
| सूर्यकुमार का लिटन बो तंजीम | 06 | 02 | 0 | 1 |
| शिवम दुबे बो रिशाद | 34 | 24 | 0 | 3 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 50 | 27 | 4 | 3 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 03 | 05 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 07, कुल : 20 ओवर में 196/5
गेंदबाजी : मेहदी हसन 4-0-28-0, शाकिब 3-0-37-1, तंजीम 4-0-32-2, मुस्ताफिजुर 4-0-48-0, रिशाद 3-0-43-2, महमूदुल्ला 2-0-8-0.

| बांग्लादेश | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| दास का सूर्यकुमार बो पंड्या | 13 | 10 | 1 | 1 |
| तंजीद पगबाधा बो कुलदीप | 29 | 31 | 4 | 0 |
| शंटो का अर्शदीप बो बुमराह | 40 | 32 | 1 | 3 |
| हृदय पगबाधा बो कुलदीप | 04 | 06 | 0 | 0 |
| शाकिब का रोहित बो कुलदीप | 11 | 07 | 1 | 1 |
| महमूदुल्लाह का अक्षर बो अर्शदीप | 13 | 15 | 1 | 0 |
| अली का अर्शदीप बो कोहली | 01 | 04 | 0 | 0 |
| रिशाद का रोहित बो बुमराह | 24 | 10 | 1 | 3 |
| मेहदी हसन नाबाद | 05 | 04 | 1 | 0 |
| तंजीम हसन साकिब नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 20 ओवर में 146/8
गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-30-2, बुमराह 4-0-13-2, अक्षर 2-0-26-0, पंड्या 3-0-32-1, जडेजा 3-0-24-0, कुलदीप 4-0-19-3.

### वेस्टइंडीज ने अमेरिका को 9 विकेट से रौंदा

**ब्रिजटाउन।** रोस्टन चेज और आंद्रे रसेल की शानदार गेंदबाजी के बाद सलामी बल्लेबाज शाई होप की धमाकेदार पारी की मदद से वेस्टइंडीज अपने सह मेजबान अमेरिका को 55 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से हराकर टी20 विश्व कप में अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। वेस्टइंडीज के लिए इस मैच में सब कुछ सकारात्मक



रहा। उसने पहले टॉस जीता और फिर अमेरिका की पूरी टीम को 19.5 ओवर में 128 रन पर आउट कर दिया। वेस्टइंडीज ने इसके बाद होप की 39 गेंद पर खेली गई नाबाद 82 रन की पारी की मदद से केवल 10.5 ओवर में एक विकेट पर 130 रन बनाकर अपने नेट रन रेट में बहुत सुधार किया।

**330 से अधिक एथलीट ले रहे हिस्सा**

## मध्य क्षेत्रीय केंद्र भोपाल में शुरू हुआ इंटर साई जूडो टूर्नामेंट-2024



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल।

प्रतिष्ठित इंटर साई जूडो टूर्नामेंट का शुभारंग शुक्रवार को हो गया और यह 23 जून तक साई मध्य क्षेत्रीय केंद्र भोपाल में चलेगा। इस उल्लेखनीय आयोजन में साई प्रशिक्षण केंद्रों, खेलो इंडिया मान्यता प्राप्त अकादमियों, खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्रों और देशभर के जूडो में विशेषज्ञता रखने वाले खेलो इंडिया केंद्रों के 330 से अधिक एथलीट और 30 कोच एक साथ आ रहे हैं। टूर्नामेंट जूडो के क्षेत्र में असाधारण प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करने का वादा करता है। पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित और भारत के पहले पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता मुरलीकांत पेटकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साई सीआरसी भोपाल के क्षेत्रीय निदेशक अभिषेक सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। साई सीआरसी भोपाल में जूडो के हाई परफॉर्मेंस मैनेजर योगेश धाड़वे ने बताया कि प्रतियोगिता में सब-जूनियर, कैडेट और जूनियर स्तर के 50 विभिन्न भार वर्गों के एथलीट भाग ले रहे हैं। यह टूर्नामेंट जमीनी स्तर के एथलीटों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिभाओं के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान करता है। टूर्नामेंट में तीन दिनों के दौरान मैचों की एक श्रृंखला होगी।

### खेल के माध्यम से पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा

साई सीआरसी भोपाल में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित और जूडो के हाई परफॉरमेंस डायरेक्टर यशपाल सोलंकी ने खेल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने में इस आयोजन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, भारत भर से खेलो इंडिया एथलीटों की भागीदारी निस्संदेह प्रतियोगिता को आगे बढ़ाएगी, जिससे इसे खेलो इंडिया प्रतियोगिताओं के मानकों तक विकसित करने में मदद मिलेगी। अंतर साई जूडो टूर्नामेंट 2024 भारत में जूडो की बढ़ती प्रमुखता का प्रमाण है और सभी स्तरों पर प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए एक मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## चोटिल एंडी लेंगे सर्जरी का सहारा


एजेंसी ▶▶| लंदन

पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे विंबलडन या पेरिस ओलंपिक में खेलने की कोशिश के बारे में कोई फैसला लेने से पहले पीठ की चोट से निपटने के लिए शनिवार को सर्जरी करवाएंगे। सैंतीस साल के मरे ने पीठ दर्द के कारण बुधवार को क्वींस क्लब में अपने दूसरे दौर के मैच को बीच में ही छोड़ दिया था, तब वह जॉर्डन थॉम्पसन से 1-4 से पीछे चल रहे थे। ब्रिटेन के इस खिलाड़ी ने मुकाबले के शुरू होने से पहले ही अपने दाहिने पैर में परेशानी की शिकायत की थी। मरे पिछले कई साल से लगातार अलग-अलग चोट का सामना कर रहे हैं।



## चेन्नईयिन ने कोनोर का अनुबंध बढ़ाया

**चेन्नई।** चेन्नईयिन एफसी ने शनिवार को फॉरवर्ड कोनोर शील्ड्स का अनुबंध एक साल तक बढ़ा



दिया जिससे वह 2025 तक क्लब से जुड़े रहेंगे। वह 2023 में मदरवेल एफसी से चेन्नईयिन एफसी से जुड़े थी। वह क्लब के लिए 27 मैच खेलकर पांच गोल कर चुके हैं जबकि चार गोल करने में मदद कर चुके हैं। क्लब ने एक विज्ञप्ति में कहा कि स्कॉटलैंड का यह 26 साल का खिलाड़ी अब चेन्नईयिन एफसी का अहम हिस्सा बन गया है और कई मौकों पर क्लब की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुका है।

## एमबापे नहीं खेले, फ्रांस-नीदरलैंड का मैच रहा ड्रॉ



**लीपजिग।** स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबापे पिछले मैच में लगी चोट के कारण नहीं खेल पाए जिसका फायदा उठाकर नीदरलैंड ने यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के मैच में फ्रांस को गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया। फ्रांस की ऑस्ट्रिया के खिलाफ पिछले मैच में 1-0 से जीत के दौरान एमबापे की नाक में चोट लग गई थी और उनका इस मैच में खेलना संदिग्ध था। एमबापे ने गुरुवार को मास्क पहनकर अभ्यास किया था और फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स को उम्मीद थी कि यह स्टार फुटबॉलर नीदरलैंड के खिलाफ मैच तक फिट हो जाएगा। उन्होंने हालांकि नीदरलैंड के शारीरिक रूप से मजबूत डिफेंडरों के सामने एमबापे को उतारने का जोखिम उठाना उचित नहीं समझा।

**महिला क्रिकेट : भारत को दूसरे मैच में करना पड़ा संघर्ष**

# आज द.अफ्रीका पर क्लीन स्वीप करने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

पहले दो मैच में हर तरह की चुनौती का डटकर सामना करने वाली भारतीय महिला टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच को जीतकर श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत ने श्रृंखला का पहला मैच आसानी से जीता लेकिन दूसरे मैच में उसे कड़ा संघर्ष करना पड़ा।

पहले मैच में भारतीय टीम ने पांच विकेट पर 99 रन के स्कोर से उबरकर 260 रन से अधिक का स्कोर बनाया था। भारतीय गेंदबाजों ने इसके बाद इस स्कोर का अच्छी तरह से बचाव किया।पिछले मैच में हालांकि लॉरा वोल्वार्ड्ट और मारिजाने कैप ने शतक बनाकर भारतीय गेंदबाजों की नहीं चलने दी और अंतिम गेंद तक मैच को रोमांचक बनाए रखा।



### स्मृति मंधाना के दो लगातार शतक

भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने पहले दो मैच में 117 और 136 रन बनाए और इस तरह से लगातार दो वनडे मैच में शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी। भारतीय उप कप्तान अपने इस रिकार्ड को और बेहतर करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पिछले मैच में 88 गेंद पर 103 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की लेकिन सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा रन बनाने के लिए जूझ रही हैं जो भारतीय टीम प्रबंधन के लिए भी चिंता का विषय होगा।

### गेंदबाजों को मिलेगा मौका

भारत पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुका है और ऐसे में टीम प्रबंधन गेंदबाज श्रेयंका पाटिल, सायका इशाक और शीर्ष क्रम की बल्लेबाज प्रिया पूनिया को मौका दे सकता है। जहां तक दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो वह इस मैच में जीत दर्ज करके आईसीसी महिला वनडे चैंपियनशिप के लिए कम से कम दो अंक हासिल करने की कोशिश करेगा जो अगले साल होने वाले विश्व कप में जगह बनाने के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं।

## एक जुलाई से होगा लंका प्रीमियर लीग का आगाज



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

वानिंदु हसरंगा की अगुवाई में एंजेलो मैथ्यूज, इसुरु उदाना, महीश तीक्षाना और कुसल मेंडिस जैसे श्रीलंका के अनुभवी खिलाड़ी एक जुलाई से शुरू होने वाली लंका प्रीमियर लीग के पांचवें सत्र में विभिन्न टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

श्रीलंका के अलावा दुनियाभर के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी इस लीग में खेलते दिखेंगे, जिनमें न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स और मार्क चैपमैन, बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान और तास्किन अहमद, पाकिस्तान के शादाब खान और आगा सलमान, वेस्टइंडीज के आंद्रे फ्लेचर और फैबियन एलन, अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी, मुजीब उर रहमान और नूर अहमद तथा दक्षिण अफ्रीका के रिले रोसेउ और रीजा हेंड्रिक्स जैसे नाम शामिल हैं। एक जुलाई से 21 जुलाई तक आयोजित होने वाली इस लीग में कोलंबो स्ट्राइकर्स, दांबुला सिक्सर्स, गॉल मार्वल्स, जाफना किंग्स और कैंडी की फ्रेंचाइजी भाग लेगी। पांचों टीम लीग चरण में 16 जुलाई तक एक दूसरे का दो बार सामना करेंगी। इसके प्ले ऑफ का आयोजन 18 जुलाई से होगा।




# राजधानी में आज तीन हजार बूथों पर बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रविवार को राजधानी में तीन हजार से अधिक बूथों पर पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस अभियान के लिए जिले में 301 सुपरवाइजर, 197 ट्रांजिट टीम एवं 36 मोबाइल टीम गठित की गई हैं। रविवार को आयोजित किए जा रहे पल्स पोलियो अभियान की जागरूकता के लिए कलेक्टर कार्यालय में स्काई बैलून लहराया गया है। यह बैलून 100 फीट की ऊंचाई पर स्थित किया गया है।

इस अवसर पर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बैलून को आसमान में छोड़कर स्वजनों से अपने पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पांच साल तक की उम्र के बच्चों के स्वजन रविवार, 23 जून को पोलियो बूथ पर पहुंचकर पोलियो की दवा अवश्य पिलवाएं। कलेक्टर कार्यालय में पल्स पोलियो अभियान के पोस्टर का विमोचन भी किया गया। सीएमएचओ डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि भोपाल जिले में अभियान के तहत जन्म से पांच साल तक की उम्र के तीन लाख से अधिक बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। कोई भी बच्चा पोलियो की दवा सेवन से न छूटने पाए, इसके लिए डब्ल्यूएचओ, स्वतंत्र एजेंसियों एवं जिला पंचायत के माध्यम से सघन मानिटरिंग की जाएगी।




*जागरुकता के लिए कलेक्टर कार्यालय में आसमान में लहराया बैलून*

### पोलियो सुरक्षा चक्र बनाए रखने आज से 25 जून तक प्रदेशव्यापी अभियान

## आज उप मुख्यमंत्री शुक्ल करेंगे प्रदेशव्यापी अभियान का शुभारंभ 27 हजार 371 बूथ में बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिदगी की

**भोपाल।** प्रदेश में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 23 से 25 जून तक आयोजित किया जा रहा है। प्रदेशव्यापी अभियान का शुभारंभ रविवार सुबह नौ बजे जेपी अस्पताल में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर राज्यमंत्री लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा नरेंद्र शिवाजी पटेल शामिल रहेंगे। पोलियो सुरक्षा चक्र बनाए रखने के लिए 23 से 25 जून तक प्रदेशव्यापी अभियान चलाया जा रहा है। तीन दिवसीय अभियान में 27 हजार 371 पोलियो बूथ में शून्य से पांच वर्ष के बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाई जाएगी। इसके साथ ही एक हजार 237 ट्रांजिट टीम विशेष क्षेत्रों में पोलियो ड्राप अभियान के लिए गठित की गई हैं। हाई रिस्क एरिया के लिए छह हजार 130 और माइग्रेटरी क्षेत्र के लिए 455 मोबाइल टीम का गठन किया गया है। अभियान के द्वितीय और तृतीय दिवस टीम घर-घर जाकर छूट गए बच्चों को पोलियो ड्राप पिलाने का कार्य करेंगी। प्रदेश में अभियान के लिए एक करोड़ 45 लाख पोलियो डोज की व्यवस्था की गई है।



### चलती ट्रेन में बच्चों को दवा पिलाने टीमें तैनात

**भोपाल।** रेल कर्मचारियों के बच्चों और यात्रियों के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की व्यवस्था की गई है। मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि बीना की ओर जाने वाली झेलम एक्सप्रेस, पंजाब मेल, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस, राजकोट एक्सप्रेस और इटारसी की ओर जाने वाली कर्नाटक एक्सप्रेस, कामायनी एक्सप्रेस में मोबाइल टीमों द्वारा दवा पिलाई जाएगी। वहीं उज्जैन की ओर जाने वाली मालवा एक्सप्रेस में भी एक मोबाइल टीम तैनात की गई है।

### आधी-अधूरी तैयारी से होगी परेशानी, नालों से नहीं हटा अतिक्रमण

# नगर निगम ने नहीं किया नालों की सफाई का काम पूरा, बारिश होने पर होगा जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में मौसम विभाग ने 24 जून तक मानसून आने की उम्मीद जताई है, ऐसे में तेज बारिश होने पर शहर के लोगों को नालों के उफान पर आने से दिक्कत हो सकती है। शहर के संजय नगर, पातरा, पंचशील, साकेत नगर, स्लाटर हाउस, नया बसेरा समेत एक दर्जन नाले ऐसे हैं, जो तेज बारिश होने से उफान पर आ जाते हैं।

ऐसे में किनारे के इलाकों में पानी भर जाता है। छान, बागमुगालिया, जाटखेड़ी, छोला, भानपुर, रासलाखेड़ी, शिवनगर, निशातपुरा, नेवरी, पंचशील नगर इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। बावजूद इसके अब तक इन नालों की सफाई नहीं की गई है। शहर के नालों की सफाई पर फोकस किया जाना था, लेकिन अब तक नालों की सफाई का काम पूरा नहीं किया गया है। दो साल पहले 2022 में भी इन जगहों पर बाढ़ के हालात बने थे। बावजूद इसके निगम के अफसरों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। ऐसे में तेज बारिश होने के बाद नालों की सफाई नहीं हो सकगी।



रवीन्द्र भवन के पास स्थित नाला।



जहांगीराबाद स्थित नाला।

### सफाई मित्रों को सौंपा नालों की सफाई का काम



निगम कमिश्नर हरेन्द्र नारायन ने शनिवार को स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के अफसरों की बैठक रखी, जिसमें बताया गया कि जलभराव वाली जगहों पर निगरानी रखें। नालों की सफाई का काम सफाई मित्रों से कराया जा रहा है। उन्हें पीपीपी किट दी जानी चाहिए। कमिश्नर ने कहा कि अगर कहीं पानी भरता है तो तत्काल पानी की निकासी का इंतजाम किया जाए।

### अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल का विशाल हिंदू महासम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हिंदुओं में जन जागृति के उद्देश्य से अखिल भारतीय हिंदू सेवा दल की ओर से रविवार को गुफा मंदिर दोपहर 12 बजे से एक विशाल सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी की तैयारियों को लेकर शनिवार को दल की बैठक हुई।

इस मौके पर दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने कहा कि इस सम्मेलन में मुख्य रूप से आने वाले दस सालों में हिंदुओं में जन जागृति लाने को लेकर चर्चा की जाएगी। प्रकृति अपने स्वभाव में परिवर्तन कितना भी कर ले, लेकिन अपने मूल स्वभाव को कभी परिवर्तित नहीं करती। इसी तरह से सनातनी अपने मूल स्वभाव को कभी नहीं बदल सकते। हमारी संस्कृति का जो विलोपन हो रहा है उसे पुनः स्थापित करना है। अपनी नैतिक शिक्षा को लाना होगा। गीता, पुराण का समावेश करना होगा। प्रत्येक तहसीलों में देव वाणी, विद्यालय खोले जाने चाहिए।

### 47 बड़े बकायादारों से तहसीलदार करेंगे वसूली

## 343 खाद्य कारोबारियों के फूड लाइसेंस जुर्माना न भरने पर किए जाएंगे सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खाद्य पदार्थों में मिलावट को लेकर एडीएम कोर्ट के जुर्माने के बाद राशि जमा नहीं करने वाले 343 खाद्य कारोबारियों के फूड लाइसेंस सस्पेंड किए जाएंगे। जिसके लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। राशि जमा नहीं करने वाले कारोबारियों से तहसीलदार के यहां आरआरसी के तहत केस दर्ज कर वसूली की जाएगी। राजधानी में पिछले दो सालों में 343 कारोबारियों पर खाद्य पदार्थों में मिलावट और कमियों को लेकर एडीएम कोर्ट ने जुर्माना लगाया है। र्माना लगने के बाद भी इन कारोबारियों ने रकम जमा नहीं कराई है।

#### वसूली के लिए एक्शन

दरअसल खाद्य विभाग सेंपलिंग करने के बाद लेबोरेटरी की रिपोर्ट के आधार पर एडीएम कोर्ट में केस पेश करता है। जिसकी सुनवाई होने के बाद एडीएम कोर्ट जुर्माना तय करता है। कोर्ट भी जुर्माना लगाकर छोड़ देता था। जिसकी वजह से कारोबारी कोर्ट में अपील कर देता है। ऐसे में जुर्माना जमा नहीं किया जाता है।




### आम्रपाली बुद्ध विहार बाणगंगा में ज्येष्ठ पूर्णिमा पर हुआ परित्राण पाठ

## 'पूर्णिमा' रखने से शरीर के विकार दूर होते हैं : भदंत बानागल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर के बाणगंगा स्थित आम्रपाली बुद्ध विहार में ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर महापरित्राण पाठ का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में मुख्य रूप से श्रीलंका महाबोधि सोसाइटी सांची सेंटर के भदंत बानागल यू. तपस्सी महाथेरो, भदन्त श्रीरतन थेरो ने महापरित्राण पाठ किया। उनकी उपस्थिति में उपासकों को धम्म देशना दी गई। भदंत तपस्सी ने कहा कि वर्ष में प्रति माह एक पूर्णिमा तो आती है। हमें इन पूर्णिमा को रखकर आत्मसात करना चाहिए। इससे शरीर के विकार दूर हो जाते हैं। हम निरोगी और स्वस्थ्य बने रहेंगे। साथ ही साथ मन सदैव प्रसन्न रहता है। हमारे मन में दूसरे के प्रति उत्पन्न होने वाली नकारात्मक सोच से राहत मिलती है, बल्कि मन में दूसरे के प्रति करुणा और सकारात्मक सोच का निर्माण होता है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया आयोजन

## नन्हें स्कूली बच्चों ने विभिन्न आसनों और ध्यान के साथ किया योगाभ्यास



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

योग दिवस पर महर्षि विद्या मंदिर अयोध्या नगर में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसका का उद्घाटन विशेष अतिथि, नवनीत नेमा, शाखा प्रबंधक, एचडीएफसी बैंक अयोध्या नगर ने किया।

#### बच्चों को बताए गए योग के लाभ

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने बच्चों को योग और ध्यान के लाभ बताएं। इस अवसर पर छात्रों को योग का महत्व समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने विभिन्न योग आसनों का अभ्यास किया, गीत गाए, और योग पर विचार व्यक्त किए गए। स्कूल की प्रिंसिपल, आशु सक्सेना ने छात्र जीवन में योग के लाभों को बताते हुए कहा कि ध्यान किस प्रकार हमें शांति का अनुभव कराने में मदद कर सकता है।




### दर्शन करने से पुनर्जन्म के चक्करों से मनुष्य को मिलता है छुटकारा

# श्रीजगन्नाथ की ज्वर लीला शुरू, 14 दिन तक रहेंगे बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्रीकृष्ण मंदिर-यादव सभा और इस्कान भोपाल बीवायसी बरखेड़ा भोपाल में स्नान पूर्णिमा के अवसर पर शनिवार को भगवान जगन्नाथ, बलदेव, सुभद्रा को स्नान कराया। इससे पहले भक्तों ने भगवान को 56 भोग लगाए। ये भोग भक्त अपने घर से बनाकर लाए थे। ये अवसर होता है जब सभी आम और खास को भगवान का अभिषेक करने का अवसर दिया जाता है। इसी का लाभ लेकर कई भक्तों ने भगवान का अभिषेक किया। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि ऐसी मान्यता है कि जो भगवान जगन्नाथ का दर्शन करता है या अभिषेक करता है उसे पुनर्जन्म नहीं लेना पड़ा। इसी मान्यता के साथ कई लोगों ने आगे आकर भगवान का अभिषेक किया गया है। इससे पहले भगवान का विभिन्न द्रव्यों पुजारियों ने अभिषेक किया।



#### रथयात्रा 7 जुलाई को होगी आरंभ

इस्कान भोपाल बीवायसी (भेल) 7 जुलाई को जगन्नाथ बलदेव सुभद्रा महारानी की रथयात्रा निकालेगा। इस्कॉन भोपाल बीवायसी के अध्यक्ष रसानंद दास ने बताया कि रथयात्रा रानी कमलापति रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक एक के सामने से शुरू होगी। रथयात्रा का आकर्षण रूस और यूक्रेन के भक्त होंगे। रथयात्रा 7 जुलाई को दोपहर एक बजे आरंभ होगी।

#### अब 14 दिन बाद भक्त कर सकेंगे दर्शन

अब 15 वें दिन भगवान जगन्नाथ के दर्शन होंगे। 14 दिन तक भगवान क्वारेंटीन रहेंगे। इस दौरान भगवान को औषधीय काढ़े एवं अन्य औषधीय व्यंजन परोसे जाएंगे ताकि उनका बुखार ठीक हो जाए। भक्तगण रोज भगवान के लिए विभिन्न औषधीय काढ़े और भोग बनाएंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादक: प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930